खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C
मुरादाबाद, मंगलवार 30 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 46 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवाचार और आय सृजन ही बनाएंगे नगर निकाय आत्मनिर्भर: योगी पेज 2



कुलदीप यादव बने एशिया कप के टॉप विकेट टेकर, अभिषेक शर्मा के सबसे तेज 50 छक्के खेल टाइम्स



नवरात्रि: जहां नारी का सम्मान, वहीं समाज का उत्थान सम्पादकीय



पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, आर्मी के काफिले पर पथराव पेज 12

# सुखद: चीन ने भारतीय दवा उत्पादों से 30% शुल्क हटाया

**बीजिंग, वार्ता**



■ **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 100 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद चीन ने लिया महत्वपूर्ण फैसला**

**चीन ने भारत के** दवा उत्पादों पर 30 फीसदी आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया है। चीन ने यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से फार्मा आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के ठीक बाद उठाया है।

इस फैसले के बाद भारत की दवा बनाने वाली कंपनियां बिना किसी सीमा शुल्क के चीन को दवाएं निर्यात कर सकेंगी। ट्रम्प के टैरिफ से अमेरिकी बाजार में लागत बढ़ने के बीच चीन का यह फैसला भारतीय कंपनियों को सस्ती दवाओं की मजबूत मांग वाले वैकल्पिक बाजार के तौर पर उभर सकता है। इससे आने वाले समय में भारतीय दवा निर्यात में अरबों डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। दो दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फार्मा उत्पादों सहित कई चीजों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया था। इनमें फार्मा उत्पादों पर 100 फीसदी का शुल्क प्रमुख था। यह बढ़ा हुआ शुल्क एक अक्टूबर से प्रभावी होगा, जिसके बाद दवाइयों से लेकर भारी ट्रकों तक आयातित सामान महंगे हो जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जिन उत्पादों पर टैरिफ की घोषणा की थी उनमें, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी, गद्देदार फर्नीचर और भारी ट्रक शामिल थे। उन्होंने कहा था कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जाएगा। ट्रम्प के दवाओं के आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले का भारत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खासकर देश के दवा निर्माण उद्योग पर। बीते वित्त वर्ष में भारतीय उद्योगों की तरफ से दुनिया को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये (27.9 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हुआ था। इसमें अमेरिका को ही करीब 77 हजार करोड़ रुपये (8.7 अरब डॉलर) की दवाएं निर्यात हुई थीं। भारत के दवा निर्माताओं के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा है। 2025 के पहले छह महीनों में ही अमेरिका को कुल 32 हजार 505 करोड़ रुपये (3.7 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हो चुका है। ऐसे में 100 फीसदी टैरिफ लगने से अमेरिका में भारत की सस्ती दवाएं भी महंगी दरों पर बिकेंगी।

## मानसून उत्तर भारत के 8 राज्यों से विदा

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर भारत के राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड से विदा हो चुका है। यह अब गुजरात, मध्य प्रदेश और यूपी में आकर रुक गया है। इन तीनों राज्यों में साउथ-वेस्ट मानसून एक्टिव होने की वजह से मानसून की वापसी कुछ इलाकों से टल गई है। मौसम विभाग के अनुसार, यह लाइन वेरावल और भरूच (गुजरात), उज्जैन (मप्र), झांसी और शाहजहांपुर (उप्र) से होकर गुजर रही है।

## कनाडा ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इसे लेकर कनाडा की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में लिखा गया है कि कनाडा में हिंसा और आतंक के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है, खासकर उन कृत्यों के लिए जो किसी खास समुदाय को निशाना बनाकर भय और धमकी का माहौल बनाते हैं। इसीलिए, जन सुरक्षा मंत्री, गैरी आनंदसांगरी ने घोषणा की कि कनाडा सरकार ने बिश्नोई गिरोह को आपराधिक संहिता के तहत एक आतंकी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है। जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने कहा कि कनाडा में हर व्यक्ति को अपने घर और समुदाय में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। बिश्नोई गैंग ने कुछ समुदायों को डर और हिंसा के माध्यम से निशाना बनाया है।

## 'एक्स' कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगा

**बेंगलुरु।** एलन मस्क की कंपनी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया आदेश पर गहरी चिंता जताई है। एक पोस्ट में एक्स ने लिखा है कि इस आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों को सीक्रेट ऑनलाइन पोर्टल सहयोग के जरिये मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने के निर्देश जारी करने का अधिकार मिल गया है। कंपनी ने कहा कि इस नई व्यवस्था का कानून में कोई आधार नहीं है। न ही आईटी एक्ट की धारा 69ए के मुताबिक है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है और भारतीयों की अभिव्यक्ति की आजादी जैसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। मस्क की कंपनी ने साफ किया है कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अपील करेगी और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी।

## चैतन्यानंद ने 50 दिन में 15 होटल बदले, सस्ते ठिकाने चुने

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट का पूर्व हेड, 62 साल का स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी गिरफ्तारी से पहले लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पिछले 50 दिनों के दौरान उसने 15 होटल बदले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह पुलिस से बचने के लिए बिना सीसीटीवी कैमरों वाले सस्ते होटलों में ठहरता था। वह उत्तर प्रदेश के धार्मिक शहरों वृंदावन, मथुरा में भी छिपा रहा। चैतन्यानंद के करीबी उसके लिए होटल चुनते थे। शनिवार को वह आगरा के एक होटल में ठहरा था। रविवार सुबह 3:30 बजे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## करूर भगदड़, राज्य सरकार की कमेटी ने जांच शुरू की

**करूर (तमिलनाडु)।** करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटा. जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों का हाल जाना। वहीं, सीएम स्टालिन ने कहा कि कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# क्रिकेट में भी छाया ऑपरेशन सिंदूर

## ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी: मोदी, सूर्या का जवाब- पीएम फ्रंट फुट पर खेलते हैं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दुबई में एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा कर नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। भारत की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी विजेता टीम को अवॉर्ड देने पहुंचे, लेकिन भारतीय टीम ने उनसे अवॉर्ड लेने से इन्कार कर दिया। अवॉर्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवॉर्ड्स नहीं लेगी। इस बीच मंच पर मौजूद दुबई स्पोर्ट्स सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्रॉफी लेने की बात हुई, लेकिन नकवी मंच से हटने -**शेष पृष्ठ दो पर**

**पीसीबी चीफ नकवी से टीम इंडिया ने नहीं ली ट्रॉफी**





**पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी भारतीय टीम की ट्रॉफी व मेडल्स अपने साथ ले गए**

**भारत ने ट्रॉफी के बिना ही जश्न मनाया, ICC से मोहसिन नकवी की शिकायत करेगा BCCI**

**पाक कप्तान आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का लगाया आरोप**



### क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एशिया कप में भारत की जीत पर पीएम मोदी की ओर से किए ट्वीट पर तंज कसा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। पीएम मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री जी, पहली बात तो एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। दूसरी बात, अगर आपने तुलना कर ही दी, तो आपको भारतीय टीम से यह सीखने की जरूरत है कि जब जीत के करीब हों, तो किसी थर्ड अंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने पटलवार किया है। वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को तीन बार हराकर हैट्रिक बनाई और सभी मैच जीते। राहुल और प्रियंका गांधी ने अब तक हमारी विजेता टीम को एक भी बधाई संदेश नहीं दिया है।

### भारत के खिलाफ पाकिस्तान का 6-0 स्कोर : पाक रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पीएम मोदी पर अपनी राजनीति बचाने के लिए बातचीत का रास्ता खत्म करने का आरोप लगाया है।मोदी क्रिकेट की संस्कृति और खेल भावना को नष्ट करके, शांति और समस्याओं के समाधान की संभावनाओं को खत्म कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर एशिया कप में भारत की जीत को खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर बताया। इसके जवाब में आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान-भारत के बीच 6-0 का युद्ध स्कोर हमेशा के लिए दर्ज हो चुका है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 26 सितम्बर को यूएन में दिए भाषण में भारत को दुश्मन बताता था। साथ ही उन्होंने दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी। पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान गिराए थे।

# राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी पर भड़की कांग्रेस

## गृह मंत्री शाह को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **केरल भाजपा प्रवक्ता ने टीवी पर कहा था: सीने में गोली मारी जाएगी**
■ **द. अमेरिकी देशों की यात्रा पर हैं राहुल**
■ **पिछले दिनों CRPF ने जताई थी राहुल गांधी की सुरक्षा पर चिंता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी, जिसमें पूर्व एबीवीपी नेता की टीवी पर बहस के दौरान राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने का जिक्र है।

लेटर में कहा गया कि भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा। वेणुगोपाल ने अमित शाह को लिखा कि यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है। यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है। जो विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है। अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं। दरअसल, केरल में एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा पर लाइव बहस चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व एबीवीपी नेता प्रिंटू महादेव ने कहा था कि राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी। इसी बयान पर केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि वे राहुल गांधी को खत्म करना चाहते हैं। भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी। वे किसी के सामने झुकते नहीं, क्योंकि वह सांप्रदायिकता और फासीवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। वेणुगोपाल की चिट्ठी में आरोप लगाया गया है कि आप खुलेआम आपराधिक धमकी, जान से मारने की धमकियों और हिंसा की राजनीति का समर्थन करते हैं, जो भारत के सार्वजनिक जीवन में जहर घोल रही है? एक नेता, जिसने अपने परिवार के दो सदस्यों को हत्याओं में खो दिया, उसकी सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण करके यह सरकार आग से खेल रही है।

# 39 करोड़ बीमे के लिए पिता का कत्ल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **युवक ने मां की भी हत्या की, पत्नी की मौत के बाद भी इंश्योरेंस के 80 लाख रुपये लिए**

**हापुड़।** हापुड़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने दोस्त के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर दी, फिर उनकी मौत को सड़क हादसा दिखाया।

2017 में उसने मां की हत्या की और उनके नाम पर एक कंपनी से 22 लाख रुपये बीमा क्लेम वसूला। एक साल पहले उसने पिता की हत्या की और बीमा कंपनियों से 39 करोड़ रुपये का क्लेम किया। एक कंपनी ने उसे डेढ़ करोड़ रुपये -**शेष पृष्ठ दो पर**

# महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में बवाल

■ **रंगोली से सड़क पर आई लव मुहम्मद लिखने के बाद तनाव, पथराव, पुलिस ने किया लाठीचार्ज**

**अहिल्यानगर।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सोमवार को सड़क पर रंगोली से आई लव मुहम्मद लिखने को लेकर बवाल हो गया। मुस्लिम समुदाय ने प्रदर्शन करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया।

पुलिस जाम खुलवाने पहुंची, तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को सड़क से हटाया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने रंगोली बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। अहिल्यानगर के पास कोटला गांव में सोमवार सुबह सड़क पर रंगोली से आई लव मुहम्मद लिख दिया गया। इस सड़क पर हिंदूवादी संगठन 'हिंदुस्तान शिव प्रतिष्ठान' ने दुर्गा माता दौड़ का आयोजन रखा था। सुबह करीब 7 बजे जानकारी मिलते ही शहर के मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया।

# लेह हिंसा से लद्दाख में टूरिस्ट रद्द कर रहे बुकिंग

**लेह, वार्ता**

■ **कमरों में कैद हुए घूमने आए लोग, हिंसा के बाद लगा था पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू** ■ **इंटरनेट बंद होने से नहीं हो रही बुकिंग**




**लेह में** 24 सितम्बर को हुई हिंसा के बाद से लद्दाख में टूरिस्ट बुकिंग्स रद्द कर रहे हैं। लेह में लगे कर्फ्यू की वजह से टूरिस्ट बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

होटल संचालकों का कहना है कि वे टूरिज्म पर ही निर्भर हैं। कर्फ्यू उनकी कमाई पूरी तरह से छीन लेता है। दरअसल, लेह एपेक्स बॉडी के एक हिस्से ने 24 सितम्बर को बंद बुलाया था। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों की पुलिस से झड़प हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों और इमारतों में आग लगा दी। सुरक्षाबलों की कार्रवाई में गोली लगने से 4 की मौत हुई और 90 लोग घायल हो गए। इसके बाद जिले में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। प्रशासन ने इस प्रदर्शन का चेहरा रहे सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें जोधपुर जेल में रखा गया है। पूरे क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। इससे बुकिंग रद्द हो रही हैं और पर्यटकों व स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। एक होटल मैनेजर नसीब सिंह ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि पिछले एक हफ्ते से एडवांस बुकिंग रद्द हो रही हैं। शहर बंद होने से सामान की कमी हो गई है। कर्फ्यू के बाद बाजार बंद हैं, जिससे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### निर्भय गुर्जर गैंग का 50 हजार का इनामी बबलू गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने 23 साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपये का इनामी बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र कुमार गिरफ्तार कर लिया। वह निर्भय गुर्जर गैंग का सदस्य था, उसके खिलाफ पिढौरा थाने में 2002 में मुकदमा दर्ज हुआ था। कुख्यात बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र कुमार लोगों का अपहरण करता है। इसके बाद अपहरण किए गए व्यक्ति को दस्यु निर्भर गुर्जर गैंग के पास भेज देता था। आरोपी अब आगरा के दूध व्यापारी के अपहरण के लिए रैकी करने पहुंचा था, इसी दौरान डौकी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पिढौरा थानाक्षेत्र में 18 वर्षीय हरिओम उर्फ कल्ला का 2002 में अपहरण किया गया था। अपहरण के बाद हरिओम को निर्भय गुर्जर गैंग के पास ले जाया गया था। अपहरणकर्ताओं ने हरिओम के पिता से 11.11 लाख रुपये मांगे थे। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने चार आरा. पी दबोच कर फिरौती की रकम बरामद कर ली थी।

### तौकीर रजा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया था: रिपोर्ट

**बरेली।** यूपी के बरेली में हिंसा फैलाने के मामले के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा की एफआईआर की कॉपी सामने आई है। एफआईआर में बताया गया है कि तौकीर रजा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया है। उसने उकसाते हुए कहा कि शहर का माहौल बिगाड़ना है, चाहे इसके लिए पुलिसवालों की हत्या भी करनी पड़े और मुस्लिमों की ताकत दिखानी है। बरेली में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के मामले में दर्ज एफआईआर में मौलाना तौकीर रजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### नगर निगम, नपा और नगर पंचायतों के अध्यक्षों से बोले सीएम योगी

# नवाचार व आय सृजन बनाएंगे आत्मनिर्भर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अपने-अपने नगर में बदलाव व विकास की कहानियां साझा की

**लखनऊ।** विकसित यूपी/2047 संवाद कार्यक्रम का माहौल उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहा। नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने-अपने नगर में हुए बदलाव और विकास की कहानियां साझा कीं।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से न केवल उनके प्रयासों को सुना बल्कि उनसे यह भी पूछा कि उन्होंने अपने नगरों में कौन से नवाचार अपनाए हैं और आय सश्जन के लिए क्या नए माध्यम खोजे हैं। उन्होंने कहा कि यही प्रयास भविष्य के आत्मनिर्भर और आधुनिक उत्तर प्रदेश की नींव बनेंगे। अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कर-करेत्तर आय में अभूतपूर्व वृद्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक नगर में आते हैं और निगम उन्हें स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना की चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि अयोध्या नगर निगम महापौरों का सम्मेलन आयोजित करे, ताकि यहां का विकास मॉडल अन्य निकायों को भी मार्गदर्शन दे। इसी क्रम में फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर ने बताया कि नगर निगम की आय 18 करोड़ से बढ़कर 40 करोड़ वार्षिक हो गई है और निगम द्वारा बनाया जा रहा मॉल स्थायी आय बढ़ाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने इसे सराहनीय प्रयास बताते हुए पूरी कार्यकारिणी को बधाई दी और इसे 100 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। गाजियाबाद के मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने स्थानीय आय वृद्धि और खाली भूमि के सदुपयोग पर सुझाव रखते हुए मार्गदर्शन मांगा। वहीं, मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि नगर पालिका की आय 5.89 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हो गई है और यहां डिजिटल सेवाओं के साथ नागरिकों को मुफ्त वाई-फाई भी उपलब्ध कराया गया है।

### बुजुर्ग के कैंसर पीड़ित बेटे के इलाज की योगी ने की व्यवस्था

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग महिला के कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाया और बेहतर इलाज का निर्देश दिया। योगी ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया।

इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। इसी बीच कानपुर के रायपुरवा की 63-64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री से कहा कि महाराज, हमारे जवान बेटे को कैंसर हो गया है। हम गरीब हैं, इलाज नहीं करा पा रहे। हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। मेरे बेटे को जिंदगी दे दीजिए। इलाज के लिए कुछ आर्थिक सहायता मिल जाए। बुजुर्ग महिला की यह बात सुन मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल उस बच्चे को कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियलिटी इंस्टीट्यूट भिजवाने और उपचार प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'जनता दर्शन' से सीधे उसे अस्पताल भेज दिया गया। वहां उसकी जांच प्रारंभ हो गई। मुख्यमंत्री ने हर पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सरकार हर सेवा, नारायण सेवा को अंगीकृत कर कार्य कर रही है। सभी प्रदेशवासियों के चेहरे पर खुशी लाना सरकार का उद्देश्य है। इसे लेकर ही सरकार नियमित रूप से कार्य कर रही है। इलाज के लिए किसी भी पीड़ित ने स्वयं, जनप्रतिनिधि या किसी भी माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई है।

# बगैर अनुमति के जुलूस-शक्ति प्रदर्शन पर कार्रवाई तय

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बरेली हिंसा के बाद मंत्री असीम की चेतावनी

**लखनऊ।** बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बरेली में हुई हिंसा को लेकर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा है कि धार्मिक अभिव्यक्ति को लेकर कोई परेशानी नहीं है, लेकिन बगैर अनुमति के सड़क पर जुलूस निकाल कर शक्ति प्रदर्शन हुआ तो फिर सरकार गम्भीरता के साथ निपटेगी।

अरुण ने कहा कि आई लव मोहम्मद हो या कोई भी धार्मिक अभिव्यक्ति इसको लेकर कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन बगैर मजिस्ट्रेट की अनुमति के जुलूस निकालना, नई परंपरा शुरू करने पर सरकार कड़े कदम उठाएगी। हर शुक्रवार धार्मिक अभिव्यक्ति का मतलब हम सड़कों पर जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन करे, ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक शोभायात्रा या जुलूस यदि गलत दिशा में समाज को लेकर जा रहा है, तो निश्चित तौर पर सरकार कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटेगी। गौरतलब है कि बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। कड़ी कार्रवाई करते हुए 24 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय धर्मगुरु और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर कई प्रदर्शनकारी 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए थे।

# चरमपंथी लोगों से मिल रही राहुल गांधी को धमकी:कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा है कि चरमपंथी विच. ारधारा कमजोर पड़ रही है, इसलिए इस सोच के लोग अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को धमकी दे रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक वीडियो संद. ेश में कहा कि जब भी आरएसएस देश की सशक्त विचारधारा को हराने में विफल होती है तो उसके कार्यकर्ता शारीरिक लहसा का सहारा लेना शुरू करते हैं। इसी विच. ारधारा का एक चरमपंथी नाथूराम गोडसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर देता है। अब, जब भाजपा वैचारिक लड़ाई हार रही है, तो उसके प्रवक्ता और नेता राहुल गांधी को मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी देश के लाखों विचारधारा के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और साजिश के तहत उन लाखों गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और कमज़ोर वर्गों की आवाज़ दबाने की कोशिश चल रही है। देश के लाखों लोगों की आवाज को दबाने की साजिश हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी भारत ने इस विच. ारधारा को हराया है, तो आरएसएस हिंसा पर उतर आता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा अन्य सुरक्षा बलों ने कई बार गांधी की सुरक्षा को लेकर पत्र लिखा है, लेकिन भाजपा प्रवक्ता खुले आम उन्हें मारने की धमकी दे रहे हैं।

### राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी के पीछे भाजपा: वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज।** फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने खुलेआम टीवी डिबेट में राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी को भाजपा के खतरनाक इरादे का संकेत बताया है। उन्होंने कहा अपनी मां की कथित गाली पर रुदन करने वाले पीएम मोदी ने क्या अपनी पार्टी के प्रवक्ता की राहुल गांधी के छाती में गोली मारने की धमकी को नहीं सुना?

विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा दर असल यह केवल भाजपा प्रवक्ता की धमकी नहीं है, उसने वही कहा जो उसके स्वामी को पसंद है। उन्होंने कहा कि हैरत है कि अभी तक भाजपा ने अपने प्रवक्ता के शैतानी धमकी का संज्ञान तक नहीं लिया। उन्होंने कहा प्रतिउत्तर में कांग्रेस धमकी का जवाब धमकी से देना जरूरी नहीं समझती, लेकिन भाजपा यह समझ ले कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसे गुंडे मवालियों का जवाब उसी की भाषा में देने आता है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को ऐसी धमकी केवल केरल के ही भाजपा प्रवक्ता ने नहीं दिया। टीवी डिबेट में भाजपा के लगभग सभी प्रवक्ताओं की जुबान ऐसी ही भाषा बोलती है। उन्होंने कहा कि देश और जनता भाजपा के नेताओं की भाषा ध्यान से सुन रही है।

# मजबूत राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें: मुर्मू

## राष्ट्रपति ने अधिकारियों से किया आह्वान

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिकारियों से कहा है कि वे लगन और निज़्ठा के साथ कार्य कर समदृष्टता, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी ईमानदार प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत विश्व के समक्ष शक्ति और प्रगति के आदर्श के रूप में स्थापित हो। भारतीय सांख्यिकी सेवा, भारतीय कौशल विकास सेवा और केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भेंट की।राष्ट्रपति ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ठोस नीति निर्माण और कार्यान्वयन सटीक सांख्यिकीय विश्लेषण पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों पर आधारित दुनिया में सांख्यिकी की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। उन्होंने आधिकारिक आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण में सांख्यिकी अधिकारियों के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके कार्य में विशेज्ञता का अधिक महत्व है, जिसका उपयोग दश की बढ़ती आंकड़ों और सूचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में किया जाता है। राष्ट्रपति ने भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीए) के अधिकारियों से कहा कि कौशल और ज्ञान किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास तथा सामाजिक प्रगति के सच्चे इंजन हैं। यह आवश्यक है कि हमारे युवा उन्नत तकनीकी कौशल को अपनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अधिकारी विशिष्ट कौशल प्रशासकों के रूप में सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



**सेंसेक्स** 81715.63
**निफ्टी** 25056.90



**सोना रु.** 114547
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 143140
प्रति किलो



# लाल निशान पर बंद हुए प्रमुख सूचकांक

## शुरुआती बढ़त के साथ सेंसेक्स और निफ्टी में आई गिरावट

मुंबई, वार्ता



निजी बैंकिंग कंपनियों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक शुरुआती बढ़त के बाद अंत में गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 61.52 अंक (0.08 प्रतिशत) टूटकर 80,364.94 अंक पर बंद हुआ। एक समय सेंसेक्स 425 अंक चढ़कर 80,851 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में निजी बैंकों में बिकवाली के कारण लाल निशान में उतर गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 19.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत नीचे 24,634.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों का 02 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार सातवें कारोबारी सत्र में टूटे हैं। एनएसई में ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में तेजी रही। निफ्टी 100 सूचकांक में 0.11 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक भी 0.29 प्रतिशत चढ़ा।

हालांकि छोटी कंपनियों में बिकवाली से स्मॉलकैप-100 में 0.07 फीसदी की गिरावट रही। निजी बैंकों, फार्मा, ऑटो, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में बिकवाली की जोर रहा। वहीं सार्वजनिक बैंकों, धातु, रियलिटी और तेल एवं गैस समूहों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयरों लाल निशान में और अन्य 15 के हरे निशान में रहे। एक्सिस बैंक का शेयर 1.91 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.65, एलएंडटी का 1.17 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.01 प्रतिशत की गिरावट में रहा। भारती एयरटेल, इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनी. लिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और टाटा मोटर्स के शेयर भी टूटे। टाइटन में सबसे अधिक 2.30 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.58 प्रतिशत, इटरनल का 1. 18, ट्रेंट का 1.08, बीईएल का 1.05 और एनटीपीसी का 1.02 प्रतिशत मजबूत हुआ। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी तेजी रही। एशियाई शेयर बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग 1.89 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0. 90 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### नवरात्र के सातवें दिन सोने में आया जमकर उछाल

**नई दिल्ली।** कमोडिटी मार्केट खुलते ही सोना और चांदी ने अपनी रफ्तार पकड़ ली। सुबह 9.17 बजे ही चांदी में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। 1 किलो चांदी में 1845 रुपये की बढ़ोतरी नजर आ रही है। वहीं सोने में सुबह 9.18 बजे 835 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। सुबह 9.27 बजे 10 ग्राम सोने का भाव 114547 रुपये चल रहा है। इसमें 759 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 143140 रुपये चल रही है। चांदी में इस समय 1251 रुपये प्रति किलो की तेजी देखने को मिल रही है। देश के महानगरों पटना में 10 ग्राम सोने का भाव 115,170 रहा, जबकि जयपुर में 115,210 , लखनऊ में 115,260, भोपाल में 115,350 और चंडीगढ़ में 115,220 रुपये रहा। पटना में आज सोने की कीमत सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने का दाम 115,170 रुपये दर्ज किया गया है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर में सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 115,260 रुपये दर्ज किया गया है। अगर चांदी की बात करें तो पटना में चांदी भी सबसे सस्ती मिल रही है। यहां 1 किलो चांदी की कीमत 142,780 रुपये दर्ज की गई है।

# आत्मनिर्भरता और सतत जीवनशैली का प्रतीक बनकर उभरी खादी

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में खादी न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर सामने आई, बल्कि फैशन की दुनिया में अपनी आधुनिक पहचान भी दर्ज कराई। शानदार फैशन शो में मॉडल्स ने खादी के परिधानों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें परंपरागत शिल्प कौशल और आधुनिक डिज़ाइन का अनोखा संगम देखने को मिला। इसने यह संदेश दिया कि खादी 'ट्रेडिशन टू ट्रेंड' की यात्रा तय कर चुकी है और अब वैश्विक फैशन का हिस्सा बन रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील कर रहे हैं। खादी भी स्वदेशी परिधानों का महत्वपूर्ण अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश ने खादी और हैंडलूम को नई पहचान दी है। योगी सरकार खादी को सिर्फ परिधान तक सीमित नहीं मानती, बल्कि इसे आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का मजबूत आधार मानती है। योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने हजारों बुनकरों और कारीगरों को सीधा लाभ पहुंचाया है। सरकार का लक्ष्य है कि खादी को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ब्रांड बनाकर उत्तर प्रदेश को 'हैंडलूम हब' के रूप में स्थापित किया जाए। राज्य में खादी उत्पादों की खपत लगातार बढ़ रही है। युवाओं में टिकाऊ फैशन को लेकर बढ़ती जागरूकता ने खादी को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बना दिया है।

यही वजह है कि आज खादी को 'फैब्रिक ऑफ फ्यूचर' कहा जाने लगा है। यूपीआईटीएस 2025 में खादी की प्रस्तुति ने यह स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश न केवल परंपरा को संजो रहा है, बल्कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप उसे वैश्विक मंच पर भी स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सरकार का प्रयास है कि खादी को सिर्फ एक कपड़े के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, कारीगरी और सतत विकास के प्रतीक के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाए। सरकार का प्रयास इसी दिशा में है। उत्तर प्रदेश ने खादी को वैश्विक फैशन जगत में उतारकर दुनिया को यह दिखाया है कि स्थानीय शिल्प और आत्मनिर्भरता से भी अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**क्रिकेट में....** को तैयार नहीं हुए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतरे। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री हैं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। भारत ने ऐसा 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में किया। टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। भारतीय टीम को जब ट्रॉफी नहीं दी गई, तो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साथी खिलाड़ियों के सामने खाली हाथ ही ऐसा जेस्चर बनाया मानो वे ट्रॉफी लेकर आ रहे हों। बाकी खिलाड़ियों ने भी इसे ही असली ट्रॉफी मानकर सेलिब्रेट किया। भारतीय खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी के ही एशिया कप में जीत का जश्न मनाया। नकवी जैसे ही प्रेजेंटेशन स्टेज पर आए स्टैंड में बैठे भारतीय प्रशंसकों ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए। इधर भारतीय टीम अवॉर्ड लेने नहीं गई, तो करीब एक घंटे तक स्टेज पर कन्फ्यूजन बना रहा। प्रेजेंटेशन सेरेमनी के दौरान, जब नकवी ट्रॉफी देने के लिए अड़े रहे, तब भारतीय खिलाड़ी ग्राउंड में मौज मस्ती करते नजर आए। पाकिस्तान टीम सेरेमनी के दौरान एक तरफ खड़ी रही। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से ट्रॉफी के बारे में सवाल पूछा गया। सूर्या ने कहा कि जब मैं क्रिकेट खेल रहा हूं, तब से पहली बार देखा कि चैंपियन टीम को ट्रॉफी नहीं दी गई। भारतीय ड्रेसिंग रूम में अपने सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ होना ही मेरे लिए ट्रॉफी है। मैच के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का आरोप लगाया। आगा ने कहा कि हमसे हाथ न मिलाकर वे हमारा अपमान नहीं कर रहे, वे क्रिकेट का अपमान कर रहे हैं। उनका व्यवहार बहुत ही गलत था। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि हमने फैसला किया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्रॉफी नहीं लेगी। इसका मतलब ये नहीं कि नकवी भारत की ट्रॉफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। नवम्बर में आईसीसी की कॉन्फ्रेंस है। हम वहां नकवी की हरकत पर कड़ी आपत्ति जताएंगे। उम्मीद है कि हमारी ट्रॉफी हमें जल्द मिल जाएगी।

**39 करोड़...** भी दे दिए, लेकिन निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पैसे देने से पहले जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग जगहों से 50 से अधिक बीमे करवाए थे। कंपनी ने गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि पिछले 8 साल में उसकी पत्नी और माता-पिता की मौत अलग-अलग हादसों में दिखाई गई थी। इसके बाद शक और गहरा हो गया। कंपनी ने पिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अस्पताल रिकॉर्ड का मिलान किया। दोनों रिपोर्ट में चोटें भी आपस में मेल नहीं खा रही थीं। शक के आधार पर कंपनी ने हापुड़ में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी विशाल सिंघल और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया। विशाल से सख्ती से पूछताछ की। इसमें उसने माता-पिता की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। अब पुलिस उसकी पत्नी की मौत की भी जांच कर रही है। दरअसल, पत्नी की मौत के बाद भी उसने बीमा कंपनी से 80 लाख रुपये लिए थे। दोनों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं।

# भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच एफटीए एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा: गोयल

■ केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक अक्टूबर से लागू हो जायेगा। इसे पिछले वर्ष अंतिम रूप दिया गया था और अब भारत कई अन्य विकसित देशों के साथ इस तरह के समझौतों के लिए बातचीत कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के इच्छुक हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ भारत ऐसे समझौते पहले ही कर चुका है तथा कई अन्य देशों के साथ बातचीत चल रही है। गोयल ग्रेटर नोएडा के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित पांच दिन के उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। ईएफटीए यूरोप के चार विकसित देशों का समूह है। जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस समूह के साथ एफटीए को मार्च 2024 में अंतिम रूप दिया गया था। गोयल ने कहा कि ईएफटीए के साथ व्यापार समझौता एक अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बात. चीत चल रही है। कतर और बहरीन ने भी भारत के साथ व्यापार समझौते के बातचीत में रुचि दिखाई है। यूरेशिया आर्थिक संघ (ईएईयू) के साथ बातचीत के संदर्भों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो भारत की मजबूत वैश्विक स्थिति को दर्शाता है। इस संघ में रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। ईएफटीए के साथ समझौते में 14 अध्याय हैं। भारत-ईफएटीए के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर था। श्री गोयल ने आंतरिक और वाह्य क्षेत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को मजबूत बताते हुए कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत 2014 में एक नाज़ुक अर्थव्यवस्था से उबर कर आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले दो वर्षों में यह पांच लाख डॉलर के आकार के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंगओवर पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नाबालिग की इज्जत का लुटेरा कमल गिरफ्तार

## आपत्तिजनक वीडियो बना कर वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग की इज्जत लूट कर उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाने के बाद वायरल करने के आरा. ेपी कमल को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़िता की मां ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि ग्राम कच्छपुरा निवासी कमल पुत्र घनश्याम ने उनकी नाबालिग बेटी की इज्जत तार-तार कर दी। साथ ही गाली-गलौच व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दरिंदे ने आपत्तिजनक वीडियो बना कर उसे वायरल भी कर दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 832/2025 धारा 65 (1), 115 (2), 351 (2), 352 बीएनएस एवं धारा 3/4 (2) पॉक्सो एक्ट व धारा 67 (बी) आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कमल को गिरफ्तार कर लिया है।

दूसरी तरफ नगीना देहात थाने में 25 जुलाई को वादिनी ने तहरीर दी थी कि ग्राम भदौला निवासी प्रदुम पुत्र राकेश ने उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की है। पुलिस ने धारा 74 व 333 में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने अब प्रदुम को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही नगीना देहात पुलिस ने ग्राम लाडपुर चांदला निवासी सनूप पुत्र जितेन्द्र को भी हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

## घर के बाहर खेल रहा मासूम बाइक की टक्कर से घायल

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम निजामपुर निवासी सोनम कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार को उनके घर पर पूजा कार्य हो रहा था। तभी जनपद हापुड़ के एक ग्राम निवासी शहजाद ने उसके चार वर्षीय भतीजे वैदिक पुत्र राहुल को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल का नंबर नोट कर लिया। टक्कर मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। सोनम कुमार ने थाने में तहरीर दी है।

बताया जा रहा है कि आरोपी ग्राम उमरी में अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। पुलिस आरोपी की बाइक थाने में ले आई है।

## रिकॉर्ड रूम में बारिश के पानी से स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज नष्ट

### विद्यालय प्रशासन व अभिभावकों में चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** लगातार तीन दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश ने मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा कलालन बढ़ापुर रोड नगीना स्थित सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में भारी नुकसान पहुंचाया। विद्यालय के रिकॉर्ड रूम में पानी भरने के कारण महत्वपूर्ण दस्तावेज और रिकॉर्ड पूरी तरह नष्ट हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारी वर्षा के कारण रिकॉर्ड रूम की छत और दीवारों से पानी का रिसाव हुआ, जिससे पानी अंदर जमा हो गया। इससे छात्रों के प्रमाणपत्र, परीक्षा रिकॉर्ड और अन्य प्रशासनिक दस्तावेज पानी में डूबकर बर्बाद हो गए। इस घटना ने विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों में चिंता पैदा कर दी है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने आगे कहा कि हम नुकसान का आंकलन कर रहे हैं। नगर पालिका ने जलभराव की समस्या को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यालय परिसर की मरम्मत और रिकॉर्ड रूम को सुरक्षित करने के लिए विशेष उपाय किए जाने की योजना है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा स्थानीय प्रशासन को उपरोक्त स्थिति से अवगत करा दिया गया है।

## एक नजर

### पाशा ने किया अफसरों का स्वागत



**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 के ब्रांड एंबेसडर एमआर पाशा ने अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। श्री पाशा ने दोनों अधिकारियों की कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब से वह दोनों जनपद में आए हैं, पुलिस की व्यवस्था में बदलाव देखने को मिल रहा है। वह जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करते हुए पीड़ितों की शिकायत को गंभीरता से लेकर निस्तारण कर रहे हैं। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याओं से अवगत कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। उनके साथ युवा पत्रकार व समाजसेवी वसीम अंसारी भी मौजूद थे।

### होटल के टीन शेड पर करंट फैला



**अफजलगढ़।** बीती रात बस स्टैंड के समीप स्थित दिल्ली दरबार चिकन प्वाइंट पर हाई वोल्टेज विद्युत लाइन में फाल्ट होने से होटल की टीन शेड के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन का तार टूट कर नीचे गिर गया। जिस कारण होटल के टीन शेड में करंट फैल गया। इससे वहां पर हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। होटल स्वामी सलीम अहमद ने विद्युत विभाग को सूचना दी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने पहुंच कर लाइन बंद कराई और माहौल को शांत कराया। वहां पर मौजूद विभाग के कर्मचारी ने शीघ्र ही समस्या का समाधान कराने की बात कही है।

### आठवां स्थापना दिवस मनाया




**नूरपुर।** अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के द्वारा कान्हा गौशाला में आठवां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्रदेश महामंत्री नफीस गुलरेज अंसारी, जिला अध्यक्ष केशव शर्मा, नगर अध्यक्ष अंकित, सेवादार नूरे हक अंसारी, जिला संयोजक अनिल, सेवादार सुमित दिवाकर, गौतम त्यागी, अतुल त्यागी, दीपक शर्मा, तरुण सैनी, विशाल सैनी, शीतल शर्मा, कृष्णा देवी, रेनू देवी, अर्चना कुमारी, सुनीता देवी, सरदार सुरजीत सिंह आदि ने मिल कर गौशाला में गौ माता की सेवा की।

### हृदय दिवस पर जागरूकता रैली निकाली



**राजा का ताजपुर।** विश्व हृदय दिवस पर एएचएम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के स्टूडेंट्स ने नगर में मिशन शक्ति के तहत जनजागरूकता रैली निकाली। बाजार चौक में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ कॉलेज परिसर में डॉ. फैयाज अहमद, कमलजीत सिंह नूर ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में स्टूडेंट्स नारे दिल है यारों बड़ा अनमोल, इसके बिना है जीवन गोल, दिल से नाता जोड़ो, धूम्रपान छोड़ो, दिल से प्यार करो भरपूर, तेलीय भोजन से रहो दूर आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। बच्चों ने बाजार चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को दिल को स्वस्थ रखने के लिए शराब न पीने, धूम्रपान न करने अत्यधिक तेलीय भोजन न करने के लिए प्रेरित किया। सभी साफ-सफाई का ख्याल रखें। मेडिकल कैम्प में डॉ. फय्याज अहमद ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। फ्री दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक श्रीमती यशी, सोफिया, शफत, विशाल कुमार, अवधेश कुमार, जशवंत सिंह, पुनीत कुमार, जैद अहमद, जीशान आदि का सहयोग रहा। पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह सुरक्षा व्यवस्था में रहे।

### मासूम से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**किरतपुर।** नगर के एक मौहल्ले निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी छः वर्षीय पुत्री गुजिश्ता 27 सितंबर को घर के बाहर खेल रही थी। मौहल्ले का ही एक किशोर (16 वर्ष) उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों को घटना की जानकारी होने पर डायल 112 पर सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी किशोर को पकड़ लिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### मिशन शक्ति केंद्र पर छात्राओं को दी जानकारी

**नजीबाबाद।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोचीपुरा की बालिकाओं ने मिशन शक्ति के अंतर्गत नजीबाबाद के थाने का भ्रमण किया। बच्चों को विद्यालय से रवाना करते समय सहायक अध्यापिका विज्ञान वर्ग श्रीमती मोनिका ने संबोधित करते हुए कहा कि लड़कों के साथ लड़कियों को भी हर प्रकार की जानकारी होनी चाहिए। इसी क्रम में पुलिस थाना आदि की भी उन्हें जानकारी होनी चाहिए। सरकारी आदेश के अंतर्गत मिशन शक्ति में स्कूल की टॉपर बालिकाओं को थाना नजीबाबाद ले जाकर पुलिस व उनकी कार्यप्रणाली व मिशन शक्ति केंद्र पर समझाया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ आई हेड टीचर शहला अंजुम ने भी अपने विचार साझा किये।

# नगीना में धूमधाम से निकली राम बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** धार्मिक स्वर लहरी के मधुर गीतों, मनोहारी झांकियों और बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्ग से निकली भगवान श्रीराम की बारात का नगरवासियों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। श्रीराम की बारात में जमकर आतिशबाजी भी हुई।

बीती रात बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ कमेटी के बैनर तले भगवान श्रीराम की बारात नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए बड़ा मंदिर पहुंची। जहां सीता विवाह की रस्म अदा की गई। देर रात्रि यह यात्रा रामलीला बाग में संपन्न हुई। राम बारात में शामिल झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मां दुर्गा देवी, रामलला दरबार, महाकाल के सामने डमरू और मंजीरों का प्रदर्शन करते संभल से आए कलाकार, शुंभ-निशुंभ वध, दो बग्गियों पर राम-सीता, लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न और राजा दशरथ व गुरु वशिष्ठ की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम नितिन कुमार, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा, सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना प्रभारी अवनीत मान भारी पुलिस और पीएसी बल के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल और प्रबंधक मुकेश अग्रवाल उर्फ आल्ले के अलावा साहू कपिल अग्रवाल, परितोष कौशिक, मनीष विश्नोई, आमोद शुक्ला, रितेश जैन, सौरभ मित्तल, भाजपा नगर अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल, प्रमोद चौहान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विवेक कॉलेज में महत्वपूर्ण कार्यक्रम

## विश्व हृदय दिवस पर हृदय रोगों को लेकर जागरूकता






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेस एण्ड हॉस्पिटल में विश्व हृदय दिवस पर महत्वूपर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हृदय रोगों को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई।

कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सुजीत द्वारा बताया गया कि किसी भी व्याधि को मूल रूप से नष्ट करने के लिए उसके मुख्य कारणों को नष्ट करना होता है। इसलिए हृदय जैसे मुख्य अंग को आहार-विहार, चतुचर्या, योगनिद्रा जैसी गतिविधियों द्वारा स्वस्थ किया जा सकता है। क्रोध, ईष्या जैसे आवेगों पर संयम रखना चाहिए। हृदय का साईज छोटा होने पर भी यह पूरे शरीर का ध्यान रखता है। इसलिए हमें भी इसका ध्यान रखना चाहिए। हम आयुर्वेदिक चिकित्सक होने के नाते अपने हृदय को स्वस्थ तथा दूसरों को हृदय सम्बन्धित व्यधियों के प्रति जागरूक कर पाए, जिससे भविष्य में हृदय सम्बन्धित समस्याओं का आंकड़ा कम हो जाये। आधुनिक विज्ञान के साथ-साथ आयुर्वेदिक विज्ञान का सहयोग मिलाया जाए, तो सभी मनुष्य स्वस्थ हो सकते है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी महत्वपूर्ण विचार रखते हुए हृदय रोगों को लेकर जागरूक किया।

# इख्तियार अहमद जिला उपाध्यक्ष मनोनीत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल तथा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नगीना एवं पूर्व जज मनोज कुमार की संस्तुति पर पूर्व प्रधान भनेड़ा इख्तियार अहमद को पार्टी की जिला इकाई में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। यह नियुक्ति पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने और आगामी चुनावों की तैयारी के संदर्भ में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

रविवार को सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने अपने आवास पर इख्तियार अहमद को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि इख्तियार अहमद एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने गांव स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी नियुक्ति से जिला संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे संगठन को और सशक्त बनाएं तथा पार्टी की समाजवादी नीतियों जैसे सामाजिक न्याय, अल्पसंख्यक कल्याण, किसान हित और युवा सशक्तिकरण को हर घर-घर तक पहुंचाए।

अखिलेश यादव के नेतृत्व में हम 2027 के विधानसभा चुनाव में बिजनौर की सभी सीटों पर जीत हासिल करेंगे।

नियुक्ति पत्र ग्रहण करने के बाद इख्तियार अहमद ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल तथा मनोज कुमार की सिफारिश पर मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में पूरे समर्पण के साथ कार्य करूंगा। भनेड़ा सहित पूरे जिले में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना मेरा प्राथमिक लक्ष्य होगा। पार्टी की नीतियों को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाकर हम जनता के बीच सपा का आधार विस्तार करेंगे।

इस मौके पर सपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष महमूद कस्सार, पूर्व जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सलमान कुरैशी, डॉ. रहमान, सरदार सुरेंद्र सिंह फालोदिया, सतपाल प्रधान, मौहम्मद मेराज (पूर्व चेयरमैन साहनपुर), अफजाल, डॉ. शाहरुख (नगीना), नमन कुमार (जिला अध्यक्ष बाबा साहेब अंबेडकर विहिनी), अफजाल उल हक आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी ने इख्तियार अहमद की नियुक्ति पर बधाई दी तथा पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

# प्रिया का अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा प्रिया ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 37वां क्षेत्रीय खेलकूद समारोह सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड एटा में चार हजार मीटर दौड़ में भाग लिया। जिसमें छात्रा प्रिया ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने अवगत कराया कि बहन प्रिया का चयन अखिल भारतीय खेलकूद स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बहन प्रिया को बधाई दी और बताया कि बहन ने विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा किया है तथा इस अवसर पर बहन के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अरुणा देवी, शिखा गुप्ता, अनीता देवी एवं जितेंद्र कुमार वत्सल द्वारा विद्यालय में शील्ड प्रदान कर छात्रा को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### व्यापारियों ने की चोरी की घटना का जल्दी खुलासा करने की मांग

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर सीओ नीतीश प्रताप सिंह से मुलाकात कर उनसे बर्तन व्यापारी योगेश तायल की दुकान में हुई चोरी का शीघ्र खुलासा कराने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के साथ मौहल्ला बालकराम निवासी पीड़ित व्यापारी योगेश तायल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी चौक बाजार में बर्तन की दुकान है। 27 सितम्बर की रात में चोरों ने छत के रास्ते गेट काटकर दुकान के अंदर घुस कर वहां से पुश्तैनी सोना-चांदी के जेवर व करीब ढाई लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। जिसका विवरण व डायरी व रसीद देखकर बताएंगे। व्यापारियों ने पुलिस से जल्दी ही चोरी की खुलासा करने की मांग की। सीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर व्यापारी नेता शाहिद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

### मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बिजनौर।** शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर आज मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। माता रानी के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शहर के मंदिरों को फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया, जिससे मंदिर परिसर आलौकिक छटा बिखेरते नजर आए। बिजनौर के प्रसिद्ध कालिका मंदिर एवं चामुंडा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में भक्त माता रानी की पूजा-अर्चना करने पहुंचे और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में भक्तों ने परिक्रमा लगाई, चुनरी और नारियल चढ़ाया तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। शास्त्रों के अनुसार सप्तमी तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन माता कालरात्रि की पूजा-अर्चना से जीवन में समस्त कष्टों का नाश होता है। वहां, अष्टमी पूजन करने वाले भक्त सप्तमी के दिन व्रत रखकर मंगलवार को कन्या पूजन और भंडारे के साथ अपना व्रत पूर्ण करेंगे। नवरात्र के अंतिम दिनों में भक्तिभाव और आस्था की लहर और तेज हो गई है। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन ने भी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### भरत ने केकैई को खरी-खोटी सुनाई

**बिजनौर।** श्री रामलीला सेवा समिति रजिस्टर्ड बिजनौर के तत्वावधान में रात की रामलीला का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। गत रात्रि रामलीला में दिखाया गया कि जब भरत और शत्रुघ्न अपनी ननिहाल से लौट कर आते हैं, तो केकैई से अपने भाई राम के बारे में पूछते हैं। केकैई जब उन्हें बताती है कि उन्हें तो 14 वर्ष का वनवास हो गया है, तो शत्रुघ्न और भरत मां केकैई पर बहुत नाराज होते हैं और मां को खरी-खोटी सुनाते हैं। तत्पश्चात भाई राम से मिलने के लिए वन जाते हैं और उनसे आग्रह करते हैं कि अपना राज संभालो। इस पर राम कहते हैं कि पिता की आज्ञा सर्वोपरि है। वह 14 वर्ष का वनवास काट कर ही वापस आएंगे, तब शत्रुघ्न और भरत उनकी खड़ाऊ लेकर अयोध्या वापस आते है और राजगद्दी पर खड़ाऊं रख देते हैं। उधर, रावण की बहन सूर्पनखा राम के पास शादी का प्रस्ताव लेकर जाती है। लक्ष्मण क्रोधित होकर सूर्पनखा की नाक काट लेते हैं। भगवान की आरती संरक्षक संजय गुप्ता, अध्यक्ष अचल अग्रवाल, भवन मंत्री प्रदीप कौशिक बंटी, महामंत्री राहुल शर्मा, राजेन्द्र गौतम, अजय अग्रवाल, राहुल गुप्ता ने की।

# स्काउट गाइड के कैंप का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में स्काउट गाइड रोवर्स/रेंजर्स का निपुण जांच शिविर का पांच दिवसीय कैंप का समापन हुआ।

ध्वजारोहण मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान ने किया और प्रबंध तंत्र से श्रीमती भक्ति सिंह राठौड़, प्राचार्य रश्मि शर्मा रावल उपस्थित रही। जिसमें रोवर्स में शेर टोली में पवन कुमार, धीरज कुमार माहेश्वरी, विवेक सिंह, राहुल, शुभनेष, पुष्पेन्द्र चीता टोली में हर्षित माहेश्वरी, रोहित कुमार, परमवीर, दिव्यांशु, आकाश कुमार, रोनित चौधरी, बाज टोली में मोहित, गौरव, पिंटू, महेंद्र, शिवकुमार, अंकुर कुमार, रोहित कुमार और रेंजर्स में गुलाब टोली में सोफिया, दिव्या, खुशबू, इकरा, सेजल, अंजु, रुचि, कमल टोली में चेष्ठा चौहान, काजल रानी, रितिका, लक्ष्मी रानी, मुस्कान शर्मा, पिंकी रानी एवं निपुण जांच कैंप के अंतर्गत रोवर्स/रैंजर्स ने टैंट लगाया और लघु नाटकों का प्रदर्शन किया। स्वागत गीत सोफिया, शेजल, काजल ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती हेमलता, श्रीमती भक्ति राठोर ने सभी रोवर्स/ रैंजर्स के कैंपों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रोवर-रेंजर साहसी एवं कर्तव्यनिष्ठ तथा सेवाभाव वाले होते हैं। क्योंकि रोवर रेंजर का मुख्य आदर्श वाक्य सेवा है। प्राचार्य रश्मि रावल ने कहा कि हमें अपने रोवर्स रैंजर्स नियमों का पालन करना चाहिए और अपने कर्तव्यों पर हमेशा अडिग रहना चाहिए और सभी रोवर्स रैंजर्स के उज्वल भविष्य की कामना की। चीफ प्रोटेक्टर प्रो. एसएल पाल ने शिविर में उपस्थित सभी रोवर्स व रैंजर्स को अनुशासन संबंधी बातों की महत्वता को बताते हुए सभी रोवर्स रैंजर्स को स्वयं में कौशल विकसित करने की बात करते हुए उदाहरण भी पेश किए। प्रो. शौराज सिंह, डॉ. राधा रानी, डॉ. विनय दुआ और सभी स्टाफ उपस्थित रहे। निपुण जांच शिविर रोवर्स प्रभारी डॉ. राजेश कुमार एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ. भावना वत्सल ने मंच का संचालन किया।

# आरएसएस ने मनाया शताब्दी विजय दशमी उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष को विजयदशमी उत्सव रूप में मनाया गया। इस मौके पर सनातन हिंदू परिवारों से एकजुट रहने का आह्वान किया गया।

हिंदू इंटर कॉलेज में संपन्न कार्यक्रम को आरएसएस के विभाग प्रचारक मुख्य वक्ता क्रांति कुमार ने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक ऐसा संगठन है, जिसने अनेकों अनेक आपदाओं को झेलते हुए सफलतापूर्वक 100 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि यह संगठन राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब-जब देश और समाज पर कोई आपत्ति और आपदा आई संघ कार्यकर्ताओं ने निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य किया है। संघ इन कार्यों के करने के कारण एक अलग महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवक संघ की 100 वर्ष की यात्राओं की चर्चा की और कहा कि अब समय आ गया है कि हिंदू समाज को अपने अंदर देश और समाज की प्रति जागरूकता लाते हुए जाति भेद मिटाते हुए एक मंच पर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हिंदू समाज आज भी जाति भेदभाव में उलझा रहा तो इसके परिणाम सुखद नहीं होंगे। इसलिए आज समाज और राष्ट्र की पहली आवश्यकता है कि समस्त हिंदू समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए। मुख्य वक्ता क्रांति कुमार ने उस शासनादेश का भी जिक्र किया, जिसमें अब कोई भी समाज अपने नाम के साथ जाति नहीं जोड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का भी यही उद्देश्य है कि अलग-अलग जातियों में बंटने की बजाय हिंदू समाज एक ही प्लेटफार्म पर आ जाए। उन्होंने समस्त समाज के लोगों से आपसी अमीरी गरीबी जात पात को बुलाकर एकजुट होकर अपने राष्ट्र और समाज के लिए खड़ा हो जाने का आह्वान किया है।

डॉ. दिनेश ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पांच परिवर्तन को लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील प्रचारक नरेशकुमार, नगर कार्यवाहक अनमोल, मुकेश कुमार, राम अवतार, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, सचिन कुमार, विपिन कुमार, तिलक राज, निर्मल कुमार, प्रदीप कुमार, मोहित कुमार आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### एमपीएस ग्लोबल में रामलीला मंचन



**बरुकी।** एमपीएस ग्लोबल स्कूल में दशहरा से पूर्व रामलीला का मंचन किया गया। बच्चों ने सुंदर अभिनय किया। इस दौरान रावण के पुतले का दहन किया गया। एमपीएस ग्लोबल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने रामलीला का मंचन किया। बच्चे राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, रावण आदि की वेशभूषा में आए और रामलीला का मंचन किया। इस अवसर पर शिक्षक गगन भारद्वाज ने बच्चों को राम के व्यक्तित्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। प्रधानाचार्य संजीव जैन ने कहा कि रावण के पुतले के रूप में हम अपनी बुराइयों का दहन करते हैं। कार्यक्रम में आदित्य वीर सिंह, स्वाति चौधरी, प्राची त्यागी, आयुष वशिष्ठ, विशाल त्यागी, श्रद्धा तातरान, सना सिद्दीकी आदि का सहयोग रहा।

### गंगा एक्सप्रेस-वे बिजनौर से निकालने की मांग



**चांदपुर।** शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय ग्राम बागड़पुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र उर्फ सोनू ने की और संचालन सोबित गुर्जर ने किया। बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मां भागीरथी गंगा का प्रथम प्रवेश द्वार बिजनौर है। फिर भी बिजनौर वासियों को गंगा एक्सप्रेस में ना मिलाना बिजनौर वासियों का अपमान करने जैसा है। उन्होंने कहा कि बिजनौर के हमारे जन प्रतिनिधि अपने निजी कार्यों में व्यस्त हैं और कुंभकरण की नींद सोए हुए हैं, जिनकी नोएक्विटीज के चलते बिजनौर वासियों को गंगा एक्सप्रेसवे से वंचित किया जा रहा है। जिसका शिवसेना विरोध करती है। उन्होंने दो टूक कहा कि शिवसेना शीघ्र ही एक भारी रणनीति बनाकर गंगा एक्सप्रेसवे के हक के लिए सोये हुए जनप्रतिनिधियों को जगाने का काम करेगी। इस मांग को लेकर एक बड़ा आंदोलन जनपद में किया जाएगा जिसमें सभी साधु संतों, अधिवक्ता, पत्रकार बंधु व सभी राजनीतिक दलों/ संगठनों को लेकर इस लड़ाई को प्रमुखता से लड़ा जाएगा। बैठक में सोवित गुर्जर, सूरज सिंह, पुलकित शर्मा, वहीद, सुभाष शर्मा, आशीष कुमार, हेमराज, रवि, मुकुल, वेदपाल सिंह आदि शिव सैनिक उपस्थित रहे।

### पुत्र वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण




**स्योहारा।** नगर के रामलीला मैदान में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों ने बीती रात भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया। आज के मंचन में भगवान श्रीराम को वनवास दिए जाने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। श्रीरामचंद्र धर्मपत्नी माता सीता और भाई लक्ष्मण सहित वनगमन को निकले। मंचन के दौरान जब केवट ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी को अपनी नाव से सरयू नदी पार कराई तो उपस्थित दर्शकों ने जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। इसके बाद राजा दशरथ का पुत्र वियोग में प्राण त्याग करने का हृदयस्पर्शी दृश्य मंचित हुआ। इस प्रसंग ने दर्शकों की आंखें नम कर दी और पूरे पंडाल में गहरा मौन छा गया। मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजवीर सिंह त्यागी, मंच प्रबंधक राजपाल सिंह प्रजापति, प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा, मंत्री अमर सिंह वर्मा, पिंटू प्रजापति सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी मंचन के दौरान मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क दिखाई दिया।

### सन शाइन में विजयदशमी पर्व मनाया




**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में विजयादशमी के पर्व को बड़ी उत्सुकता व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे बच्चों में कक्षा एक व दो के छात्र- छात्राओं ने रंगोली व रावण, कुंभकरण, मेघनाद आदि के पुतले बनाए। कक्षा एक से नैना, प्रभात, अक्षित, आरोही, रुद्र, दिपांशु, रिषभ, रुपांशी, हर्ष तथा कक्षा दो से गविशा अनाया आदि ने सुंदर रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। विजयादशमी के इस पावन पर्व पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल ने बच्चों को बताया कि दशहरा का त्योहार आश्विन माह की शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। क्योंकि इसी दिन भगवान राम ने अहंकारी रावण का वध किया था और माँ दुर्गा ने भी शुम्भ निशुम्भ व महिषासुर को मारकर भक्तों की रक्षा की थी। इसलिए हम सभी को चाहिए कि सभी बुराई पर अच्छाई की जीत को उजागर करके अपने जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल आलोक कुमार अग्रवाल और विद्यालय के समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहें तथा पावन पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### मदद करने वालों की सराहना



**स्योहारा।** पंजाब के विभिन्न इलाकों में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आए स्थानीय नागरिकों की समाजसेवी सुबहान अली फरीदी ने सराहना की है। उन्होंने इस कार्य को धर्म से बड़ा कर्म और सच्चा देशप्रेम बताया। सुबहान फरीदी ने कहा कि पंजाब की बाढ़ से हजारों लोग और किसान कठिनाइयों से जूझ रहे थे। ऐसे समय में स्योहारा से जिन लोगों ने बिना किसी लालच और प्रचार के दिल खोलकर पीड़ितों की सहायता की। वे वास्तव में प्रशंसा के योग्य हैं। यह सच्ची समाज सेवा और इंसानियत का परिचय है। उसुबहान फरीदी ने अपने परिवार की ओर से सभी मददगारों को बधाई देते हुए कहा कि भोजन, दवाइयां, कपड़े और हर तरह से सहयोग करने वाले लोग भाग्यशाली हैं कि उन्हें सेवा का अवसर मिला यही असली इंसानियत है।

# सेंट मैरी में गांधी जयंती व दशहरा उत्सव मनाया

## 'कला उत्सव' में छात्रों की शानदार प्रस्तुति



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल में प्रातः गांधी हाउस के विद्यार्थियों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर गांधी जयंती एवं दशहरा पर्व श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

विद्यार्थियों ने रावण के अहंकार तथा गांधीजी के आदर्शों पर आधारित नाटिका, नृत्य और गीत प्रस्तुत कर सत्य व अहिंसा का संदेश दिया। प्रबंधक फादर शाजू ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने और प्रस्तुत नाटिकाओं से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सिस्टर एंजेल सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने 10 व 11 सितम्बर 2025 को मुरादाबाद में आयोजित जोनल स्तर 'कला उत्सव' प्रतियोगिता में अध्यापिका पारुल राजवंशी एवं अध्यापक रजत के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। ग्रुप सिंगिंग में विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें रिद्धिमा भारद्वाज (कक्षा 11-बी), क्षितिजा सिंघल (11-सी), सान्वी अग्रवाल (11-सी) और प्रियांशी माथुर (11-बी) शामिल रहीं। इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक सोलो (स्वर वाद्य) में गीतिका तोमर (कक्षा 11-सी) तथा इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक सोलो (ताल वाद्य) में शश्वत जैन (कक्षा 9-ए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य (सोलो) में माहि अग्रवाल (कक्षा 11-सी) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# नया बाजार में सप्ताह में दो दिन लगेगा साप्ताहिक बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नया बाजार में तालाब के पास पड़ी नगर पालिका की भूमि पर साप्ताहिक बाजार लगाया जाएगा। बेरोजगार लोगों को नगर पालिका की ओर से ऋण भी दिया जाएगा, जिससे वह साप्ताहिक बाजार में अपने फड़ आदि लगा सके।

नहटौर के नया बाजार में सोमवार व शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगाया जाता है। इस साप्ताहिक बाजार में कपड़े की बिक्री होती है और दूर-दूर से व्यापारी इस बाजार में कपड़ा खरीदने के लिए आते हैं। इस साप्ताहिक बाजार के पास ही नगर पालिका की तालाब की भूमि है, जिस पर अवैध कब्जा भी बरकरार है। नगर पालिका के ईओ ओम गिरी के मुताबिक बेरोजगार लोगों को रोजगार देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पालिका की ओर से ऋण मुहैया कराया जाएगा। इसके अलावा तालाब के आस-पास की भूमि पर साप्ताहिक बाजार के दिन रोजगार के लिए फड़ भी लगवाए जाएंगे और उन फड़ वालों को यह भूमि आवंटित की जाएगी। जिससे साप्ताहिक बाजार के दिन वह उक्त भूमि पर फड़ लगाकर अपना रोजगार कर सकें।

# पैरूवाला में मिशन शक्ति कार्यक्रम




**कोतवाली देहात।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्राम पैरूवाला में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष प्रवेज तोमर ने कहा कि किसी भी छात्रा या महिला को कोई मनचला परेशान करता है तब वह केवल सूचना दें। ऐसे लोगों से पुलिस द्वारा सख्ती से निपटा जा रहा है। महिला आरक्षी सीमा मान ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। छात्राओं को 1076, 1090, 112, 108, 1930, 1076, 181,102 के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक जोगेंद्र सिंह, महिला आरक्षी नगमा जहां, चित्रा, कुसुम, अमित कुमार, सदाकत, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

# अनम बनी एक दिन की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी



## समस्याओं का त्वरित किया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत सीएचसी में आज अनूठी पहल की गई। स्वास्थ्य विभाग ने यहां तैनात मेधावी डाटा आपरेटर अनम परवीन को एक दिन के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बनाया।

अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण व युवतियों में नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना है। कार्यभार संभालते ही अनम ने गंभीरता से अपने दायित्व निभाते हुए एएनएम की समीक्षा बैठक की। कार्यालय की कार्यप्रणाली जानी और कई समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया। उन्होंने पोषण ट्रेकर में कुपोषित बच्चों को लेकर सीडीपीओ से वार्ता भी की।

इस मौके पर राष्ट्रीय टीकाकरण व अन्य कार्यक्रमों में बेहतर कार्य करने पर डॉ. आंचल त्यागी, एएनएम रीता देवी, उमा रानी, अमृता, गौरव, प्रीति चौहान, रीता चौहान, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीईओ अनम और राशि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बी.के स्नेही सहित चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# फोटोग्राफर यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार बने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** फोटोग्राफर यूथ एसोसिएशन का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें प्रदीप कुमार कार्तिक लैब वाले को अध्यक्ष चुना गया।

क्षत्रिय नगर स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में संपन्न हुई बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के फोटो ग्राफर इकट्ठा हुए और सर्व सम्मति से निर्विरोध प्रदीप कुमार को अध्यक्ष चुना गया। सबने फूल माला पहनकर स्वागत किया। उसके बाद अध्यक्ष प्रदीप कुमार कार्तिक लैब, उपाध्यक्ष अंकुर मित्तल, महामंत्री मौहम्मद वाजिद, कोषाध्यक्ष अंशुल रस्तोगी एवं मौहम्मद आरिफ, मंत्री संजू गोस्वामी एवं मौहम्मद आसिम, मंत्री राहुल गोस्वामी एवं मौहम्मद इमरान, प्रचार मंत्री अरविंद कुमार उर्फ भूरे भाई, संरक्षक किशन कुमार उर्फ गुड्डू भाई, मौहम्मद अशरफ एवं अजय चौहान, संरक्षक मौहम्मद असलम, राजेश सिंह बिट्टू आदि को चुना गया। इस अवसर पर चुने गए सभी पदाधिकारियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि सभी फोटोग्राफरों के मान सम्मान की रक्षा की जाएगी। बैठक में अंकित, शेखर, सौरभ, सलमान मलिक, राजा राजन, सोनू, धर्मेंद्र, अदनान, राजा, शमीम, बेगराज, यूसुफ, करण आदि शामिल रहे।

# राजन होटल पर कार्रवाई को लेकर भाकियू सख्त

## अधिकारियों से आज मुलाकात करेगा प्रतिनिधिमंडल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद शहर में चर्चाओं का केंद्र बने राजन होटल पर कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की नजर के सामने होटल में गंदे धंधे चल रहे हैं, लेकिन कार्रवाई शून्य है। इसी मुद्दे को लेकर कल (आज) भाकियू प्रधान का प्रतिनिधिमंडल उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार और सीओ नजीबाबाद नितेश कुमार से मुलाकात करेगा और सख्त जवाब मांगेगा।

भाकियू का आरोप है कि होटल में नाबालिगों तक को कमरे दिए जाते हैं और देर रात तक अवैध गतिविधियां होती हैं। फिर भी प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। संगठन का कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत या किसी दबाव के कारण होटल अब तक सुरक्षित है। शहरवासियों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि "जब आम लोगों पर छोटी-छोटी बातों पर कार्रवाई होती है, तो ऐसे बड़े मामलों में प्रशासन खामोश क्यों है?" लोगों का मानना है कि यह चुप्पी सीधे-सीधे होटल संचालकों को संरक्षण देने का संकेत है।

भाकियू पदाधिकारी रामोद कुमार ने स्पष्ट कहा कि यदि कल (आज) होने वाली बैठक के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो यूनियन आंदोलन का रास्ता अपनाने में देर नहीं करेगी। उन्होंने चेताया कि अब नजीबाबाद में इस तरह के होटल किसी भी हाल में नहीं चलने दिए जाएंगे।

# इंटर यूनिट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



## अरुण को मिला बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुष्प निकेतन स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड मे इंटर यूनिट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ धामपुर शुगर मिल ग्रुप के अध्यक्ष कुंवर अशोक कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक गौरव गोयल, मिस इशिरा गोयल, महाप्रबंधक ईशान गोयल के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने झंडारोहण, राष्ट्रगान, चारों टीमों के द्वारा क्रिकेट ग्राउंड के भीतर मार्च पास्ट कर तथा मशाल जलाकर एवं हवा में गुब्बारे उड़ाकर तथा पहले बैटिंग एवं ईशान गोयल द्वारा बॉलिंग करके टूर्नामेंट का आगाज किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन धामपुर यूनिट के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के दिशा निर्देशन एवं कुशल नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षत कपूर, मुख्य वित्त अधिकारी सुशील मेहरोत्रा, वाइस प्रेसिडेंट विनीत गुप्ता, रजपुरा यूनिट के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा तथा सुभाष पांडेय अधिशासी निदेशक, एचआर हेड सुधीर कुमार, रूपम सिंह, पुल्कित राणा, कमल छिब्बर, विजय कुमार सिंह, अमित रंजन, हरीश शाह, अरुण तोमर, आलोक बंसल आदि उपस्थित रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल चार टीमों ने भाग लिया, जिनमें ग्रुप वन टीम धामपुर, ग्रुप 2 टीम लखनऊ, ग्रुप 3 दिल्ली ऑफिस तथा ग्रुप 4 रजपुरा यूनिट के संयुक्त खिलाड़ियों के द्वारा बनाई गई टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके मैच को रोमांचक बनाया। धामपुर शुगर मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने टूर्नामेंट में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी टीमों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कर्मचारियों के बीच टीम वर्क और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा मिलता है। प्रबंध निदेशक गौरव गोयल ने सभी को अवगत कराया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तथा स्पोर्ट्स से जोड़ने के लिए अगले वर्ष से उनके लिए भी मैच का आयोजन किया जाएगा।

बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार अरुण रघुवंशी, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार ईशान गोयल तथा वसीम खान ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। ऑलराउंडर का खिताब आयुष कुमार को प्रदान किया गया। विजेता क्रिकेट टीम का प्रथम पुरस्कार रजपुरा की टीम के कप्तान आशीष शर्मा एवं गौरव गोयल को संयुक्त रूप से दिया गया। द्वितीय पुरस्कार लखनऊ के नाम से बनाई गई टीम के कप्तान सुभाष पांडेय एवं कुंवर अशोक कुमार गोयल को संयुक्त रूप से मिस इशिरा गोयल के द्वारा दिया गया। रनर अप के रूप में दिल्ली ऑफिस तथा धामपुर की टीमों को संयुक्त रूप से प्रबंध निदेशक गौरव गोयल, ईशान गोयल के द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। इसके अलावा स्कोरिंग के लिए इशरत जमाल, अर्पण सैनी, अर्जुन कुमार, शांतनु दीक्षित तथा अंपायर के लिए मौहम्मद नफीस तथा सुमित को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट के लाइव प्रसारण के लिए अक्षय राजवंशी तथा लायक राम को धामपुर शुगर मिल के एमडी तथा अध्यक्ष के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया।

इंटर यूनिट क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों में विकास अग्रवाल, ओमवीर सिंह, सुनील राणा, विनोद सिंह राणा, अभय शर्मा, उपेंद्र तोमर, सतवीर सिंह, तरुण राणा, विवेक सिंह यादव, शरद गहलोत, पुष्प निकेतन स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रश्मि रेखा एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक श्री विजय कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।

## एक नजर

### स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला



**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में हर जिले व नगर में लगने वाली शाखाओं के स्वयंसेवकों के द्वारा पथ संचलन निकाला जा रहा है। इसी क्रम में नगर नजीबाबाद की केशव बस्ती शाखा द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर कल्लूगंज से चलकर मौहल्ला सेवाराम, बसंती माता होता हुआ पथ संचलन विद्या मंदिर में जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टि से जाब्तागंज पुलिस चौकी प्रभारी विनोद पांडे के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा



**हल्दौर।** बीती देर शाम नगर में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के बैनर तले शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती पर शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्रांतिकारी गीतों के साथ हुआ। वक्ताओं ने सरदार भगत सिंह के विचारों पर चलने का आह्वान किया गया। इसके पश्चात सभी साथियों ने कैंडल जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सभासद रवि कुमार, प्रमोद वर्मा, राजेंद्र मास्टर, अतीक अहमद, युसूफ कारीगर, ताजिम फरीदी, गांधी कारीगर, ओम प्रकाश, नितीश भारद्वाज, सुनील कुमार शर्मा, अमन चौहान, कंवलजीत सिंह, अभिषेक कश्यप, विक्की कुमार, अमन वर्मा, निशांत नारंग, इमरान फरीदी, अरमान सिद्दीकी, अरबाज, अर्श मलिक, अयान मलिक, अजमल, नमन, अजहर, फैजान, नितिन कश्यप, केशव कश्यप, आयन सलमानी, तुषार कश्यप, कपिल कुमार, आशीष कुमार, राहुल कुमार, गोपी कुमार, चिंटू कुमार, पिंटू, आशु, मौहम्मद वसी, जुबैर, अजीम, आर्यन, अजहरुद्दीन, रिहान, सदन, अनुज, अंकुश कुमार, आकाश कुमार, आशु, हरून, रौनक सिंह, शौर्य चौहान, संजय चौहान, शिव राजपूत, मौहम्मद लारा, पारस, अनिल प्रजापति, दिवाकर कश्यप, मौहम्मद अयान, जतिन दीवान, जतिन शर्मा समेत बड़ी संख्या में कॉमरेड मौजूद रहे।

### रावण ने छल से किया सीता का हरण



**नांगल सोती।** नांगल की बाजार वाली धर्मशाला में श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान गंगा नाट्य क्लब के कलाकारों ने सीता हरण, भरत मिलाप आदि लीलाओं का वर्णन किया। सूपर्णखा की लक्ष्मण द्वारा नाक कटने के बाद सूपर्णखा राजा रावण के दरबार में पहुंचती है, जिसे देखकर लंकापति राजा रावण क्रोधित हो जाता है। जिसके बाद वह श्रीराम की भार्या सीता के अपहरण की योजना बनाता है। योजना में उसका साथ उसका मामा मारीच निभाता है। मारीच सोने का मृग बनकर राम के पंचवटी आश्रम में पहुंच जाता है, जिसे देखकर सीता उसे मारने की जिद पर अड़ जाती है, जिसका पीछा करते हुए राम घनघोर वन में पहुंच जाते है। योजना के अनुसार अपने भाई राम की मदद करने की आवाज सुनकर लक्ष्मण भी वन चले जाते है। सीता को अकेला पाकर रावण साधु का भेष बनाकर उसका हरण कर लेता है। इस लीला को देखकर दर्शक भाव विभोर हो जाते है। इस दौरान मोनू शर्मा, जनेशपाल, अमित प्रजापति, राजू जोशी, नरेंद्र प्रजापति, अवनीश जोशी, सुनील सैनी, मुकेश शर्मा, गोपाल शर्मा, सुशील शुक्ला, अश्वनी शुक्ला, गार्विन चौधरी, विजय चौधरी, नवीन अग्रवाल, वीरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भाकियू की बैठक में समस्याओं पर चर्चा



**हल्दौर।** गांव नसीरपुर नैन सिंह निवासी धर्मवीर सिंह के आवास पर भाकियू अराजनैतिक की बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसानों की समस्यायों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में संगठन के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह ने बिलाई चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ने का समस्त बकाया भुगतान शीघ्र दिलाने, गन्ने का रेट शीघ्र घोषित करने, गुलदारों व संरक्षित पशुओं को पकड़वाकर उन्हें सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने, स्मार्ट मीटर नहीं लगवाए जाने आदि समस्यायों को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यकर्ताओं ने मांग शीघ्र नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। नौबहार सिंह को हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष, विपिन कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष, सतेंद्र सिंह को ग्राम अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विपिन कुमार, धर्मपाल सिंह, अशोक कुमार, बबलू आदि मौजूद रहे।

### रावण-अंगद संवाद लीला का मंचन



**नजीबाबाद।** श्री रामलीला मंडल नजीबाबाद द्वारा श्री राम जानकी कला परिषद के कलाकारों द्वारा बीती रात्रि विभीषण को लंकापति रावण द्वारा लात मार कर लंका छोड़ने को कहा गया। इसके बाद विभीषण द्वारा भगवान श्री राम की शरण ली गई। इस दौरान भगवान श्री राम के द्वारा विभीषण को लंका का राजा घोषित किया गया और उनका राजतिलक किया गया। भगवान राम के द्वारा समुद्र से रास्ता मांगा गया लेकिन काफी प्रार्थना करने के बाद भी समुद्र ने रास्ता नहीं दिया। क्रोध में आकर राम जी के द्वारा धनुष बाण को उठाकर अग्निबाण समुद्र को सुखाने के लिए निशान साधा तो समुद्र के द्वारा प्रकट होकर विनती की गई और क्षमा याचना की गई और समुद्र रास्ता देने के लिए तैयार हो गए। सुग्रीव की सेना में नल, नील और अन्य वानर सेना द्वारा राम सेतु का निर्माण किया गया। राम सेतु पर चलकर राम जी की सेना लंका पहुंची। लंका पहुंचकर श्री राम द्वारा अंगद को दूत बनाकर लंका पति रावण को समझाने के लिए भेजा गया। लंकापति रावण और अंगद के बीच काफी संवाद हुआ। दर्शकों को रावण व अंगद का संवाद काफी पसंद आया और अंगद के पाठ कर रहे पात्र की बहुत सराहना की।

## एक नजर

### शेखुपुरा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत ग्रामीण स्टेडियम, शेखूपुरा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को खेलों के महत्व एवं उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। खेल महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर तथा सशक्त बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देना चाहिए, क्योंकि खेल ही जीवन में ऊर्जा, आत्मबल और सफलता की राह प्रशस्त करते हैं।

### फोटोग्राफर एसो. का सम्मान समारोह



**नजीबाबाद।** इंविटेशन बैंकट हॉल में फोटोग्राफर एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में चांदपुर से अतुल शर्मा, बिजनौर से नितिन शर्मा, धामपुर से सुरेन्द्र सिंह व नगीना से अमित कुमार मुख्य अतिथियों ने नगर के वरिष्ठ फोटोग्राफर को फूल माला व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नजीबाबाद फोटोग्राफर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को भी फूल माला व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नजीबाबाद फोटोग्राफर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीरज चन्द्रा ने कहा कि वर्तमान समय में फोटोग्राफी काफी जटिल हो गई है। फोटोग्राफी करने में फोटोग्राफर भाईयों को आये दिन नई- नई नहीं समस्याओं का सामना करना है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के निस्तारण के लिए ही नजीबाबाद फोटोग्राफर एसोसिएशन का प्रत्येक पदाधिकारी व सदस्य हमेशा फोटोग्राफर भाइयों के लिए तैयार है। प्रदीप डेजी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में नरेंद्र शर्मा, अल्ताफ हुसैन, शरद राजपूत, अजय शर्मा, सरदार हरप्रीत, धर्मवीर, महावीर राजपूत, प्रदीप राजपूत, राजकुमार, सुरेन्द्र, अजय, मोनू शर्मा, परवेज आलम आदि फोटोग्राफर मौजूद रहे।

### सिकंदरपुर बसी में महिला चौपाल



**नजीबाबाद।** भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम के द्वारा समीपवर्ती ग्राम सिकंदरपुर बसी में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गजना पाल को ग्राम अध्यक्ष, कमलेश जोशी को उपाध्यक्ष, शोभा देवी को कोषाध्यक्ष, वीरवती देवी को सचिव व बाकी महिलाओं को सदस्य बनाया गया। टीम प्रबंधक हरवेंद्र राणा ने बताया कि जनपद के सभी ब्लॉक और तहसील स्तर पर टीम के गठन का कार्य पूर्ण हो चुका है और अब सभी गांवों को टीम से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है, जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। जिला अध्यक्ष निशि चौधरी ने बताया कि महिलाओं पर बढ़ते हुए अत्याचार, घरेलू हिंसा और नशे के विरुद्ध जिला प्रसाशन सजग नहीं दिखाई पड़ रहा जिसके चलते घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यदि जल्द ही इन सब पर सुनवाई नहीं होती तो भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम हर गांवों से महिलाओं को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर कूच करने के लिए बाध्य होगी। तहसील अध्यक्ष सोनू चौधरी ने सभी से एकजुट होकर कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। सभा में तहसील उपाध्यक्ष रेखा चौधरी, ब्लॉक सचिव रोशी राणा, ब्लॉक उपाध्यक्ष ललिता देवी, मेनका तोमर, मीनू रानी, सुमन देवी, संतोष वाल्मीकि, मसरुफन, पूनम वाल्मीकि, सरस्वती देवी, कमला वाल्मीकि, गुड्डी देवी, किरण देवी, मिथलेश देवी, रेखा देवी, ललिता देवी, दीपा रानी आदि सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

### महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में विकास खंड अफजलगढ़ के द्वारा डबाकरा हाल में सेवा पखवाड़ा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को ऑनलाइन मुख्यमंत्री द्वारा भी संबोधित किया गया। चौपाल में गांव की समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहन एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण एवं शासन द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ योजना, मनरेगा योजना, उज्ज्वला योजना, मातृ वंदना योजना, जन आरोग्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सहायक विकास अधिकारी आईएसबी इकबाल अहमद ने साइबर क्राइम तथा एआई के द्वारा ठगी से बचने के लिए सावधान किया। साथ ही महिलाओं कि सुरक्षा के लिए संचालित सभी हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098, 1930, 1076 एवं महिलाओं को किसी भी प्रकार के शोषण से बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप चौहान तथा खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह, एडीओ आईएसबी इकबाल अहमद, एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, बीएमएम पंकज चौधरी, श्रीमती विमला देवी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं समूह की महिलाएं तथा ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य भी उपस्थित थे।

### प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न

**धामपुर।** तहसील धामपुर क्षेत्रान्तर्गत संस्था हरि सिंह मैमोरियल एजुकेशनल वेलफेयर सोसाटी नारायणपुर उर्फ उधोवाला अफजलगढ़ का प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न हो गया है। निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार धामपुर की देख-रेख में हुए चुनाव में सभी पदाधिकारियों का चुनाव र्निविरोध हो गया। घोषित चुनाव परिणाम में विकास कुमार अध्यक्ष, रविंद्र सिंह उपाध्यक्ष, लकमेन्द्र सिंह प्रबंधक, बबीता चौहान उप प्रबंधक एवं मितान सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

# धमाके के बाद अधिकांश फैक्ट्री बंद

## पुलिस ने किया फैक्ट्रियों का निरीक्षण, आंकू में एक फैक्ट्री संचालित मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव सीकरी खुर्द की पटाखा फैक्ट्री में आग लगने के बाद अधिकांश फैक्ट्री बंद कर दी गई है। संचालकों ने बारूद व केमिकल को फैक्ट्रियों से हटाकर गोपनीय स्थान पर अपने गोदामों पर ले जाकर रख दिया। सोमवार को पुलिस ने भी बंद पटाखा फैक्ट्रियों को निरीक्षण किया। केवल ग्राम आंकू में संचालित एक फैक्ट्री में काम होता हुआ मिला।



प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार को सीकरी खुर्द में पटाखा फैक्ट्री में बारूद छानते हुए निकली चिंगारी से आग लगने पर धमाका होने के साथ चार मजदूर घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए तत्काल भर्ती कराया गया था। जहां पर उनकी हालत में सुधार है। सोमवार को नहटौर पुलिस ने फैक्ट्रियों का निरीक्षण के लिए टीम गठित करके अलग-अलग स्थानों पर टीमें भेजी, जिसमें अधिकांश फैक्ट्री बंद मिली। ग्राम आकू में संचालित पटाखा फैक्ट्री में लगभग मौके पर 40-50 महिला-पुरुष मजदूर काम करते मिले। पुलिस के निरीक्षण से पहले ही फैक्ट्री में पटाखा बनाने वाली सामग्री को छोटे हाथी वाहन में भरकर हटा दिया गया।

उधर पटाखा फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों को फैक्ट्री बंद मिलने पर वह अपने घरों को लौट गए। कुछ दिनों के लिए पटाखा फैक्ट्री बंद रहने की बात कही जा रही है।

### श्रम विभाग अंजान

**नहटौर।** पटाखा फैक्ट्रियों में मजदूर काम करते है, लेकिन श्रम विभाग इससे अंजान है। फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों को रोजाना की मजदूरी पर रखा जाता है। रोजाना पैसे दिए जाते है। सुबह पांच बजे से दस बजे तक के पुरूषों को 400 रूपए व महिलाओं को 300 रूपए दिए जाते है। पटाखा फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों को खतरे से पहले ही अवगत कराया जाता है। श्रमिकों को समोसे व बिरयानी भी खिलाई जाती है। थाना क्षेत्र के हल्का नम्बर एक में अधिकांश पटाखा फैक्ट्री संचालित है। मुकर्रमपुर क्षेत्र इन पटाखा फैक्ट्रियों का गढ़ बनता जा रहा है। सात फैक्ट्री संचालित हैं और तीन निर्माणाधीन है।

## पदक जीतने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में पदक जीतने वाली छात्राओं के कालेज आने पर स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

आरएसएम इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय स्तर की एथलेटिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में पदक अर्जित किए। विद्यालय परिवार द्वारा इन विजेता छात्राओं को विद्यालय आगमन पर पदक पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सविता, नीरज, रुचिका, विनोद शर्मा और अंजलि आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

सीनियर वर्ग में पलक ने गोला फेक में प्रथम एवं चक्का फेक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पल्लवी ने भाला फेक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में गरिमा ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया व लम्बी कूद मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कृतिका ने गोला फेक और हेमर थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वंशिका ने 800 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में कल्पना ने गोला फेक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनक ने लम्बी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पदक प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## नहटौर नगर पालिका परिषद का परिसीमन, आठ नए ग्रामों का समावेश

**मुनीश राणा**

**नहटौर।** नगर पालिका परिषद के परिसीमन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस प्रस्ताव के तहत कासमपुर लेखराज, रूखडियो, चक गोवर्धन, बैरमनगर, सराय काजियान और सादिकाबाद सहित कुल 8 गाँवों को नगर पालिका के दायरे में शामिल किए जाने की योजना है। यह विस्तार स्थानीय प्रशासन और नागरिक जीवन दोनों के लिए महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आएगा।

नगर पालिका के विस्तार से नहटौर की शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और विकास परियोजनाओं में व्यापक लाभ मिलेगा। नई सीमा के तहत नगर निकाय की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के कार्यक्षेत्र में भी वृद्धि होगी। नहटौर अपने सांस्कृतिक और साहित्यिक योगदान के लिए भी जाना जाता है। चर्चित उर्दू लेखिका कुर्तुन एन हैदर की रचनाएँ यहाँ की सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। वहीं, न्यायिक क्षेत्र में योगदान देने वाले हाईकोर्ट के पूर्व जज और नहटौर निवासी जर्रार हैदर ने इस क्षेत्र की न्यायिक और सामाजिक चेतना को मजबूत किया है।

### तेजी से होगा ग्रामों का विकास

विशेषज्ञों का मानना है कि परिसीमन से नगर पालिका की प्रशासनिक कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और नए शामिल गांवों के नागरिकों को शहर की सुविधाओं तक बेहतर पहुंच मिलेगी। स्थानीय समुदाय और प्रशासन इस बदलाव को लेकर सकारात्मक हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि यह कदम नहटौर के समग्र विकास में एक नया अध्याय जोड़ने वाला होगा।

नहटौर के नागरिकों के लिए यह परिवर्तन नई चुनौतियाँ और अवसर दोनों लेकर आएगा। प्रशासनिक सुधार, नगर विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी इस परिसीमन की सफलता के प्रमुख कारक होंगे।

# मंदिर में दर्शन के दौरान महिला की चेन चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के प्रसिद्ध कालिया वाले मंदिर में दर्शन करने आई एक महिला की सोने की चेन अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। घटना सोमवार सुबह की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला वरवान निवासी शीला देवी परिवार के साथ मंदिर में पूजा करने आई थी। पूजा-अर्चना के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर उनकी सोने की चेन निकाल ले गया। महिला को चोरी का आभास तब हुआ जब वह प्रसाद लेने लगी।

पीड़ित महिला ने तुरंत मंदिर प्रबंधन और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। शीला देवी का आरोप है की शिकायत के बावजूद पुलिस ने तुरंत कोई कार्रवाई करना गंवारा नहीं किया, उल्टा उसी से कहा कि चेन पहनकर ही क्यों आते हो। बाद में पुलिस उसे गाड़ी में बैठकर कोतवाली ले आई जहां कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि मंदिर में आए दिन भीड़ रहती है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता की जानी चाहिए।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता में निष्ठा गुप्ता, इशिका व शिवांगी ने लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** तीरंदाजी प्रतियोगिता में जनपद की तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर नाम रोशन किया।

जनपद चंदौली में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में ग्राम शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने एक स्वर्ण व तीन रजत पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। निष्ठा ने कंपाउंड वर्ग में अंडर-17 में 344 तथा 343 का स्कोर किया। निष्ठा ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक तथा टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। निष्ठा का चयन रांची में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है, जहां वह उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग करेगी। रिकर्व कैटेगरी में खेलते हुए ग्राम शादीपुर निवासी इशिका मौर्य ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ग्राम गुनियापुर निवासी शिवांगी डवास ने प्रतियोगिता में 193 अंक बनाए और 40 मीटर स्पर्धा में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया।

निष्ठा गुप्ता और इशिका मौर्य रांची में होने वाली एसजीएफआई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में चुनी गई है।

## केएस चिल्ड्रंस में नवरात्रि व दशहरा मनाया



**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रंस अकेडमी में नवरात्रि एवं दशहरा का भव्य आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन से हुआ। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी कन्याओं का तिलक कर उन्हें उपहार प्रदान किए और प्रसाद स्वरूप केले भी वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कन्या पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में नारी शक्ति के आदर और सम्मान का संदेश दिया।कार्यक्रम में रामायण का मंचन हुआ, जिसमें कक्षा 9वीं की छात्राओं ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। याशी ने सीता, मानवी ने राम और जानवी ने लक्ष्मण की भूमिका निभाकर अपने अद्‌भुत अभिनय कौशल से कथा को जीवंत कर दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण रावण दहन रहा। कार्यक्रम का सफल आयोजन गतिविधि प्रभारी मानसी अग्रवाल , पारुल मेहरा, रेणुका गौतम, मीनाक्षी शर्मा के कुशल निर्देशन एवं देखरेख में सम्पन्न हुआ।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आगाज

## 'सुझाव आमंत्रण अभियान' चलाकर समस्त नगरीय निकायों से मांगा सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश / 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अन्तर्गत शासन की आकांक्षाओं के अनुरूप एक समग्र रणनीति तैयार की गई।



तीन प्रमुख थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति के परिपेक्ष्य में कुल 12 सेक्टरों जैसे-कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नालाजी सेक्टर, पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर, स्वास्थ्य सेक्टर, शिक्षा सेक्टर एवं सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर के अन्तर्गत विभिन्न हितधारकों जैसे-कृषक, युवा, महिलाओं, श्रमिक, शिक्षाविद, उद्यमी / व्यापारी, प्रभुद्धवर्ग, मीडिया आदि की आकांक्षाओं को सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश के समस्त नगर निकायों के निर्वाचित अध्यक्ष / सदस्यों के साथ आज मुख्यमंत्री द्वारा संवाद किया गया। जिसमें जनपद के सभी 18 नगरीय निकायों के निर्वाचित अध्यक्ष / सदस्यों एवं जिलाधिकारी द्वारा वर्चुअल माध्यम से संवाद में प्रतिभाग किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा समस्त नगरीय निकायों को आय बढ़ाये जाने हेतु सार्थक प्रयास किये जाने की अपेक्षा की गयी, जिससे सभी नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकें।

इस महाअभियान की सफलता में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सर्वोपरि है। लोकतंत्र की प्रथम पंक्ति के प्रतिनिधि होने के नाते समस्त अध्यक्षों द्वारा निकाय स्तर पर एवं सभासद गणों द्वारा वार्ड स्तर पर सम्मेलन का आयोजन करते हुए, इसके लिए विशेषज्ञों के परामर्श एवं व्यापक जनसहभागिता के साथ विकसित उत्तर प्रदेश / 2047 की कार्ययोजना तैयार करायी जाये। साथ ही यह भी अपेक्षा की गयी कि समस्त नगरीय निकायों द्वारा आगामी बोर्ड की प्रथम बैठक में विकसित उत्तर प्रदेश बनाये जाने के सम्बन्ध में दी गई पुस्तिका में उल्लिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित कराया जाये।

मुख्यमंत्री द्वारा 'सुझाव आमंत्रण अभियान' के सम्बन्ध में प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों से अपील की गयी कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे अग्रणी और विकसित उत्तर प्रदेश बनाये जाने के लिए आम जनमानस से समर्थ पोर्टल https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर अथवा क्यू.आर. कोड के माध्यम से अधिक से अधिक विचार और संकल्प साझा करते हुए अपना योगदान उपलब्ध कराएं।

## एक नजर

### शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ और डॉ. उदिता राजपूत के निर्देशन में रासेयो के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं के द्वारा शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। प्रो. अशोक कुमार और प्रो. दिनेश कुमार ने शहीद भगत सिंह के जीवन से संबंधित विभिन्न बातों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनकी विचारधारा से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने छात्रों एवं छात्राओं को प्रेरित करते हुए महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना एवं एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा के साथ-साथ डॉ. अखिलेश देवी, डॉ. संतोष देवी, डॉ. मीनाक्षी चौहान, पूजा राजपूत, सनी कुमार एवं मौहम्मद सलीम आदि उपस्थित रहे।

### गन्ना विकास कार्यों की समीक्षा



**चांदपुर।** जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने गन्ना समिति व मिल अधिकारियों के साथ गन्ना परिक्षेत्र का विस्तृत भ्रमण किया और चीनी मिल चांदपुर के कांफ्रेंस हॉल में गन्ना पर्यवेक्षकों और चीनी मिल स्टाफ की एक संयुक्त बैठक ली। गन्ना अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी स्टाफ को विभिन्न बिंदुओं पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने शरद कालीन बुवाई के बारे मे कहा कि शरद कालीन बुवाई का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का आदेश दिया। साथ ही अनबॉन्डिंग गन्ना के बारे मे अनबॉन्डिंग केन को तत्काल बॉन्डिंग प्रोसेस में लाने का निर्देश दिये, ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण करते समय उन्होंने सभी गन्ना पर्यवेक्षकों को बाढ़ प्रभावित ग्रामों का धरातली ( भौतिक ) निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा। इस मौके पर चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक, गन्ना प्रबंधक और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर उपस्थित रहे।

### नगर में तिरंगा यात्रा निकाली



**चांदपुर।** शहीद सरदार भगत सिंह स्मारक स्थल पर शहीद सरदार भगत सिंह की 119 वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रात: नौ बजे तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज से बजरिया, ढाली बाजार, नेहरू चौक, गोकुल नगर होते हुए पुन: भगत सिंह स्मारक स्थल पहुंच कर समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित गोयल चैयरमैन विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर व विशिष्ट अतिथि सरदार अच्छन सिंह लोहिया अध्यक्ष गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी चांदपुर रहे। कार्यक्रम के आयोजक चौधरी मुनेश कुमार पूर्व सैनिक, अध्यक्ष पी.के.एस.बी चांदपुर रहे। इस मौके पर पूर्व सैनिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। युवा समाजसेवी आशू गोयल को भी उनकी समाजसेवा के चलते शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज विनेश कुमार त्यागी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

### ग्रामीण नेतृत्व विकास कार्यक्रम



**बुढ़नपुर।** पंच परमेश्वर विद्यापीठ प्रयागराज के तत्वाधान में ग्रामीण नेतृत्व विकास कार्यक्रम ( आरएलडीपी ) के अंतर्गत प्रारंभिक प्रशिक्षण ग्राम पंचायत सचिवालय गौसपुर टोपरी विकासखंड हल्दौर में किया गया। कार्यक्रम की आयोजक संस्था न्यू सनराइज फाउंडेशन फिरोजपुर उग्रसेन के अध्यक्ष डॉ. कुलवीर सिंह के द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र के 21 से 40 वर्ष के प्रतिभावान महिला-पुरुषों को इस कार्यशाला में प्रतिभागियों के रूप में शामिल किया गय। डॉ .कुलवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम से प्रतिभावान प्रतिभागियों में नेतृत्व कौशल के गुणों की पहचान कर उन्हें कुशल नेतृत्व के लिए प्रशिक्षित पंच परमेश्वर विद्यापीठ एवं प्रायोजक संस्था पंच परमेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट प्रयागराज द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, पूर्व एडीओ पंचायत कार्मेंद्र चौधरी, पंचायत के बीडीसी सदस्य सुदेश कुमार, पंचायती राज प्रशिक्षक ममता सैनी, रितु चौधरी, जितेंद्र, राहुल, अनीता शर्मा, चितवन, विपुल, दुष्यंत ,चमन सिंह आदि ने प्रतिभाग किया।

### श्री महाकाली का जन्मदिन मनाया



**नजीबाबाद।** श्री नवदुर्गा महाकाली समिति के संस्थापक पवन कुमार अग्रवाल व दुबई से आए उनके सुपुत्र अर्चित अग्रवाल की उपस्थिति में श्री महाकाली जी का 31 वा जन्मदिन बड़ी ही आस्था व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शारदीय नवरात्रों के पांचवें दिन मनाए गए जन्मदिन पर माता रानी को 256 प्रकार का भोग लगाकर उनकी आराधना की गई। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में आयोजित हुए कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। अर्चित अग्रवाल ने बताया पिछले लगभग 31 साल पहले मंदिर प्रांगण में श्री महाकाली जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। तभी से मंदिर में नवरात्रों के पांचवें व्रत पर श्री महाकाली का जन्मदिन मनाया जाता है। इस मौके पर पन्ना लाल अग्रवाल, संरंक्षक हरेंद्र राजपूत सिंह, नकुल अग्रवाल, निखिल शर्मा, विवेक अग्रवाल, अंकिन गोयल, पंकज अग्रवाल एडवोक्ट, चित्रांश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सरदार परविंदर सिंह, अभिषेक यादव, सुनील ग्रोवर, सुधीर अरोड़ा, निखिल अग्रवाल, दीपक शर्मा, मयंक शर्मा, सुधा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, धवल कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# हांगकांग की व्यंजनों में मिलेगी सम्भल के बासमती चावल की सुगंध

**इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में विदेशी मेहमानों को चावल की खुशबू ने लुभाया, मिले छह कंटेनर के ऑर्डर**

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** सऊदिया अरबिया में देश के चावल की सुगंध के बाद अब हॉगकॉग में भी ली जा सकेगी। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित जनपद सम्भल के बासमती चावल की लंबाई और सुगंध ने विदेशी मेहमानों को प्रभावित किया। जिससे विदेश में एक्सपोर्ट के लिए बड़े ऑर्ड मिले हैं।

इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में, उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 25 सितंबर से 29 सितंबर तक किया। निरीक्षक कृषि अवनीश कुमार सिंह, एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग ने बताया कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद सम्भल के कृषि उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया। उत्तर प्रदेश कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात विभाग की ओर से कृषि आधारित निर्यात योग्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगी। प्रदर्शनी में विभाग की ओर से पूरे प्रदेश से सात निर्यातकों को अपनी स्टॉल लगाने का स्थान मिला। जिसमें जनपद सम्भल की निर्यातक फर्म दौलत राइस, बहजोई की ओर से जनपद के चावल का प्रदर्शन किया। सम्भल के चावलों की खुशबू ने देश-विदेश के खरीदारों को अपनी ओर आकृर्षित किया। प्रदर्शित बासमती चावल की लंबाई और सुगंध से विदेशी मेहमानं को खासा प्रभावित हुए। अब सम्भल का चावल अब राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना रहा है। प्रदर्शनी में कई विदेशी कंपनियों ने दौलत ग्रुप के चावलों में गहरी रुचि दिखाई। खास तौर पर हांगकांग स्थित नेप्टयून ग्लोबल ट्रैर्डस लिमिटेड के निदेशक ने कंपनी से छह कंटेनर लगभग 150 टन स्टीम बासमती और सोना मसूरी चावल खरीदने का ऑर्डर अंतिम रूप से साइन किया। दौलत राइस एंड एग्रो प्रोडक्टस के निदेशक शिवम वार्ष्णेय ने बताया कि कंपनी ने इस वर्ष मई में सऊदी फूड शो में भी भाग लिया था, जहाँ से उन्हें यमन और जेद्दा के लिए ऑर्डर प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि जेद्दा सऊदी अरब की बिजनेस कैपिटल है और मक्का-मदीना से मात्र 80 किलोमीटर दूर होने के कारण हज यात्रियों का मुख्य प्रवेश द्वार भी है। उन्होंने कहा, अगले महीने से दौलत ग्रुप के चावल मक्का-मदीना में भी परोसे जाएंगे। इस सम्मेलन से प्राप्त ऑर्डर जनपद के किसानों के लिए लाभकारी सिद्व होगा एवं व्यापारियों का भी मनोबल बढ़ाएगा। इस ट्रेड शो में जनपद सम्भल से अन्य सामान हॉर्न क्राफ्ट, रेसिन आर्ट तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रतिभाग किया तथा इनके उत्पाद की देश एवं विदेश के क्रेताओं से डील भी हुई।



सम्भल-इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्भल के बासमती चावलों की सुगंध लेते।

## कलेषों का अंत कर अभयदान प्रदान करता है मां कालरात्रि

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में श्रीकल्कि पधारो धारती पर श्रृंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 91 वीं कडी के आठवें दिन लाला भूकन सरन श्रीमाली लीला देवी व डा. विकास सैनी व ववली सैनी द्वारा माँदुर्गा के सातवें स्वरुप माता कालरात्रि को सात वर्ष की कन्या का पूजन कर बीस हजार छह सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्धि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की। इस मौके पर ज्वालेश श्रीमाली, नरेश सैनी, आनंद सैनी, पार्थ शर्मा, भीकम सरन, किसन आर्य, लक्ष्मन सिंह राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।



सम्भल-ग्राम छछेरा में तम्बाकू नियंत्रण को डिबेट के विजयी छात्राओं को सम्मानित करते।

## तम्बाकू के दुष्प्रभावों पर डिबेट में डाला प्रकाश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच के तत्वावधान में तंबाकू नियंत्रण पर एक डिबेट कंपटीशन तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

ग्राम छछेरा स्थित ए के जनता इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम विषय पर एक डिबेट कंपटीशन तथा चित्रकला प्रतियोगिता व छात्र-छात्राओं के बीच टीम बनाकर एक हेल्थ क्विज का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों की टीम विजेता तथा छात्राओं की टीम उप विजेता रही। कार्यक्रम तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर डी ई आई सी मैनेजर मनु तेवतिया द्वारा बच्चों को तंबाकू से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताते हुए इस संबंध में समाज में जागरूकता फैलाने का आहवान किया। डिबेट कंपटीशन में फराह सैफी कक्षा बारह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मंतशा कक्षा नो को द्वितीय स्थान मिला और रिजवाना कक्षा दस को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा बारह की तनु चौधरी ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मंतशा ने इसमें भी बाजी मारते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि कक्षा बारह की छात्र नेहा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विजई प्रतियोगियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मनमोहन शर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी बच्चों से किशोर अवस्था में होने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेने तथा इस आयु वर्ग में तंबाकू की लत से बचने के लिए प्रेरित किया तथा सभी शैक्षिक संस्थान के सो गज की परिधि में किसी भी प्रकार के तंबाकू की बिक्री सेवन उत्पादन और विज्ञापन पर पूर्णतया पाबंदी के विषय में बताते हुए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम का शत प्रतिशत पालन किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। संचालन डा. फहीम ने किया।

## सुबह तक हाउस अरेस्ट रहे आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारी

**बरेली जाने से रोके जाने का लगाया आरोप**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हाउस अरेस्ट किए गए आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता बरेली नहीं जा सके। रात से लेकर सुबह तक उनकी निगरानी की गई।

आजाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गौस ने आरोप लगाते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर उनका बरेली जाकर हिंसा के कारणों और की जांच कर पार्टी हाईकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था। हाइकमान के निर्देश पर उनका प्रतिनिधि मंडल के साथ सोमवार आज सुबह जाने का कार्यक्रम तय हुआ था, लेकिन पुलिस ने सांय से ही उनके आवास शहवाजपुर खुर्दओर मंडलाध्यक्ष जरीफ मिर्ज़ा को हाउस अरेस्ट कर लिया था। रात भर उनकी निगरानी की गई। जिससे वह सुबह बरेली नहीं जा सके। पुलिस ने उन्हे बरेली जाने से रोक दिया।

## एक नज़र इधर भी




बबराला-विद्याकुंज स्कूल में रावण दहन से पूर्व पूजन करते।

### विद्याकुंज में हुआ रावण दहन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल बबराला में रावण दहन किया गया। जिसमे शिक्षक व विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल अध्यक्ष अतुल गोयल, रोटरी क्लब बबराला गंगा अध्यक्ष सुरेश गुप्ता व सचिव विजय गोयल ने भगवान प्रभु श्री राम माता सीता एवं लक्ष्मण जी का तिलक तथा माल्यार्पण कर उनकी आरती की। उसके बाद प्रभु श्रीराम ने धनुष पर बाण चलाकर रावण पर प्रहार कर रावण का दहन किया। प्रभु श्रीराम के रूप में नित्यम लक्ष्मण के रूप में युगल और माता सीता के रूप में राधिका ने अपनी भूमिका निभाई तथा अर्णव ने हनुमान जी का स्वरूप धारण किया। प्रभु श्री राम माता सीता लक्ष्मण और हनुमान जी का यह रूप बड़ा ही मनोहारी लग रहा था। रावण दहन के समय पूरा प्रांगण जय श्री राम के नारों से गूंजने लगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों को रावण दहन के संदर्भ में बताया तथा प्रभु राम के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, शिक्षक सोनल शर्मा, वनिता अग्रवाल, मीनाक्षी, वर्तिका, अंशु, कुमकुम श्वेता गुप्ता, रुचि, रीता ,मीनल, मीनाक्षी यादव, खदीजा, नव्या, नाज, रितुपर्णा, अंजलि, अमित विशाल, मोहित आदि उपस्थित रहे।

### भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** भारत ने पाकिस्तान को एशिया कप के फाइनल में 5 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।जिस पर क्रिकेट प्रेमियों हर्ष व्यक्त किया। भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत ने अजेय रहते हुए यह टूर्नामेंट अपने नाम किया और पाकिस्तान के मुंह से जीत छीन ली। भारत के लिए तिलक वर्मा ने अभूतपूर्व पारी खेली और नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाई।भारतीय क्रिकेट इतिहास के लिए बेहद ही खास बन गई, जब रिंकू सिंह ने विनिंग शॉट लगाकर भारत को पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दिलाई और टीम इंडिया ने एशिया कप 2025 का खिताब रिकॉर्ड 9वीं बार अपने नाम किया। लेकिन मैच के बाद जो नजारा दिखा, उसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। ट्राफी जीतने के बावजूद भारतीय टीम को जश्न मनाने का मौका तक नहीं मिला।उनकी ट्राफी व मैडल देने वाले ही लेकर चले गये। इसकी निंदा की गयी। इस दौरान विनय वार्ष्णेय, कुमोद वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, ईशु वार्ष्णेय, कल्लू, रविराज वार्ष्णेय, संजीव कुमार, बंटी, सुनील कुमार आदि रहे।

### बुग्गी पलटने से महिला घायल

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** महिला बुग्गी पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया। महिला शिवलता पत्नी रामकुमार निवासी रसूलपुर थाना गुन्नौर अपने खेत से चारा लेकर वापस लौट रही थी। तभी अचानक वैल विदक गया। जिससे बुग्गी पलट गई।महिला को गम्भीर चोट लगीं।परिजन उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आए। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ को रेफर कर दिया।

### नगर पंचायत में सफाई मित्रों के साथ सहभोज

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर पंचायत गुन्नौर में सफाई मित्रों के साथ सहभोज किया गया।जिसमें सफाई मित्रों को चेयरमैन ने खाना परोसकर खिलाया। सोमवार को नगर पंचायत गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति, उनके पति धर्मेंद्र प्रजापति, नगर पंचायत गुन्नौर ईओ अमरेश तिवारी ने कार्यालय परिसर में सभी सफाई मित्रों के साथ सहभोज कार्यक्रम में भाग लिया।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** मिशन शक्ति 5.0 के अंन्तर्गत सभागार कक्ष नगर पंचायत गुन्नौर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनायें रखने में विशेष भूमिका निभा रही महिला सफाई मित्रों को उपहार देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में ईओ अमरेश तिवारी, अध्यक्ष न.पं गुन्नौर खुशबू, अध्यक्ष पति धर्मेन्द्र कुमार, लिपिक पूनम यादव, डा. एच. रहमान, डा. पलक गुप्ता, राजेश,करन सिंह, आदि मौजूद रहे।

## साधू का वेश धारण कर रावण ने माता सीता का किया हरण

**0सीता हरण से दर्शक हुए भाव-विभोर**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्री रामलीला के मंचन मं माता सीता का हरण पर दर्शक भाव विभोर हो गए।

नगर पालिका परिषद में श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला के मंचन का शुभारम्भ भगवान गणेश की अतिथियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। जबकि जय श्री राधा कृष्ण रामलीला नाटय कला मंदिर, दरभंगा बिहार के कलाकारों द्वारा माता सीता हरण की लीला का मंचन किया। मंचन से पूर्व व्यास जी ने बताया कि सीता हरण लीला का मंचन, रामलीला का एक महत्वपूर्ण और भावुक हिस्सा है, जिसमें रावण द्वारा साधु का वेश धारण करके सीता का छलपूर्वक अपहरण किया जाता है। यह मंचन, जिसे रामलीला महोत्सव के दौरान किया जाता है। मंचन की शुरुआत शूपर्णखा, रावण से सीता के हरण की योजना बनाती है। योजना के अनुसार रावण का मामा मारीच जो एक मायावी राक्षस था। वह सोने का हिरण बनकर पंचवटी के पास पहुंचता है। सीता इस सुंदर मृग को



देखकर प्रसन्न हो जाती हैं और भगवान राम से उसे पकड़ने का आग्रह करती हैं, जिसके बाद राम मृग का पीछा करने चले जाते हैं। राम के जाते ही मारीच राम की आवाज में पुकारता है, जिससे सीता चिंतित होकर लक्ष्मण को राम की सहायता के लिए भेजती हैं। लक्ष्मण एक लक्ष्मण रेखा खींचकर सीता से उस रेखा के बाहर न निकलने का आग्रह करते हैं। योजना के अनुसार अवसर पाकर रावण साध का वेश धारण करके कुटिया पर आता है और माता सीता से भिक्षा मांगता है। जैसे ही सीता लक्ष्मण रेखा को लांघकर भिक्षा देती हैं, रावण अपने असली रूप में आकर उनका हरण कर लेता है। मार्ग में जटायु रावण को रोकने का प्रयास करता है, लेकिन रावण उसे घायल कर देता है। माता सीता के हरण के बाद राम और लक्ष्मण के विलाप के दृश्य ने वातावरण को मार्मिक बना दिया और कई बार उनकी आंखें नम हो गयीं। रामलीला मंचन के दौरान डा. कुलदीप त्यागी, डा. अरविंद गुप्ता, डा. यू. सी. सक्सेना, अजय सिंघल, शक्ति शंकर, अशोक गर्ग उपस्थित रहे।इसके अलावा अजय कुमार शर्मा के साथ गणमान्य समाजसेवी रहे। व्यवस्था बनाने में उज्ज्वल सक्सेना, प्रभाकर शुक्ला, राजकुमार शर्मा, कैलाश चंद्र गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, अभिलाष, पिंकू त्यागी, शोभित गुप्ता ,शोभित, सौरभ मुखिया, शिल्पी गुप्ता, सरिता गुप्ता, बबीता भारद्वाज, शालू गुप्ता डेन वाले ,शालिनी रस्तोगी, अतुल शर्मा, संजीव शुक्ला, अभिषेक गुरु आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने सभी को पटका पहनाकर स्वागत किया।

### दिमाग से कमज़ोर बालक हुआ गायब

**असमोली।** घर से निकला दिमागी कमज़ोर बालक अचानक गायब हो गया। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिला। पिता की ओर से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी। असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम गुमसानी निवासी अशोक कुमार का पुत्र शिवराज (11) दिमगी कमज़ोर है और मुंह से बोल भी नहीं पाता है। 24 सितम्बर को सुबह दस बजे घर से बिना बताया कहीं चला गया। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला।

## न्याय पंचायत स्तर पर मिलेगी आधार केन्द्र की सुविधा

**एडीएम के प्रयासों से शासन ने दी अनुमति**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में आधार कार्ड को लेकर हो रही परेशानियों पर डीएम ने स्वत: संज्ञान लिया। आधार कार्ड को मारा-मारी को खत्म करने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर एडीएम के प्रयासों से आधार केन्द्र उपलब्ध कराने की अनुमति शासन से मिल गयी है।

जिले भर में आधार केन्द्रों पर भारी भीड़ जमा है। सुबह से लेकर देर दोपहर तक आधार कार्ड में संशेधन और अपडेट के अलावा अन्य कार्य को लेकर लोगों की भीड़ लगी रहती है। नम्बर न आने पर काफी संख्या में आवेदको को बिना काम के ही वापस लौटने को मजबूर होना पड़ता है। आधार को लेकर हो रही मारा-मारी पर जिलाधिकारी डा.. राजेन्द्र पैंसिया ने संज्ञान लेते हुए जनपद सम्भल में आधार कार्ड की मशीन बढ़ाई जाएं एवं हर ग्राम पंचायत या न्याय पंचायत स्तर पर कम से कम एक आधार सेवा केंद्र जनपद को उपलब्ध कराया जाने को पत्राचार किया। आधार कार्ड के नोडल अधिकारी व अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रदीप वर्मा के प्रयासों से शासन द्वारा जनपद सम्भल में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक-एक आधार केंद्र उपलब्ध कराए जाने की अनुमति प्रदान की गई। जिसके तहत वर्तमान में जनपद संभल में कुल 23 आधार सेवा केंद्र क्रियाशील हैं जिन पर आधार से संबंधित सभी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध हैं।

## उड़ान ने किया डांडिया महोत्सव आयोजित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** उड़ान एक नई पहल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप शाखा नरोरा की ओर से नवरात्रि डांडिया महोत्सव एवं संस्था का अतिशयापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजली गुप्ता विशिष्ट अतिथि मंजू गंगा पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य एवं अतिथि शशि प्रभा रही। उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की संचालिका एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ममता राजपूत द्वारा संस्था के बारे में अवगत कराया एवं डांडिया महोत्सव एवं मिस डांडिया क्वीन, भजन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता विभिन्न लोक कलाओं पर कार्यक्रम कराए गए। कार्यक्रम की संचालिका रेखा राजपूत के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नमक भवन पर आयोजित हुआ। जिसमें पूजा गुप्ता व अंजली गुप्ता डांडिया क्वीन का खिताब जीता। जिनको क्राउन पहनकर सम्मानित किया गया। भजन प्रतियोगिता में नीति यादव व विनीता को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में कन्या पूजन को विशेष महत्व दिया और नौ कन्याओं को विधि विधान पूजन करके उनका सम्मान किया। मिस्टी राजपूत माही गुप्ता द्वारा माता के नृत्य प्रस्तुत किए। सभी अतिथियों का चंदन वंदन एवं पटका पहनाकर स्वागत एवं कन्याओं को चुनरी उड़ा कर भोजन एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की सदस्य अन्नपूर्णा पाठक अंजली गुप्ता हेमलता रेखा बबली वैष्णवी अथर्व केशव कुमुद किशोर योगेंद्र राजपूत हर्ष मंजू आदि रहे।

### डा. महोसिना शहज़ाद सम्भल गौरव से सम्मानित

**सम्भल।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा समाज सेविका डा. मोहसिना शहजाद को वर्ष 2025 के सम्भल गौरव जबकि बहजोई की महिला चिकित्सक डा. शिखा अग्रवाल को डा. सुधा सक्सेना स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

## 2047 विजन डॉक्यूमेंट के अधिक से अधिक सुझाव को करें जागरूक

**डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय के निरीक्षण में दिए निर्देश**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश के विजन डॉक्येंट के लिए अधिक से अधिक सुझाव के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

विकासखंड बनिया खेड़ा के जनेटा स्थित कंपोजिट विद्यालय में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में शौचालय का निर्माण करना सुनिश्चित करें एवं विद्यालय के जर्जर भवन को शीघ्र ही नीलाम करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत से एमडीएम का शेड बनवाना सुनिश्चित करें और उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य द्वार पीएम श्री विद्यालयों के द्वार के समान बनवाना सुनिश्चित किया जाये। इसके अलावा जिलाधिकारी ने विद्यालय की साफ सफाई एवं अध्यापकों को अनुशासन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जबकि ग्रामीणों के साथ वार्ता करते हुए समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश /2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए अधिक से अधिक सुझाव देने एवं लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी बनिया खेड़ा ज्योत्सना आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-वैश्य एकता मंच की बैठक करते पदाधिकारी।

### दशहारा मेले में वैश्य एकता मंच करेगा प्रचार प्रसार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** वैश्य एकता मंच के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन अजय कुमार गुप्ता (भटटे) वाले आलम सराय निवासी के आवास पर किया गया। बैठक में जिसमें दशहरा मेले में प्रचार प्रसार हेतु एक फ्लेक्स लगाने पर सहमति बनी। जबकि आगामी कार्यक्रम के लिए मंच के पदाधिकारियों से टीम बनाकर मिलने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों में अजय अग्रवाल (प्लाईवुड) महामंत्री अजय कुमार गुप्ता (सर्राफ) संगठन मंत्री आकाश अग्रवाल (इलेक्ट्रनिक) प्रचार प्रसार मंत्री शालू गुप्ता जी नेट फॉर यू अक्षय गुप्ता जी पेंट श्री मुकेश कुमार गुप्ता जी पूर्व प्रधानाचार्य एवं अमित गुप्ता जी ग्लोरियस पब्लिक स्कूल अक्षित अग्रवाल मंत्री गिरिष गुप्ता बुक डिपो दिनेश गुप्ता पूर्व ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गुप्ता फल वाले आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने व संचालन कोषध्यक्ष सचिन कुमार गुप्ता ने किया।



सम्भल-फेथ एकेडमी में छात्राओं को जागरूक करते नखासा कोतवाली के पुलिस कर्मी।

### महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण स्वावलंबन को लेकर आयोजित गोष्ठी में बालिकाओं/छात्राओं को जागरूक किया गया। नखासा कोतवाली क्षेत्र के फेथ एकेडमी में आयोजित गोष्ठी में महिला सुरक्षा, सम्मान और साइबर सुरक्षा को जागरूक किया जबकि गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई। साथ प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय आदि से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला हेल्पलाइन 1090 हेल्पलाइन 112 स्वास्थ्य सेवा नंबर 102 एम्बुलेंस नंबर 108 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं. 1930 के संबंधा में विस्तृत जानकारी दी गई व घरेलू हिंसा के विरुद्व चुप्पी तोड़ने , उनके अधिकार की जानकारी दी। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं से समस्याओं की जानकारी भी ली गई।



बबराला-दुर्गा महोत्सव में मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### थाने के सामने दुर्गा पंडाल में दुर्गा महोत्सव

**बबराला( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में थाने के सामने दुर्गा पंडाल में माँ दुर्गा पूजा महोत्सव का आरम्भ हुआ। गुन्नौर ब्लाक प्रमुख आशीष उर्फ हनी यादव ने माँ दुर्गा का तिलक कर पूजन किया। पंडित तपन चक्रवर्ती व जेके राय ने मंत्रोंच्चारण किया। नगर में बंगाली किशोर विश्वास नवरात्रों में माँ दुर्गा की मिटटी की भव्य मूर्ति की स्थापना कर उनकी सुबह शाम आरती और पूजा अर्चना करवाते हैं।जिसमे सभी भक्तजन भाग लेते हैं। माँ दुर्गा की भव्य मूर्ति देखकर सभी आश्चर्य चकित रह गए। मिटटी की भव्य मूर्ति बेहद सजीव लग रही थी।

# दहेज के खातिर विवाहिता की गला घोटकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के शहेरिया गांव में सोमवार तड़के तीन बजे ससुरालिया ने विवाहिता का गला घोट कर हत्या कर दी, पुलिस ने मयके वालों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है, भगतपुर थाना क्षेत्र के मुडिया गंजोवाली निवासी मुसर्रत अली ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बेटी गुलफ्शा की शादी चार माह पहले मूंढापांडे के शहेरिया निवासी इरफान पुत्र मुनाजिर के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद सब ठीक रहा इसके बाद ससुरालियों ने बुलेट बाइक की मांग करने लगे और उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। मयके वालों का आरोप है कि तड़के बेटी का गला दबकर उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि ससुर ने फोन पर बताया कि गुलफ्शा की



हालत गम्भीर है वह परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे तो मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ी पाई गई, सूचना पर गई पुलिस ने घटना की जानकारी कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर पर पति इरफान सहित चार ससुरालियों के विरूद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर शिक्षकों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** स्थानांतरण को लेकर शिक्षक से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और सोमवार को पां. चवें दिन भी माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर बैठे रहे। शिक्षकों ने बताया कि वे सरकार की नीतियों से पूरी तरह संतुष्ट हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा जारी आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। इस कारण कई शिक्षकों को गंभीर मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों की निष्क्रियता और स्थानांतरण सूची का समय पर न आने से शिक्षकों में अवसाद और मानसिक परेशानी बढ़ती जा रही है। अधिकारियों द्वारा फाइलें मंगाने और निर्णय न लेने के चलते सितंबर माह भी समाप्त हो रहा है। धरने में सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि जब तक ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी नहीं होती, वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। मौके पर प्रतापगढ़ की शिक्षिका, जो मुरादाबाद में पोस्टिंग हैं, रोते हुए अपने दर्द को व्यक्त करती रहीं। इसके अलावा, लखीमपुर, गाजियाबाद, अलीगढ़ और बिजनौर से भी शिक्षक आए और अपनी समस्याएं साझा कीं। धरने में मौजूद शिक्षक नेताओं में भगवती प्रसाद, शुभेन्द्र



नारायण त्रिपाठी, राकेश कुमार त्रिपाठी, मनु यादव और नीलम सहित अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं शामिल थीं। वहीं राज्यमंत्री गुलाब देवी वर्तमान में लखनऊ में हैं। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने मीडिया को बताया कि वे स्वयं शिक्षक रही हैं और शिक्षक हितों के लिए सक्रिय हैं। शिक्षकों ने सरकार और अधिकारियों से शीघ्र स्थानांतरण सूची जारी करने की अपील की। इस धरने ने शिक्षक वर्ग के सामने आ रहे मानसिक तनाव, स्थानांतरण में हो रही अनिश्चितताओं और अधिकारियों की निष्क्रियता को उजागर किया है।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान ने बुजुर्ग महिलाओं को किया सम्मानित

**बिलारी।** तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली में ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह राघव ने हिंदू धर्म में पवित्र और शक्ति श्रद्धा से भरपूर माना जाने वाला शारदीय नवरात्र के अवसर पर अपने आवास पर गांव की बुजुर्ग महिलाओं को बुलाकर अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद एक नया रास्ता दिखाता है। सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने गांव की बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि घर की बुजुर्ग महिलाओं के आशीर्वाद से घर फलता फूलता है। इस अवसर पर समाजसेवी विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि जिस घर और समाज में महिलाओं का सम्मान किया जाता है वहां ईश्वर स्वयं आकर आशीर्वाद देते हैं। बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान करना ग्राम प्रधान के अच्छे संस्कारों को दर्शाता है। समाज में संपन्न व्यक्तियों को समय-समय पर बुजुर्गों को सम्मानित कर आशीर्वाद लेते रहना चाहिए। उनके विचार और आशीर्वाद समाज को नई दिशा देते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से ठाकुर कृपाल सिंह, पूर्व प्रधान गजेंद्र सिंह राघव, विमल राघव, कृष्ण राघव, रेनू राघव ,प्राची राघव आदि का विशेष सहयोग रहा।

### छात्राओं को बैंक ऑफ बड़ौदा का कराया भ्रमण




**बिलारी।** मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट बिलारी की छात्राओं को बैंक ऑफ बड़ौदा का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। बैंक में छात्राओं को बैंकिंग प्रणाली और वित्तीय सेवाओं के बारे में,खाता खोलने की प्रक्रिया,पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड का उपयोग,बचत और निवेश योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला गया,डिजिटल बैंकिंग जैसे मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्राओं ने बैंक कर्मचारियों से बातचीत की और बैंकिंग के कार्य को करीब से देखा। यह भ्रमण बालिकाओं को ज्ञान और आत्मविश्वास से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा है।

### रामरतन इंटर कॉलेज में चल रही संकुल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**बिलारी।** राम रतन इंटर कॉलेज में संकुल खेलप्रतियोगिताओं के अंतिम दिन भला फेंक में सोहेल प्रथम मीरा अग्रवाल से शांतनु डॉक्टर देवेन्द्र पाल से द्वितीया स्थान अनमोल सारथल बेटा से तीर्थ स्थान प्राप्त किया। भला फेंक सीनियर वर्ग में दीपांशु प्रथम मीरा अग्रवाल इंटर कॉलेज से अभिषेक द्वितीया कृषि औद्योगिक से अभिषेक यादव तृतीया डॉक्टर देवेन्द्र पाल से प्राप्त किया ।गोला फेंक सीनियर वर्ग में आर्यन चौधरी प्रथम स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल अभिषेक द्वितीया स्थान कृषि औद्योगिक से रुद्र चौहान तृतीया स्थान जीआईसी नगलिया जट्ट से गोला फेंक जूनियर वर्ग अभियंत और प्रथम स्थान डॉक्टर देवेन्द्र पाल सिंह नकुल द्वितीया स्थान कृषि औद्योगिक वीरेश तृतीया स्थान मीरा अग्रवाल से सब जूनियर गोला फेंक निश्कर्ष प्रथम स्थान डॉक्टर देवेन्द्र पाल से नेपाल नेपाल द्वितीया स्थान कृषि औद्योगिक रमन तृतीया स्थान मीरा अग्रवाल से चक्का फेंक वरिष्ठ वर्ग आर्यन चौधरी प्रथम स्थान डॉक्टर देवेन्द्र पाल सिंह विनय सिंह द्वितीया स्थान श्रीमती मीरा अग्रवाल से अभिषेक तृतीया स्थान के कृषि औद्योगिक अमरपुर काशी। चक्का फेंक जूनियर वर्ग में अभियान तोरा डॉक्टर देवेन्द्र पाल से प्रथम वैभव कृषि औद्योगिक से द्वितीया स्थान वीरेश श्रीमती मीरा अग्रवाल से तृतीया स्थान प्राप्त किया ।सब जूनियर वर्ग निष्कर्ष प्रथम स्थान डॉक्टर देवेन्द्र पाल सिंह रमन द्वितीया स्थान कृषि औद्योगिक से सब जूनियर वर्ग निष्कर्ष प्रथम स्थान डॉक्टर देवेन्द्र पाल सिंह रमन द्वितीया स्थान कृषि औद्योगिक रमन तृतीया स्थान श्रीमती मीरा अग्रवाल ने प्राप्त किया। अवसर प्रति खेल प्रभारी रणविजय सिंह ,संतोष कुमार गुप्ता, रामवीर सिंह, ऋषि पाल सिंह, पवन सक्सेना, राहुल चौधरी आदि मौजूद थे।

### रिजर्व पुलिस लाइंस में पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण और आधुनिक हथियारों का दिया गया प्रशिक्षण

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा जनपदीय कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु जनपद में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यातायात/लाइन सुभाष चंद्र गंगवार के कुशल पर्यवेक्षण में सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन के ग्राउंड में जनपद के हाईवे सर्किल के थाना मूढ़ापाण्डे,थाना पाकबड़ा एवं सर्किल कोतवाली के थाना मुगलपुरा,नागफनी व थाना कोतवाली नगर एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय हाईवे व कोतवाली पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण ड्रिल एवं आधुनिक हथियारों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को इंसास, एसएलआर,09 एमएम पिस्टल, एण्टी राइट गन, जीएफ/एचई 36 हैंड ग्रेनेड, अश्रु गैस ग्रेनेड आदि आधुनिक हथियारों की जानकारी, उनकी हैंडलिंग एवं प्रयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही दंगा नियंत्रण उपकरणों को सही ढंग से पहनने एवं नियमानुसार उपयोग करने का अभ्यास भी कराया गया। 30 सितंबर को सर्किल सिविल लाइंस एवं सर्किल कटघर के थानों/पेशी कार्यालयों पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। आपसी सौहार्द को सुदृढ़ करना तथा किसी भी अपरिहार्य परिस्थिति से कुशलतापूर्वक निपटने की तैयारी सुनिश्चित करना है।

### अवैध अस्पताल पर छापा, सील की गई बिल्डिंग

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** रविवार को कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में बिचौटा चौराहा स्थित एक अपंजीकृत अस्पताल पर संयुक्त टीम द्वारा छापा मारा गया। छापे के दौरान अस्पताल में महिला मरीजों का उपचार होता हुआ मिला तथा अस्पताल में चिकित्सक केबिन एवं ओपीडी केविन भी मिले। रविवार को अस्पताल में अवैध रूप से मरीजों के उपचार की सूचना पर तहसील प्रशासन, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापा मारा गया। छापे में चिकित्सा संबंधी उपकरण, दवायें आदि मिलें हैं। तहसीलदार प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार रजत कुमार, लेखपाल संजीव कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल, पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक अजय कुमार, कांस्टेबल उमाकांत, प्रीती मौजूद रहे। इस संबंध डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने बताया कि बिचौटा चौराहे पर एक अवैध अस्पताल को सील किया गया है। अस्पताल संचालिका शब्बों के पास कोई प्रपत्र नहीं मिले हैं।

# निर्यातकों और लघु उद्योग व्यापारियों के साथ हुई बैठक में विधायक भी हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मरुादाबाद।** आज एस.ई.जेड भवन रतनपुर कलां में जीएसटी जॉइंट कमिश्नर आरके सिंह के साथ निर्यातकों और लघु उद्योग व्यापारियों के साथ संवाद बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में जीएसटी दरों में कटौती के लाभों और व्यापारियों के लिए इसके प्रभावों पर चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य जीएसटी बचत उत्सव 2025 के तहत 22 सितंबर से लागू हुए नए जीएसटी नियमों के बारे में कारोबारियों और निर्यातकों की शंकाओं को दूर करना था।जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर ने व्यापारियों और निर्यातकों के साथ सीधे बात करके नए जीएसटी संशोधनों के बारे में जानकारी दी। उपभोक्ताओं को कम कीमतों और वस्तुओं व सेवाओं की बेहतर उपलब्धता का अनुभव होगा। बैठक में मौजूद निर्यातकों और



लघु उद्योग व्यापारियों ने इस सुधार के सुचारु और समयबद्ध क्रियान्वयन में भारत सरकार को पूरा सहयोग देने का संकल्प लिया है। दर सरलीकरण से मिलने वाले लाभ उपभोक्ताओंल तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया संकल्प को और मजबूती देगा। बैठक में एस.ई.जेड एक्सपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष विकास अरोरा, विकास अग्रवाल, गुलाम सलमानी, अंकुर प्रकाश, अनुज गर्ग, नदीम और अंशुल आदि उपस्थित रहे।

# टीएमयू के टिमिट एमबीए छात्रों ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 से लिया बहुमूल्य अनुभव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए छात्रों ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 का भ्रमण किया। यह अनुभव छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहा। छात्रों ने मेले में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के स्टॉल्स का अवलोकन किया और व्यापार जगत की वास्तविक प्रक्रियाओं को करीब से समझा। उन्होंने देखा कि किस प्रकार कंपनियाँ अपने उत्पादों को प्रस्तुत करती हैं, ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नवीन मार्केटिंग रणनीतियाँ अपनाती हैं और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में ब्रांड की पहचान बनाए रखती हैं। एमबीए छात्रों ने इस भ्रमण से प्राप्त प्रमुख शिक्षाएँ: अंतरराष्ट्रीय व्यापार का व्यावहारिक ज्ञान विदेशी कंपनियों के उत्पादों और सेवाओं की प्रस्तुति से वैश्विक व्यापार की समझ




विकसित हुई। ग्राहक व्यवहार की समझ विभिन्न उपभोक्ताओं की पसंद-नापसंद और उनकी आवश्यकताओं का प्रत्यक्ष अध्ययन करने का अवसर मिला। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने छात्रों, शिक्षकों और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ''ऐसे मेले छात्रों के लिए केवल प्रदर्शनी देखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह व्यवहारिक शिक्षा का वह मंच है जहाँ वे वास्तविक बाजार की परिस्थितियों, प्रतिस्पर्धा और अवसरों को समझते हैं।

यह अनुभव निश्चित ही उनके भविष्य के प्रबंधकीय करियर को नई दिशा देगा।'' एमबीए छात्रों ने इस भ्रमण को अपने लिए एक अविस्मरणीय अवसर बताया और कहा कि इससे उन्हें कक्षा के सिद्धांतों को वास्तविक जीवन से जोड़ने का मौका मिला।

# लाइनपार रामलीला मैदान के पारंपरिक दशहरा मेले में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे एसएसपी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लाइनपार स्थित रामलीला मैदान में लगने वाले पारंपरिक दशहरा मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जायजा लिया। उन्होंने मेले में पहुंचकर पैदल गश्त की और वहां तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी के साथ सीओ सिविल लाइन्स व सीओ कोतवाली नगर भी मौजूद रहे।

एसएसपी ने मेले की भीड़भाड़ वाली जगहों पर पुलिसबल की तैनाती का निरीक्षण किया और ड्यूटीरत अधिकारियों व जवानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दशहरा मेला धार्मिक आस्था से जुड़ा आयोजन है, ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी एंट्री व एग्जिट प्वाइंट्स पर निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखने और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के आदेश दिए गए।इसी क्रम में एसएसपी ने मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत मेले में मौजूद महिलाओं और बालिकाओं से संवाद भी किया। उन्होंने उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं तथा महिलाओं की मदद के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम द्वारा मेले में पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस कंट्रोल रूम और आपातकालीन नंबर दर्ज थे।एसएसपी ने कहा कि पुलिस महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है और मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान चलाकर समाज को सुरक्षित माहौल देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ड्यूटीरत अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि मेले में आने वाले परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस दौरान पुलिस बल की पैदल गश्त और सुरक्षा इंतजामों से मेले में पहुंचे लोगों ने भी राहत महसूस की और कहा कि पुलिस की सक्रियता से मेले का आनंद सुरक्षित वातावरण में लिया जा सकेगा।

### 12 अक्टूबर को 13 केंद्रों पर होगी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2025 संभल जिले में 12 अक्टूबर को आयोजित होगी। परीक्षा के लिए जिले में 13 केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ कुल 5688 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने बताया कि केवल सीसीटीवी लगे कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुचारू संचालन हेतु जल्द ही सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए जाएंगे। साथ ही केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे ताकि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जा सके।

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र मोहम्मद आजम व पुत्रवधू श्रीमती सानिया को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे अन्य पुत्र/पुत्री से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती रोशन बेगम पत्नी मोहम्मद असलम व मोहम्मद असलम पुत्र गुलाम अली निवासी गण मोहल्ला कर्बला नंबर 3 थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद

# टीएमयू के कुलाधिपति मुंबई में जैन समाज रत्न अलंकरण से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दिगंबर एवम् श्वेतांबर समाज की बहुप्रतिष्ठित संस्था- भारत जैन महामंडल की ओर से मुंबई में आयोजित सामूहिक क्षमा. पना- विश्व मैत्री समारोह में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को जैन




समाज रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने बतौर मुख्य अतिथि टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर एवम् प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। सम्मान समारोह में महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर श्री राहुल नार्वेकर, राज्यसभा सदस्य श्री मिलिंद देवरा, महाराष्ट्र के केबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढा, भारत जैन महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीसी डांगी, टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन के संग-संग जैन समाज के साधु-संतों की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। क्षमापना- विश्व मैत्री समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री गुलाब चंद कटारिया ने अपने संक्षिप्त एवम् सारगर्भित संबोधन में कहा, इस समारोह में शामिल होकर मुझे आत्मशुद्धि, करुणा और समभाव के पावन संदेश से जुड़ने का अवसर मिला। समारोह का समापन मिच्छामि दुक्कड़म के सामूहिक उच्चारण से हुआ। 1899 में स्थापित लब्ध प्रतिष्ठित संस्था- भारत जैन महामंडल जैन समाज सेवा के संग-संग अपने-अपने क्षेत्रों में बुलंदी छूने वाली शख्सियतों को हर वर्ष सम्मानित करती है। इस वर्ष टीएमयू के कुलाधिपति के अलावा संस्था ने महाराष्ट्र की योगगुरू हंसाजी योगेन्द्र, दिल्ली के नामचीन एडवोकेट श्री हितेश जैन, प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेन्द्र बोरड़ पटावरी के अलावा सुनील जी सिंधी को भी जैन समाज रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मौ0 अमान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल (आक) कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मौ0 अमान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। हसीन जहां पत्नी मौ0 खलील निवासी चामुंडा वाली गली नम्बर-01 बरवालान, थाना मुगलपुरा जिला मुरादाबाद।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 13.10.2025
**उत्तरा० वाद सं०:**258 सन् 2023

अफजाल अहमद **बनाम** गुफरान अहमद

अफजाल अहमद खान आयु लगभग 64 वर्ष पुत्र अब्दुल मजीद खान एडवोकेट मरहूम निवासी मौहल्ला मुगलपुरा लाल स्कूल शहर व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. गुफरान अहमद खान आयु लगभग 70 वर्ष पुत्र अब्दुल मजीद खान निवासी मौहल्ला मुगलपुरा प्रथम लाल स्कूल शहर व जिला मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम** शहर व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा अफजाल अहमद खान गोयल हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा अफजाल अहमद खान मुसबफा श्रीमती कमर जहां बेगम अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.28999.44 पैसे हरगाह मुसम्मा अफजाल अहमद खान ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 13 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 164/2025
**तारीख पेशी:** 03.10.2025
**श्रीमति शहनाज बेगम**
**बनाम मौ. ताजीम आदि।**

श्रीमती शहनाज बेगम उम्र 45 वर्ष पत्नी स्व. मौ. नदीम निवासी ग्राम विलाकूदान थाना भगतपुर तह. व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. मौ. ताजीम उम्र 21 वर्ष पुत्र स्व. मौ. नदीम, 2. मौ. फहीम उम्र 18 वर्ष पुत्र स्व. मौ. नदीम, 3. नूरबानो उम्र 23 वर्ष पुत्री स्व. मौ. नदीम द्वारा संरक्षिका सगी माता शहनाज बेगम पत्नी स्व. मौ. नदीम समस्त निवासीगण ग्राम विलाकूदान थाना भगतपुर तह. व जिला मुरादाबाद, 5. **जनता आम-विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती शहनाज बेगम हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती शहनाज बेगम मुसबफा मौ. नदीम अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 6,32,370/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती शहनाज बेगम ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 03 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 261/2025
**तारीख पेशी:** 01.10.2025
**श्रीमति सुनीता गुप्ता**
**बनाम सुशील कुमार आदि।**

श्रीमती सुनीता गुप्ता आयु लगभग 58 वर्ष पत्नी स्व. अतुल कुमार गुप्ता पुत्रवधू स्व. भगवत सरन गुप्ता निवासी कांठ हाऊस बालाजी मंदिर रोड, बारादरी, मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. श्री सुशील कुमार गुप्ता आयु लगभग 77 वर्ष पुत्र स्व. भगवत सरन गुप्ता निवासी एमआईजी बी-15 आवास विकास, पोस्ट किच्छा, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) आदि।, 2. **जनता आम-विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती सुनीता गुप्ता हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती सुनीता गुप्ता मुसबफा अतुल कुमार गुप्ता अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.15,52,933/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती सुनीता गुप्ता ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 01 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद**
**वाद संख्या :** 52 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 01.10.2025

रशीद अहमद उम्र 70 वर्ष पुत्र रफीक अहमद निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा कस्बा व थाना व तहसील चांदपुर जिला बिजनौर-**वादी।**

**बनाम**

**जनता आम तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद-विपक्षी।**

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा: 25 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम- 1990** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 01 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 29 के माह 09 सन् 2025को जारी किया है।

**वि०वाद लिपिक**
**परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पाडला
## विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/मनरेगा/ग्राम पंचायत//निविदा/2025-26 दिनांक: 29.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत पाडला में पंचम राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त/ मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 20.10.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवेंद्र के घर से मोहित के घर तक सीसी टाईल्स/नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईट, रोड़ी, ईट, बजरफुट, बजरी, सरिया आदि। | 848926/- | 16978 | 250/- | 3 माह |
| 2 | राजबहादूर के घर से कौशल के घर की ओर सीसी टाईल्स/नाली निर्माण कार्य | सीमेंट, रेत, ईट, रोड़ी ईट, बजरफुट, सीसी टाईल्स , सरिया आदि। | 1519356/- | 30387 | 250/- | 3 माह |
| 3 | (ग्राम निधि) पंचायत भवन प्रांगण में सीसी टाईल्स निर्माण कार्य | सीमेंट, रेत, ईट, रोड़ी ईट, बजरफुट, सीसी टाईल्स, सरिया आदि। | 2,00000/- | 4000 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-पाडला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## भरत मिलाप का मंचन देखकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**बिलारी।** नगर के मंदिर पोड़ा खेड़ा पर सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रही रामलीला में भरत मिलाप लीला का शानदार मंचन किया गया। जिसमें भारी तादात में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालु भरत मिलाप लीला का मंचन देखकर भाव भोर हो गए। राजा दशरथ की मृत्यु के बाद में जब भरत अपने ननिहाल से लौटे। तब उन्हें पता लगा कि उनके पिता का देहांत हो गया है।उनकी मां कैकई ने दो वरदान मांगे थे। जिसमें राम के वियोग में दशरथ ने प्राण त्याग दिए। राम को वनवास हुआ,भरत को राजगद्दी मांगी गई तो उन्होंने अपनी मां को बुरा भला कहा वह राम को मनाने के लिए चित्रकूट की ओर रवाना हो गए। चित्रकूट पहुंचने पर जब भरत ने राम से आग्रह किया कि वापस चलो तो उन्होंने उन्हें अपनी खड़ाऊ देकर विदा कर दिया। मार्मिक प्रसंग को देखकर श्रद्धालुओं की आंखों में आंसू आ गए। इस बीच रामलीला का सुंदर मंचन हुआ। एकता कला मंच के कलाकारों ने सुंदर प्रदर्शन किया। इसके अलावा सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, मोहित अग्रवाल, अनुज उपाध्याय, अमित गुप्ता, अमित पाल, मोनू शर्मा,कपिल पाराशरी, दुष्यंत चौहान,अमित मौर्य, सचिन चौहान, रोहित पाराशरी, अजय पाल सिंह आदि ने सहयोग दिया।

# राजभाषा पखवाड़ा के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डीआरएम ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत प्रतिदिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों को सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य के द्वारा मंडल कार्यालय के मनन सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुरादाबाद रेलवे मंडल में दिनांक 14 सितबंर से राजभाषा पखवाड़ा-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रतिदिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अनेक कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।सोमवार को राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अंतिम दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मनन सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम में राजभाषा अधिकारी जीपीएस चौहान ने मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी पारितोष गौतम, अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा एसपी तिवारी का स्वागत किया।अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी पारितोष गौतम के संरक्षण में तथा राजभाषा अधिकारी जीपीएस चौहान के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पखवाड़ा-2025 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी मंडल रेल प्रबंधक द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए अपना रेल कार्य अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में करने के लिए निर्देशित भी किया।



# कार की टक्कर से किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** करनपुर-कांठ मार्ग पर खेत से घर वापस आ रहे किसान तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें किसान की मौत हो गई। मौत सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने किसान के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। थाना डिलारी के गांव दौलतपुर तिगरी निवासी किसान कल्लू सिंह पुत्र लाखन सिंह सोमवार को अपने खेत से वापस घर जा रहे थे । गांव के निकट नदी पर बना पुल पार करते ही कांठ की दिशा से आ रही एक अज्ञात कार ने किसान को पीछे से टक्कर मार दी । जिससे किसान कल्लू सिंह उर्फ मेंबर साहब की मौके पर ही मौत हो गई। वही चालक अपनी कार को छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और कार को कब्जे में ले लिया है । किसान की मौत के बाद बेटे करन सिंह पुत्रवधू शीला देवी , बेटी विमला देवी सहित अन्य परिवार के सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल है।



## एक नजर

### हाईस्कूल टॉपर रूसदा बी बनीं एक दिन की प्रधानाचार्या



**कुंदरकी।** जे.एल.एम. इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत कक्षा 10 की टॉपर छात्रा रूसदा बी को एक दिन का प्रधानाचार्या बनाया गया। पदभार संभालते ही छात्रा रूसदा ने सबसे पहले कॉलेज के शिक्षकों की बैठक बुलाई, बैठक में उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि छात्रों की उपस्थिति बेहतर की जाए, अनुशासन पर ध्यान दिया जाए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। रूसदा ने अध्यापन कार्य का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई कर भविष्य में वह डॉक्टर बनना चाहती हैं। वहीं कॉलेज के प्रधानाचार्य राफात खान ने छात्राओं से अपनी शक्ति पहचानने और उसे जीवन में सफलता के लिए सकारात्मक दिशा में प्रयोग करने का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दिए 'विकसित संकल्प के मंत्र, नपकु सदस्यों ने लिया भाग



**कुंदरकी।** उत्तर प्रदेश को समर्थ,सशक्त और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को "विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश,आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश" और "शताब्दी संकल्प अभियान के तहत प्रदेश की सभी नगरीय निकायों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया, मुख्यमंत्री ने कहा कि "विकसित उत्तर प्रदेश ऐसा संकल्प है, जिसके माध्यम से न केवल प्रदेश को भारत का सबसे सशक्त और समृद्ध राज्य बनाया जाएगा, बल्कि दुनिया के सामने विकास, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के आदर्श भी प्रस्तुत किए जाएंगे, कार्यक्रम में नगर पंचायत कार्यालय कुंदरकी के सदस्यों ने टेलीकास्ट के माध्यम से हिस्सा लिया, कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा जीनत मेहदी, सभासद नजीर अहमद, शोभित सिंह, राशिद कुरैशी, आसिफ अहमद, मोहम्मद नदीम उर्फ भोला, मोहम्मद ताहिर, फहीम खघन, रफीक अहमद, अखघ्तर रजा, शमीम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हजरत बंगले वालों का तीन रोजा उर्स मुकम्मल हुआ

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला लाइन पार में हजरत मंजूर मियां बंगले वाले व हजरत मकसूद मियां झाड़ी वालों का तीन रोजा उर्स अपनी शानो-शौकत के साथ मुकम्मल हुआ दरगाह के सज्जादानशीन रिजवान अली ने बताया अल्लाह वालों के वसीले से जो दिल से दुआ की जाती है अल्लाह कबूल करता है अल्लाह वालों के आस्ताने पर रहमतों का नुजूल होता है आखिर में कुल शरीफ की रस्म अदायगी के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई और लगंर भी तकसीम हुआ इस मौके पर हाफिज कौसर अली कघजी अकील अहमद सरपरस्ती कघजी फुजेल अहमद कघजी अकबर अहमद, इनके अलावा उमर खां चांद खां शकील खां बब्बन खां याकूब सैफी शहजाद मो सइद आदि मौजूद रहे।

### छात्रा निकिता सिंह बनीं एक दिन की एसडीएम तथा खुशी रानी को बनाया गया तहसीलदार



**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला मंदिर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे महत्वाकांक्षी ष्मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के तहत एक अनूठी पहल देखने को मिली, जहाँ दो छात्राओं को एक दिन के लिए प्रशासनिक अधिकारी का दायित्व सौंपा गया। मिशन शक्ति 5.0 सशक्तिकरण का अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान का मुख्य लक्ष्य विभिन्न सरकारी विभागों के समेकित प्रयासों से महिलाओं एवं बालिकाओं को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है । इसी कड़ी में, युवतियों को नेतृत्व के अवसर प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है,विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कक्षा 9 की छात्रा निकिता सिंह को एक दिन का एसडीएम (उपजिलाधिकारी) तथा कक्षा 10 की छात्रा खुशी रानी को एक दिन का तहसीलदार नियुक्त किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार, प्रबंध समिति में सुनील अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, एवं आचार्य उत्कर्ष चौरावाल भी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी प्रीति सींह ने बताया कि ष्मिशन शक्ति 5.0 के तहत ऐसे कार्यक्रम युवा बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उनके अंदर छिपी नेतृत्व क्षमता को बाहर लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । यह अभियान न केवल महिलाओं को सुरक्षित और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में काम कर रहा है, बल्कि एक सशक्त सामाजिक संरचना को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

## ब्लॉक सभागार में मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लाइव प्रसारण





**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से क्षेत्र पंचायत और ब्लॉक प्रमुखों,जिला पंचायत अध्यक्षों के साथ संवाद किया। यह संवाद रविवार को ठाकुरद्वारा ब्लॉक सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव देखा गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनी भागीदारी और सुझावों पर जोर दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लिए 2047 तक +6 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक नागरिक की प्रति व्यक्ति आय में कई गुना वृद्धि होगी। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत किए बिना यह विशाल लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता।संवाद का मुख्य उद्देश्य पंचायतों को स्वयं की आय सृजित करने और उनको अधिक शक्तिशाली बनाना के लिए था।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संजना सिंह,खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल, ब्लाक प्रमुख पति डॉ.वीर सिंह, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सचिव विशाल कुमार शर्मा एवं मयंक भारद्वाज, लेखाकार अतीक अहमद, अनिल कुमार, ओर समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# पहली एक्सक्लूसिव हार्ट-सेफ वेट मैनेजमेंट क्लीनिक का ब्राइट स्टार हॉस्पिटल में हुआ शुभारंभ

■ **एम्स के पूर्व प्रोफेसर और विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप मिश्रा अब महानगर में देंगे अपनी सेवाएं**

**मुरादाबाद।** एम्स दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर, विश्वप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप मिश्रा अब मुरादाबाद में अपनी सेवाएं देंगे। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर उजाला सिग्नस ब्राइटस्टार हॉस्पिटल ने सोमवार को महानगर के विशिष्ट नागरिकों के लिए एक ग्राउंडब्रेकिंग स्वास्थ्य पहल की घोषणा द हार्ट-फ्रेंडली वेट मैनेजमेंट क्लिनिक का शुभारंभ करते हुए की है। यह एक्सक्लूसिव क्लिनिक इस क्षेत्र में अपनी तरह की पहली पहल है, जो मोटापे और जानलेवा हृदय स्थितियों के बीच गंभीर कड़ी को विश्व-विख्यात चिकित्सा नेतृत्व में संबोधित करती है।इस क्लिनिक का नेतृत्व डॉ. संदीप मिश्रा कर रहे हैं, जो कार्डियोलॉजी में उत्कृष्टता का पर्याय हैं। एम्स नई दिल्ली के पूर्व डायरेक्टर प्रोफेसर ऑफ कार्डियोलॉजी और भारतीय समाज के शीर्ष व्यक्तियों के स्वास्थ्य की देखभाल कर चुके एक विशेषज्ञ के रूप में, डॉ. मिश्रा मुरादाबाद में अनुपलब्ध विशेषज्ञता लेकर आए हैं। उनके साथ जुड़ रहे हैं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज गोयल और कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेटोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित बंसल, जिससे मरीजों को बहुआयामी और व्यक्तिगत देखभाल उपलब्ध होगी।डॉ. संदीप मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ष्अधिक वजन दिल पर छिपा हुआ बोझ डालता है। हमारा मिशन उन मटीजों को नई उम्मीद देना है जिन्होंने सब कुछ आजमाया लेकिन असफल रहे। हम त्वरित उपाय नहीं बल्कि विज्ञान पर आधारित, दिल की सुरक्षा के साथ वजन घटाने का दीर्घकालिक समाधान प्रदान करते हैं। यह क्लिनिक दिल्ली और विदेश के श्रेष्ठ केंद्रों के स्तर पर है।उन्होंने आगे कहा कि हार्ट-फ्रेंडली वेट मैनेजमेंट क्लिनिक हर मंगलवार, दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक, अपॉइंटमेंट पर खुली रहेगी।वहीं डॉ. पंकज गोयल ने कहा की हमारे शहर के नेता, पेशेवर और उपलब्धि हासिल करने वाले लोग विशेष स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करते हैं।





यह क्लिनिक आधुनिक हृदय जांच और व्यक्तिगत जीवनशैली प्रबंधन को जोड़कर वजन घटाता है, दिल की सुरक्षा करता है और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।डॉ. अर्पित बंसल ने कहा की चयनित मरीजों के लिए अब हम गैस्ट्रिक बैलून जैसे आधुनिक, सुरक्षित और न्यूनतम इनवेसिव विकल्प भी उपलब्ध कराते हैं, जिसे हमेशा कार्डियोलॉजिस्ट की सतर्क निगरानी में किया जाता है।

## हाईवे पर दौड़ रहे अवैध टेंपूओं के खिलाफ यूनियन ने की शिकायत कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** नगर में उत्तराखण्ड नम्बर यू.के.18 के सीएनजी टैंपो के अवैध संचालन को लेकर मुरादाबाद-रामनगर प्राइवेट बस यूनियन ने कड़ी आपत्ति जताई है। यूनियन के पदाधिकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि ये टैम्पू बिना रजिस्ट्रेशन, बिना फिटनेस और बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र के क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाकर सड़कों पर दौड़ते हैं। यूनियन ने बताया कि ऐसे टैम्पुओं से पहले भी कई दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं। ये चालक टैक्स जमा किए बिना उत्तर प्रदेश में परिचालन कर रहे हैं और अक्सर बस चालकों से सवारियों को लेकर झगड़ा भी करते हैं। शिकायत में कहा गया कि जब उत्तर प्रदेश के टैम्पू उत्तराखण्ड में नहीं चलते, तो उत्तराखण्ड नम्बर के टैम्पुओं को भी ठाकुरद्वारा क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यूनियन ने मांग की है कि इन अवैध टैम्पुओं के नगर में प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए ताकि भविष्य में सड़क हादसों से बचाव हो सके। इस दौरान .विनोद सक्सैना , नसीम, फारूख, नीटू, सखावत आदि मौजूद रहे।

# नूरिश ने संभाला एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी का पद, महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक ठाकुरद्वारा में मिशन शक्ति -5 के तहत कक्षा 8 की छात्रा नूरिश को एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी (बीडीओ)मनोनित किया गया। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी ली और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया साथ ही साथ जनता की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान हेतु कर्मचारियों को निर्देशित किया। वहीं कक्षा 8 की छात्रा फिजा ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की भूमिका निभाते हुए ग्राम की पंचायतों के विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अनूठे कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया, जहाँ नूरिश जहाँ ने खंड विकास अधिकारी का और फिजा ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत का पदभार संभाला रूयह पहल मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। योजनाओं की ली जानकारीरू नवनियुक्त बीडीओ नूरिश ने इस एक दिन के कार्यकाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का गहन अध्ययन किया। न्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया और इस विषय में जागरूकता का संदेश दिया। विकास कार्यों का हुआ मुआयनारू सहायक विकास अधिकारी के रूप में फिजा ने ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगरपालिका परिषद के अधिकारियों के साथ वार्ता कर फ्रीजर लगाए जाने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया। मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा ब्लॉक में उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति जैसे अभियानों के तहत इस प्रकार के पददवअंजपअम मकनबं. जपवदंस चतवहतंउे आयोजित किए जाते रहे हैं, जिनका उद्देश्य छात्राओं को प्रेरित करना और उन्हें सशक्त बनाना है .यह कार्यक्रम न केवल छात्राओं के लिए एक शैक्षिक अनुभभव था, बल्कि यह समाज में महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत राजूपुर खद्दर**
**विकास खण्ड-छजलैट (मुरादाबाद)।**

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 29.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत राजूपुर खद्दर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निम्न कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 07.10.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 07.10.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | होली से नरेश सिंह के घर तक सीसी टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 345226/- | 2% | 250/- | 3 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत राजूपुर खद्दर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 388/2024
**तारीख पेशी:** 14.10.2025
**राजेन्द्र प्रसाद आदि**
**बनाम जनता आम।**

1. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा उम्र 70 वर्ष पुत्र स्व. गंगासरन निवासी पुतलीघर रोड रामेश्वर कालौनी गली नम्बर-2 थाना मझोला, मुरादाबाद, 2. दीन दयाल शर्मा उम्र 62 वर्ष पुत्र गंगासरन निवासी सम्राट अशोक नगर मझोला, मुरादाबाद।

**बनाम**
**जनता आम**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा राजेन्द्र प्रसाद शर्मा हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा राजेन्द्र प्रसाद शर्मा मुसबफा राम प्रकाश शर्मा अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 14 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**(सी०डि०), मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद**
**वाद संख्या :** 52 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 01.10.2025

रशीद अहमद उम्र 70 वर्ष पुत्र रफीक अहमद निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा कस्बा व थाना व तहसील चांदपुर जिला बिजनौर-**वादी।**

**बनाम**

1. तसलीम हैदर उम्र 58 वर्ष पुत्र गुलाम हैदर, 2. श्रीमती रूखसाना उम्र 55 वर्ष पत्नी तसलीम हैदर निवासीगण मौहल्ला नई बस्ती मौहल्ला किड्डा वाला बाग, कस्बा व थाना व तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद। हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा: 25 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम- 1990** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 01 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 29 के माह 09 सन् 2025को जारी किया है।

**वि०वाद लिपिक**
**परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर (मुरादाबाद)**

पत्रांक:-200/न0प0अग0/2025-26 दिनांक:-29/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अगवानपुर जनपद मुरादाबाद को वर्ष 2025-26 में ''पं० दीन दयाल उपाधयाय आदर्श नगर पंचायत योजना, राज्य वित्त आयोग, के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.09.2025 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 29.10.2025 को दोपहर 04.00 बजे तक Online डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक 30.10.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगीं एवं उसी दिन अपरान्ह 02.15 बजे से अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष Online खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तों का भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एवं https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**( नीतू सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत अगवानपुर**
**मुरादाबाद।**

**( गुलरेज खान )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अगवानपुर**
**मुरादाबाद।**

**भगवन्त सिंह महाविद्यालय**
कुआखेड़ा खालसा, मुरादाबाद।
(सम्बद्ध: गुरू जम्भेश्वर विश्व. विद्यालय, मुरादाबाद)
**बी०ए०, बी०एस०सी०**
**पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**
1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. राजनीति शास्त्र, 8. संस्कृत, 9. शिक्षाशास्त्र, 10. अर्थशास्त्र, 11. रसायन विज्ञान, 12. भौतिक विज्ञान, 13. जंतु विज्ञान, 14. वनस्पति विज्ञान, 15. गणित,
**शैक्षिक योग्यता**- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट:**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व: प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।
**संपर्क सूत्र: 9412143382**

**भगवन्त सिंह इन्स्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**
(संबद्ध: गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
**बी०ए०, बी०एस०सी० एवं बीकॉम**
**पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**
1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. उर्दू, 8. रसायन विज्ञान, 9. भौतिक विज्ञान, 10. जंतु विज्ञान, 11. वनस्पति विज्ञान, 12. गणित, 13. कोमर्स।
**शैक्षिक योग्यता**- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार
**नोट:**- इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व: प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैनकार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।
**संपर्क सूत्र: 9412143382**

**हरकली देवी गर्ल्स महाविद्यालय**
लौंगी कलां, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।
(सम्बद्ध: गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
**बी०ए०, बी०एस०सी०**
**पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**
1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. शिक्षाशास्त्र, 8. रसायन विज्ञान, 9. भौतिक विज्ञान, 10. जंतु विज्ञान, 11. वनस्पति विज्ञान, 12. गणित,
**शैक्षिक योग्यता**-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट:**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व: प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।
**संपर्क सूत्र: 7534802060**

### संक्षिप्त खेल समाचार

## टीम इंडिया को दी एशिया कप विजेता बनने पर बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व उत्तर प्रदेश के सीएम सहित विभिन्न नेताओं ने एशिया कप के विजेता बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। महामहिम ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर टीम इंडिया को मेरी हार्दिक बधाई। टीम ने टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा, जिससे खेल में उनका दबदबा कायम रहा। मैं कामना करती हूं कि टीम इंडिया भविष्य में भी इसी तरह अपना परचम लहराए। वहीं, श्री मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की बधाई देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर नतीजा वही, भारत जीत गया! हमारे क्रिकेटरों को जीत की बधाई। शाह ने टीम इंडिया को जीत की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि एक अद्भुत जीत।

## यूसीआई रोड वर्ल्ड चैंपियनशिप में तादेज ने जीता स्वर्ण

**रवांडा, वार्ता।** स्लोवेनियाई राइडर तादेज पोगाकर ने टूर्नामेंट के आखिरी दिन 267.5 किलोमीटर की यूसीआई रोड वर्ल्ड चैंपियनशिप पुरुषों की एलीट रोड रेस 6:21:20 में जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविवार को हुई इस स्पर्धा में बेल्जियम के रेम्को इवेनेपोल ने 6:22:48 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता, जबकि आयरलैंड के बेन हीली ने 6:23:36 के समय के साथ कांस्य पदक मिला। स्पर्धा के बाद पोगाकर ने संवाददाताओं से कहा कि अफ्रीका में, खासकर रवांडा में, जीतना इसे और भी खास बनाता है। यह एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है, वास्तव में एक सफल सप्ताह।

# कुलदीप एशिया कप के टॉप विकेट टेकर

● अभिषेक शर्मा के सबसे तेज 50 छक्के, भारत ने 18 साल बाद पाकिस्तान को फाइनल में हराया




**दुबई, वार्ता।** भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर 9वीं बार एशिया कप का टाइटल अपने नाम कर लिया। 20 दिन चले टूर्नामेंट में कई बड़े रिकाड्र्स बने। कुलदीप यादव एशिया कप इतिहास के टॉप विकेट टेकर बने।

उन्होंने एक एडिशन में सबसे ज्यादा विकेट भी लिए। अभिषेक शर्मा टी-20 क्रिकेट में सबसे कम गेंदों पर 50 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। टूर्नामेंट के 41 साल के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल हुआ। वहीं टीम इंडिया टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम भी बनी। भारत ने पाकिस्तान को इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार 8वीं बार हराया। टीम को आखिरी हार 2022 के एशिया कप में दुबई के मैदान पर ही मिली थी। इसके बाद टीम ने पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप में 2 बार और एशिया कप में 4 बार हराया। वनडे वर्ल्ड कप और चौंपियंस ट्रॉफी में 1-1 जीत दर्ज की। भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान पर क्लीन स्वीप भी किया। टीम ने ग्रुप स्टेज में 7 विकेट, सुपर-4 में 6 विकेट और फाइनल में 5 विकेट के अंतर से जीत दर्ज की। मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पहली बार किसी चैंपियन ने दूसरी टीम को लगातार 3 बार हराया। इससे पहले 1983 के वर्ल्ड कप में चैंपियन भारत ने वेस्टइंडीज और 2004 के एशिया कप में चैंपियन श्रीलंका ने भारत को 3 मुकाबलों में 2 बार हराया था। टी-20 एशिया कप के एक मैच में सबसे ज्यादा रन बने एशिया कप में सुपर-4 स्टेज का आखिरी मैच बेहद रोमांचक हुआ। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने भी 202 रन बनाकर मैच टाई करा लिया। दोनों टीमों ने मिलकर 404 रन बनाए। यह एक टी-20 एशिया कप मैच में सबसे ज्यादा रन बनने का रिकार्ड रहा। इससे पहले 2022 में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच मैच में 367 रन बने थे। भारत लगातार 6 सुपर ओवर जीतने वाली पहली टीम भारत और श्रीलंका के बीच सुपर-4 मैच टाई रहा, जिसे टीम इंडिया ने सुपर ओवर में जीता। टीम इंडिया टी-20 इंटरनेशनल में लगातार 7 टाई मैच जीतने वाली दुनिया की पहली ही टीम है। इस दौरान भारत ने पिछले 6 मैच सुपर ओवर में जीते। भारत और श्रीलंका के बीच लगातार दूसरा टी-20 टाई रहा। इससे पहले 2020 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच भी लगातार 2 टी-20 टाई हुए थे। हर बार भारत को जीत मिली। भारत का पाक के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज एशिया कप के सुपर-4 मैच में भारत ने पाक को 6 विकेट से हराया। टीम ने 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। यह पाक के खिलाफ टीम इंडिया का हाईएस्ट टी-20 चेज रहा। इससे पहले 2022 के वर्ल्ड कप में टीम ने 160 रन चेज किए थे। भारत के खिलाफ लोएस्ट टी-20 टोटल बना भारत के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच में यूएई की टीम 57 रन बनाकर ही सिमट गई।

## पीसीबी प्रमुख के कथित तौर पर एशिया कप ट्रॉफी लेकर चले जाने पर बीसीसीआई विरोध जताएगा

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने आज एशिया कप 2025 के फाइनल में मैच के बाद एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के विजेता ट्रॉफी ले जाने की घटना की निदा करते हुए इसे 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, खेल भावना के विरुद्ध' बताया और कहा कि नवंबर की शुरुआत में दुबई में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) सम्मेलन में इस पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया जाएगा।

भारत की कल रात पाक पर रिकॉर्ड नौवीं एशिया कप जीत उस अभूतपूर्व नाटक के कारण धूमिल हो गई, जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष

### बीसीसीआई सचिव ने एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के विजेता ट्रॉफी के ले जाने की घटना की निंदा की

मोहसिन नकवी कथित तौर पर भारत की पांच विकेट की जीत के तुरंत बाद विजेता ट्रॉफी लेकर चले गए, जिससे मंच खाली हो गया और प्रशंसक स्तब्ध रह गए। कथित तौर पर भारतीय टीम ने आयोजकों को पहले ही चेतावनी दे दी थी कि अगर नकवी ट्रॉफी सौंपने की कोशिश करेंगे तो वे मंच पर नहीं आएंगे। सैकिया ने कहा कि भारत ने पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा है और तीनों मैच आसानी से जीते हैं। हमें अपने खिलाड़ियों और कर्मचारियों पर गर्व है, और उनका प्रदर्शन देश के लिए अपार सम्मान लेकर आया है।

## खिलाड़ियों ने किया ट्रॉफी लेने से इंकार बीसीसीआई की कोई भूमिका नहीं : सूर्या



● भारतीय टीम के इंकार के कारण दुबई अंतर्राष्ट्रीय मैदान में पुरुस्कार वितरण काफी देर बाद हुआ

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि विजेता टीम की ट्रॉफी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से लेने से इंकार का का फैसला पूरी तरह खिलाड़ियों का था इसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कोई भूमिका नहीं हैं।

सूर्यकुमार ने बीसीसीआई और एसीसी के बीच किसी भी आधिकारिक बातचीत से इस फैसले को अलग रखते हुए कहा कि किसी ने हमें ऐसा करने के लिए नहीं कहा। हमने यह फैसला मैदान पर ही लिया। जब से मैंने क्रिकेट खेलना और क्रिकेट देखना शुरू किया है, तब से मैंने ऐसा कभी नहीं देखा कि एक चैंपियन टीम को ट्रॉफी से वंचित कर दिया जाए। वह भी कड़ी मेहनत से हासिल की गई ट्रॉफी, जो हमें आसानी से नहीं मिली। पाकिस्तान के मंत्री नकवी कथित तौर पर विजेता ट्रॉफी और पदक लेकर मैदान से चले गए।

भारतीय टीम के इनकार के कारण दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मैच के बाद की पुरस्कार वितरण काफी देर बाद हुआ। ट्रॉफी न होने के बावजूद, भारतीय खिलाड़ियों ने पोडियम पर जश्न मनाया। सूर्यकुमार ने ट्रॉफी उठाने का अभिनय किया, जिसमें टीम के साथी भी शामिल हुए और प्रशंसकों ने जोरदार जयकारे लगाए। उन्होंने कहा कि मेरी ट्रॉफियां ड्रेसिंग रूम में मौजूद 14 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ हैं। यही असली ट्रॉफियां और असली यादें हैं जिन्हें मैं अपने साथ ले जा रहा हूं। भारतीय कप्तान ने यह भी घोषणा की कि वह अपनी पूरी एशिया कप मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों को दान कर देंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि लोग इसे विवादास्पद कहेंगे या नहीं, लेकिन मेरे लिए यही सही है।

# भारतीय टीम ने नहीं ली नकवी से ट्रॉफी

● पुरस्कार वितरण का प्रसारण शुरू होने से पहले ही ट्रॉफी को मैदान से हटा लिया गया था




**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच में जीत के बाद, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इस घटनाक्रम के कारण रिंकू सिंह द्वारा विजयी चौका जड़े जाने के डेढ़ घंटे से भी अधिक समय बाद पुरस्कार वितरण समारोह शुरू हुआ। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया, जबकि नकवी विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने के लिए अपनी जगह से हटने को तैयार नहीं हुए। नकवी, जो कि पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं, इस बात पर अड़े रहे कि वे अकेले ही ट्रॉफी देंगे। पुरस्कार वितरण का प्रसारण शुरू होने से पहले ही ट्रॉफी को मैदान से हटा लिया गया था। तिलक वर्मा, कुलदीप यादव और अभिषेक शर्मा ने प्रायोजकों से अपने-अपने पुरस्कार प्राप्त किए लेकिन भारतीय टीम को अपने विजेता पदक और ट्रॉफी नहीं मिल पायी। भारत को बिना ट्रॉफी के अपने ड्रेसिंग रूम में लौटना पड़ा। पाकिस्तान ने बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से अपने उपविजेता पदक प्राप्त किए और उसके बाद सीधे अपने ड्रेसिंग रूम में चले गए, उनके साथ उनके मुख्य कोच माइक हेसन भी थे। मैच समाप्त होने के बाद पाकिस्तान की टीम और उसके सदस्य ड्रेसिंग रूम चले गए इसे बाद प्रेस कॉफ्रेंस को लेकर अनश्चिता का माहौल बन गया। पाकिस्तानी टीम आखिरकार एक घंटा अंदर बिताने के बाद, संभवत: तनावपूर्ण गतिरोध के खत्म होने का इंतजार करते हुए, ड्रेसिंग रूम से बाहर निकली और अपनी टीम को ट्रॉफी उठाते देखने के लिए उत्सुक अधिकतर भारतीय दर्शकों ने जोरदार हूटिंग की। फिर भी पुरस्कार वितरण समारोह में और देरी हुई और दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर ही बैठे रहे।

# भरोसे का प्रतीक बन गए हैं तिलक



● आईपीएल में शानदार प्रदर्शन ने भारतीय टीम में तिलक के चयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को खेले गए एशिया कप फाइनल में भारत के माथे पर जीत का तिलक लगाने वाले तिलक वर्मा आज न केवल हर भारतीय की जुबान पर हैं, बल्कि भरोसे का प्रतीक भी बन गए हैं। आठ नवंबर 2002 को आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में तेलगु परिवार में जन्में तिलक वर्मा ने 21 की उम्र पार करने से पहले ही अगस्त 2023 में भारत के लिए अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेला था। अपने इस पहले मैच में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरी और तीसरी ही गेंद पर दो शानदार छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वह क्रिकेट जगत में अपनी धाक जमाने के लिए आए हैं। एक वक्त था जब इस प्रतिभावान खिलाड़ी के पिता श्री नम्बूरी नागराजू के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह निजी कोचिंग की व्यवस्था कर पाते, लेकिन तब तिलक के पहले कोच श्री सलाम बयाश ने न केवल उनके लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की, बल्कि आवश्यक सामान भी जुटाए। तिलक ने उनके भरोसे पर खरे उतरते हुए 2018-19 में हैदराबाद की ओर से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्हें जल्द ही, 2020 में दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्वकप के लिए चुन लिया गया, जहां उन्होंने तीन पारियों में महत्वपूर्ण 86 रन बनाए। तिलक घरेलू क्रिकेट में 2021 में हैदराबाद की ओर से खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया और सात पारियों में 147-26 के स्ट्राइक रेट से 215 रन बनाए। इस प्रदर्शन पर आईपीएल टीमों की नजर गई और 2022 के मेगा ऑक्शन में मुंबई इंडियन्स ने उन्हें 1.70 करोड़ में खरीद लिया। तिलक ने अपने पहले आईपीएल सीजन में सभी 14 मैच खेले और 36.09 की औसत एवं 131.02 की स्ट्राइक रेट से 397 रन बनाए। आईपीएल के इस शानदार प्रदर्शन ने भारतीय टीम में उनके चयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया और उन्होंने 2023 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपना पदार्पण किया। तिलक वर्मा ने अब तक के अपने क्रिकेट कैरियर में 32 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों में 30 पारियों में 149 की स्ट्राइक रेट से 962 रन बनाए हैं। अपने टी-20 करियर में उन्होंने दो शतक लगाए हैं।

## टेलर ने जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर टोक्यो फाइनल में प्रवेश किया

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिका के स्टार टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज सोमवार को जापान ओपन में अपने हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी पर सीधे सेटों में जीत के साथ सीजन के अपने तीसरे एटीपी टूर फाइनल में पहुंच गए। दूसरे वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने आज खेले गए मुकाबले में ब्रूक्सबी को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और अब उनका फाइनल में सामना शीर्ष रैंलकग वाले कार्लोस अल्काराज और कैस्पर रूड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। फ्रिट्ज ने ब्रूक्सबी के खिलाफ 13 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 85 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिन्हें दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ने इस साल तीसरी बार हराया था। उन्होंने 5-4 के स्कोर पर ब्रूक्सबी की सर्विस ब्रेक की और पहला सेट जीत लिया।

## डेनिस ने दो विश्व रिकॉर्ड के साथ बाजी मारी

● डेनिस ने पुरुषों के एफ40 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए शॉटपुट सर्किल में एक विशालकाय खिलाड़ी की तरफ कदम रखा

**नई दिल्ली, वार्ता।** डेनिस ग्नेजदिलोव ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली पैरा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के एफ40 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए शॉटपुट सर्कल में एक विशालकाय खिलाड़ी की तरह कदम रखा। शुरुआती 10.66 मीटर के प्रयास के बाद उनके पांचों थ्रो में से प्रत्येक उनके लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पर्याप्त था। रुस्तवी में जन्मे 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपनी अलग ही पहचान बनाई, अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर थ्रो के साथ उन्होंने पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मिगुएल मोंटेइरो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और आखिरी थ्रो में 11.92 मीटर थ्रो ने उनके रिकॉर्ड को और भी ऊंचा कर दिया। टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ने अपना तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतकर इस खेल के इतिहास में अपनी जगह पक्की कर ली। मिगुएल मोंटेइरो (पुर्तगाल) और गर्राह तनायाश (इराक), जो पहले भी पुरुषों के शॉट पुट एफ40 विश्व रिकॉर्ड का मालिक रह चुके हैं, ने फाइनल को एक रोमांचक मुक.ाबला बनाने की कोशिश की। दो पूर्व विश्व चैंपियन, गर्राह तनायाश और यानिस फिशर (जर्मनी) के मैदान में होने के कारण, फाइनल उम्मीद के मुता.बिक उच्च स्तर का रहा। पुर्तगाली स्टार ने पहले राउंड के बाद 10.92 मीटर के साथ बढ़त बनाई, लेकिन गनेजदिलोव ने दूसरे राउंड में 11.59 मीटर के प्रयास के साथ अपनी पकड़ मजबूत कर ली। उन्होंने अपनी पकड़ ढीली नहीं की और न ही पैडल से पैर हटाया, अपने तीसरे प्रयास में विश्व रिकॉर्ड हासिल किया और, पकड़ के आश्वस्त होने के बावजूद, बिना किसी आत्मसंतुष्टि के, अपने पिछले प्रयास में रिकॉर्ड को फिर से स्थापित किया। दयावंती ने एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन चौथे स्थान पर रहीं। सोमवार सुबह मैदान में उतरने वाली भारतीय खिलाड़ियों में, दयावंती का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। अपने आखिरी प्रयास में 27-94 मीटर के प्रयास से वह महिलाओं के डिस्कस थ्रो एफ 64 फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। इससे उन्हें एशियाई रिकॉर्ड तो मिला, लेकिन कांस्य पदक विजेता एलिसिया गुएरेरो (अमेरिका) और उनके बीच 1.51 मीटर का अंतर था। इसी तरह एक अन्य भारतीय आयुष वर्मा पुरुषों के शॉटपुट एफ5 फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.23 मीटर रहा, जो एलेस किसी (चेक गणराज्य) द्वारा प्राप्त कांस्य पदक की दूरी से 97 सेमी कम था। अनुभवी धावक रोंगाली रवि, पुरुषों के शॉटपुट एफ40 फाइनल में जगह नहीं बना पाए। उन्होंने इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास 10.10 मीटर किया, लेकिन पोडियम फिनिश से 76 सेमी कम रह गए।

## श्रीलंका के खिलाफ भारतीय महिला टीम विश्वकप में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी

● भारत ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 35 मैचों में से 31 में जीत हासिल की है

**गुवाहाटी, वार्ता।** मजबूत रिकार्ड के साथ प्रबल दावेदार के रूप में भारतीय महिला क्रिकेटर मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के पहले मैच में जीत हासिल करने उतरेगी। वनडे मुकाबलों की बात की जाए तो भारत ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 35 मैचों में से 31 में जीत हासिल की है। मेहमान टीम को केवल तीन मैच जीते है और एक बेनतीजा रहा है। यह शानदार रिकॉर्ड भारत को गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलाता है। इस साल शानदार फॉर्म में चल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना का बल्लेबाजी में दबदबा होगा। उन्होंने 14 मैचों में 66.28 की औसत से 928 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। जेमिमाह रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा और प्रतीका रावल एक चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सक्षम टीम बनाती है। भारतीय गेंदबाजी की बात की जाए तो स्नेह राणा 4.97 की इकॉनमी रेट से 21 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा, सभी श्रीलंकाई बल्लेबाजों को रोकने और महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने में सक्षम है। वहीं चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंका इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश करेगा। उनकी उम्मीदें भरोसेमंद हर्षिता समरविक्रमा पर टिकी हैं, जिन्होंने इस साल आठ मैचों में 48.00 की औसत से 336 रन बनाए हैं। स्पिनर देवमी विहंगा उनकी बेहतरीन गेंदबाज रही हैं, उन्होंने चार मैचों में 11 विकेट लिए हैं। इन पर भारत के स्कोर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बरसापारा की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, इस पिच पर एकदिवसीय मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 300 रन होता है। बीच के ओवरों में स्पिनर को टर्न मिल सकता हैं।

**संभावित भारतीय महिला एकादश:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), मंधाना, प्रतीक रावल, जेमिमा, हरलीन देओल, दीप्ति, स्नेहा, ऋचा (विकेट कीपर), अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और रेणुका सिंह ठाकुर।

**संभावित श्रीलंका महिला एकादश:** चामरी (कप्तान), हर्षिता समाराविक्रमा, हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का (विकेट कीपर), पिउमी, देवमी विहंगा, सुगंडिका कुमारी, इनोका राणावीरा और मल्की मदारा।

## स्ट्रोक से वर्ल्ड चैंपियन तक रोचक और प्रेरक है पोलैंड की मैग्दलेना की खेल यात्रा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जब मैग्दलेना एंड्रुस्जकिविच ने इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की टी72 400 मीटर फाइनल रेस का फिनिशलाइन छुआ तो, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। दर्शकों के लिए यह एक दिव्यांग एथलीट की शानदार जीत थी, लेकिन मैग्दलेना के लिए यह सात वर्षों की संघर्षमय यात्रा, धैर्य और अडिग उम्मीद का प्रतीक था।

इस 37 वर्षीय पोलिश एथलीट की कहानी असामान्य है। सात साल पहले, अचानक हुए मस्तिष्क स्ट्रोक ने उनके शरीर के एक हिस्से को निष्क्रिय कर दिया था। मैग्दलेना याद करती हैं कि एक पल में मेरी दुनिया बदल गई। जिंदगी जैसी मैं जानती थी, अचानक खत्म हो गई लग रही थी। लेकिन यही क्षण उनके जीवन जीवन की एक नई और प्रेरणादायी यात्रा की शुरुआत बन गया। फिजिकल थेरेपी के दौरान फ्रेम साइकिल चलाते हुए उन्होंने धीरे-धीरे खेलों के प्रति लगाव महसूस किया। वह कहती हैं कि शुरुआत में यह केवल अपने पैरों पर खड़े होने की को.शिश थी। फिर यह मेरा जुनून बन गया, और अब यह मेरी जिंदगी है। पांच साल पहले मैग्दलेना ने पैरा एथलेटिक्स को पूरी तरह अपनाया। जापान के कोबे में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में उन्होंने टी72 कटेगरी में विश्व रिकार्ड के साथ पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीता।




## जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 पर जीत दर्ज की

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम पर 1-0 से जीत दर्ज की। कनिका सिवाच (32वें मिनट) ने भारत के लिए विजयी गोल दागा। आज यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर के बाद, भारत ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनटों में कनिका सिवाच के महत्वपूर्ण मैदानी गोल की बदौलत गतिरोध तोड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**ठाकुरद्वारा।** गत वर्ष की भांति भायपुर के माँ चामुंडा देवी मंदिर से शारदीय नवरात्र में विधिवत् पूजा अर्चना के साथ गांव के मुख्य मार्गो से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में मां दुर्गा के जयकारों से माहौल भक्तिमय गया। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम भायपुर में सोमवार को माँ चामुंडा देवी मंदिर कमेटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के सप्तमी के दिन सम्पूर्ण ग्राम में गाजे-बाजे के साथ माता की शोभायात्रा धूम-धाम से निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारम्भ वार्ड नंबर 01 भाजपा जिला पंचायत सदस्य पति राहुल कुमार चौहान के द्वारा फीता काटकर किया गया। शोभायात्रा में गांव के मां चामुंडा मंदिर से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गो से मंदिर पर परिसर में पहुंच कर संपन्न हुई। शोभयात्रा का गांव में जगह-जगह पुष्प वर्ष कर श्रद्वालुओं ने स्वागत किया। यात्रा में मां काली सहित अन्य झांकिया आकर्षक का केंद्र बनी थी। यात्रा में माता के जयकारों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के दौरान जिला पंचायत सदस्य पति राहुल कुमार चौहान का गामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। यात्रा में शैलेन्द्र चौहान (ग्राम विकास अधिकारी) जसवंत सिंह, चन्द्रवीर सिंह, बलराम सिंह, करन सिंह, राजेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार, डा अर्जुन सिंह, प्रिंस कुमार, दमन चौहान, सत्यम चौहान, सचिन चौहान, रविंद्र कुमार, कृष्ण अवतार सिंह (बंटी), मोनू चौहान, आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बल्देवपुरी इलाके में युवक की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अचानक हुई इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही कटघर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहींए फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अब आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं मृतक के परिवार वालों ने कटघर थाने पर धरना देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

जानकारी के मुताबिक गुलाबबाड़ी फाटक निवासी शोभित पुत्र घनश्याम सोमवार को बलद.वपुरी इलाके में मौजूद था। इसी दौरान कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने तमंचे से गोली चला दी।



गोली सीधे शोभित के सिर में लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अचानक गोली चलने की आवाज से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई और लोग दहशत में अपने घरों में दुबक गए।घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह भी पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और जांच.पड़ताल की। इस वारदात की खबर जैसे ही शोभित के परिवार तक पहुंची तो उसके घर में कोहराम मच गया। परि.जनों का रो.रोकर बुरा हाल है। परि.जनों ने पुलिस से हत्यारोपी को जल्द पकड़ने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात भी कही जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच में मामला आपसी कहासुनी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया जाएगा।

## आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति करने के इच्छुक किसानों के सदस्य बनने का आज आखिरी दिन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आगामी पेराई सत्र 2025-26 में चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करने के इच्छुक किसानों को 30 सितंबर तक सहकारी गन्ना विकास समिति का सदस्य बनना अनिवार्य होगा। यह जानकारी उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी किसान आनलाइन पंजीकरण व आवेदन कर समिति की सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद किसानों को अपने भू-अभिलेख, खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रतियां, किसान घोषणा-पत्र और दो फोटो संबंधित गन्ना समिति में जमा करानी होंगी। साथ ही 221 रुपये सदस्यता शुल्क भी अदा करना होगा। उप गन्ना आयुक्त ने स्पष्ट किया कि दस्तावेजों की जांच के बाद किसानों को गन्ना समिति की सदस्यता प्रदान की जाएगी और स्थाई कृषक कोड आवंटित किया जाएगा। इसी कोड के आधार पर किसान चीनी मिलों को - गन्ना आपूर्ति कर सकेंगे। भविष्य में यह कोड ई-गन्ना एप पर उपलब्ध होगा, जहां किसान अपने आपूर्ति से - जुड़े सभी विवरण देख पाएंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम तिथि के बाद किसी भी किसान को सदस्यता नहीं दी जाएगी।

## एक नजर

### 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' महाअभियान के तहत हुआ संवाद कार्यक्रम



**चन्दौसी।** मुख्यमंत्री द्वारा 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047 समृद्धि का शताब्दी वर्ष' महाअभियान के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद चंदौसी के स्वास्थ्य विभाग के मीटिंग हॉल में नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम द्वारा संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पालिक.ाध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा कहा गया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने की पहल की गई है जिस हेतु 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व' महाअभियान का आरंभ किया गया है। इस अभियान में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से प्रदेश का विकास हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट का निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम में सभासद गणों में तरुण कुमार नीरज, शिव कुमार सैनी, अमित दिवाकर, सुलेखा, मोहित दिवाकर, शाहबाज खान उर्फ अन्ना, इरफान, किशन प्रजापति, नवकांत देव शर्मा, दयाराम कनौजिया आदि सभासद मौजूद रहे। पालि.का स्टाफ से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, ऋषभ कुमार आर आई, प्रभाकर गुप्ता, प्यारेलाल, नरेश कुमार, चंद्रमोहन, अंशुल गुप्ता, हिना गोयल, लवित वार्ष्णेय, अमन कार्तिक आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजस्व अमीन सुशील बिश्नोई को दी सेवानिवृत्ति पर विदाई



**कांठ ( शाह टाइम्स )** राजस्व अमीन सुशील बिश्नोई को आज सेवा निवृत्ति पर विदाई दी गई। मुख्तियारपुर नवादा निवासी सुशील बिश्नोई काफी समय से तहसील में राजस्व अमीन के पद पर कार्यरत थे आज उनकी सेवा निवृत्ति का समय आया तो तहसील के कर्मचारियों और अधिकारियों ने उनके सम्मान में एक विदाई समारोह आयोजित किया। जिसमें फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया गया और उनकी लंबी उम्र के लिए ईश्वर से कामना की गई। कार्यक्रम के पश्चात उप जिला अधिकारी ने सरकारी गाड़ी से उन्हें सम्मान सहित उनके घर तक पहुंचाया। इस अवसर पर राजस्व अमीन सहित हाकिम अली संजय शर्मा रामनाथ सिंह अशोक कुमार सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## स्पीड पोस्ट सेवाओं में दूरी और वजन के हिसाब से दरें होंगी लागू

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय डाक विभाग एक अक्टूबर से स्पीड पोस्ट सेवाओं में बड़े बदलाव करने जा रहा है। नए नियमों के तहत अब दूरी और वजन के हिसाब से नई दरें लागू होंगी।स्थानीय स्तर पर 50 ग्राम तक का पत्र या पार्सल भेजने की शुरुआती दर 19 रुपये होगी, जबकि 2000 किलोमीटर तक की दूरी पर यही दर 47 रुपये तय की गई है। इसी तरह 51 से 250 ग्राम के पार्सल के लिए शुल्क दूरी से अनुसार 24 रुपये से लेकर 77 रुपये तय किया गया है। वहीं, और 251 से 500 ग्राम तक के पार्सल के लिए शुल्क 28 रुपये से लेकर 93 रुपये तक होगा।पोस्ट सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए स्पीड पोस्ट शुल्क पर 10 प्रतिशत की छूट शुरू की गई है। इसके अलावा, नए थोक ग्राहकों को पांच प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जाएगी। वहीं, अतिरिक्त सुरक्षा चाहने वाले ग्राहकों के लिए पंजीकरण और ओटीपी जैसी सेवाओं पर पांच रुपये का शुल्क लिया जाएगासनई व्यवस्था में ग्राहकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई अन्य सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। अब स्पीड पोस्ट की डिलीवरी ओटीपी आधारित होगी। यानी पार्सल तभी मिलेगा जब प्राप्तकर्ता मोबाइल पर आया वन टाइम पासवर्ड दिखाएगा। इसके अलावा ग्राहकों को ऑनलाइन बुकिंग और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी दी जाएगी।

ताकि उन्हें डाकघर जाकर लाइन में लगना न पड़े। डिलीवरी स्टेटस की जानकारी एसएमएस के जरिए मिलती रहेगी और रजिस्ट्रेशन सेवा भी शुरू की जाएगी।। स्पीड पोस्ट के शुल्क में पिछली बार अक्तूबर 2012 में संशोधन किया गया था।

## न्यू शाइनिंग स्टार क्लब चन्दौसी की चौथी एकल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया कमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में न्यू शाइनिंग स्टार क्लब चन्दौसी द्वारा रामबाग धाम के विशाल रंगमंच पर लगातार चौथी बार एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ निर्णायक मंडल द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। क्लब संरक्षक अंशुल टनाटन, रवि पत्थर वाले, अखिलेश खिंलाड़ी, सौम्य अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, मौसम गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय, विकास मेंथा, एड. अनुज अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, अंकित जैन, डॉ. वीरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 05 से 12 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया और शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. कविता गुप्ता एवं हिमानी चन्द्रा शामिल रहीं, जबकि संचालन दुर्गा टंडन और सर्वेश चीनी ने किया। आयोजन में अनिल गुरु व अमर वार्ष्णेय का विशेष सहयोग रहा। सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट, प्रशस्ति पत्र, 500 रु.





नकद, मिठाई का पैकेट, ब्रांडेड घड़ी व क्रोकरी सेट प्रदान किए गए। देर रात घोषित परिणाम में प्रथम विज.ेता को जम्बो स्पीकर, द्वितीय को मीडियम स्पीकर व तृतीय को जूनियर स्पीकर प्रदान किया गया। इस अवसर पर मीडिया बंधुओं, संरक्षक मंडल एवं विशेष सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष हनी चन्द्रा, उपाध्यक्ष मुदित गर्ग, महामंत्री आलोक वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष सचिन दयाल, उपमंत्री आर्यन वार्ष्णेय, अभिनव शर्मा, निखिल गुप्ता, गिरीश शर्मा, सुभाष चन्द्रा, अक्षय वार्ष्णेय व प्रवीण शर्मा सहित टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### महिला ने देवर के खिलाफ लिखाई छेड़छाड़ और मारपीट में एफआईआर

**कांठ।** महिला ने देवर पर उसके साथ छेड़छाड़ करने और मारपीट करने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का आरोप है कि 21 सितंबर को वह सुबह खाना बना रही थी तभी उसका देवर आया और उससे छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी कहने लगा कि तेरा पति तेरा नहीं है उसे तो उसके चाचा ने अपने मकान में रख रखा है इसका विरोध किया तो जेठ भी आ गया और उसने भी मारपीट करनी शुरू कर दी महिला का कहना था कि उसने देवर के खिलाफ पहले मुकदमा दिखाया था।

लेकिन उसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे उसके हौसले बढ़ गए और उन्होंने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। महिला ने जेठ जेठानी पर भी उसके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की है।

## स्योहारा मार्ग पर बनेगा सलेमपुर के नाम से गेट, सर्वे देखकर गांव में खुशी का माहौल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सलेमपुर गांव की बरसों पुरानी मांग को आज क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने अमली जामा पहनाकर पूरा करने का काम किया गांव में इस बात को लेकर खुशी का माहौल है।

बताया गया की 32 सालों से सलेमपुर गांव के लोग स्योहारा मार्ग पर सलेमपुर के नाम से गेट बनवाने की मांग करते चले आ रहे थे लेकिन यही मांग जब विधायक कमाल अख्तर के सामने रखी तो उन्होंने इसको स्वीकार करते हुए गेट के लिए अनुमति प्रदान करा दी। आज गेट निर्माण के लिए सर्वे हुआ तो गांव में खुशी का माहौल छा गया गांव के दानिश चौधरी वसीम अंसारी अरशद फुरकान नफीस शाका सलाउद्दीन



चौधरी खालिद दुर्रानी राशिद सैफी गौहर चौधरी नफीस नाजिम अंसारी आजम चौधरी जुबेर पठान इरफान बाबा इदरीश घोसी मुजीब राणा आदिल गुड्डू युसूफ चौधरी मौलाना दिलशाद मोहम्मद जब्बार डॉक्टर मतीन मुजीब आदि ने इस बात को लेकर खुशी का इजहार किया है।

## गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा, गांव में नालियों की सफाई न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** विकासखंड के लक्ष्मीपुर कट्टई के गांव मिलक कामरु में पानी की निकासी न होने की वजह से और नालियों की सफाई न होने से ग्रामीण परेशान हैं। रविवार को मोहम्मद यासीन,खलील चौधरी, तौफीक मुखिया,नानक चंद्र, यशपाल, कृष्णपाल सिंह, खुर्शीद खांन शरीफ अहमद आदि ग्रामीणों ने कहा कि हमारा गांव नेशनल हाईवे जीरो प्वॉइंट के बराबर में है गांव में फैली गंदगी और सड़कों पर बहते गंदे पानी के आक्रोश व्याप्त किया ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर सता रहा है।

गांव में नालियां चोक हो गई हैं, जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इस गंदे पानी से होकर निकलने के कारण महिलाएं और बच्चे अक्सर गिरकर घायल हो जाते हैं।



गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी नियमित रूप से सफाई करने नहीं आते हैं। यदि वे आते भी हैं, तो बिना काम किए वापस चले जाते हैं।

इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान, सचिव और विकास खंड के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है,पानी की उचित निक.ासी और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की मांग की है।ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायतें किए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

### मैनाठेर थाना क्षेत्र में दबंगई से सरकारी चकरोड़ पर कब्जा करने का आरोप



**कुन्दरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के लालवारा गांव में दबंगई का मामला सामने आया है। गांव की रहने वाली पीड़िता जहरा पत्नी मरगूब ने पड़ोस के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि पड़ोस के लोगो ने जबरन सरक.ारी चकरोट पर कब्जा कर लिया और वहां मकान खड़ा कर लिया। इतना ही नहीं दबंग लोग अब चकरोट का रास्ता उसकी खेती की जमीन में से निकाल दिया है। पीड़िता जहरा का आरोप है कि दबंगों ने उसके खेत में जबरन मिट्टी डलवाकर रास्ता बना डाला। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कहकर दबाव बनाया जा रहा है।

मामले से परेशान पीड़िता ने पुलिस और उपजिलाधिकारी बिलारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने अधिकारियों से दबंगों पर सख्त कार्रवाई करने और अपनी जमीन को बचाने की मांग की है। गांव में इस घटना को लेकर चर्चाएं तेज हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है।

## दयानंद इंटर कॉलेज में बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के दिशा निर्देशन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर तथा ग्राम गुलड़िया में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर ग्राम वासियों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक किया।

तथा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की, प्रधानाचार्य मदन सिंह ने स्वयं सेवकों द्वारा चलाए जा रहे निरंतर सफाई अभियान की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय के साथ-साथ हमें अपने घरों गांवों तथा शहर के वातावरण को भी स्वच्छ बनाना होगा। जिससे कि एक स्वस्थ और स्वच्छ भारत का निर्माण हो सकेगा हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम प्रतिदिन अपने घरों तथा आसपास साफ सफाई करने के लिए कम से कम 1 घंटा श्रमदान करें।

## आईएफटीएम में 'द एंबिशन फॉर पीस' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेन्ड डेवलपमेंट सेल एवं यूथ पीस फाउंडेशन, मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में शांति के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से ''द एंबिशन फॉर पीस'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को शांति के मार्ग पर चलकर विकास का मार्ग प्रशस्त करने के प्रति प्रेरित भी किया। कार्यशाला में कार्यक्रम के समन्वयक और यूथ पीस फाउंडेशन टीम के हेड श्री महेश चंद गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शांति प्रत्येक मनुष्य की एक बुनियादी जरूरत है और इसके अभाव में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। साथ ही शांति के अंतरराष्ट्रीय राजदूत श्री प्रेम रावत के वीडियो संदेश के माध्यम से भी प्रतिभागियों को शांति और मानवता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने यूथ पीस फाउंडेशन टीम



की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था मानवता और शांति की संस्कृति का विकास करते हुए लोगों में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यशाला में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने शांति और मानवता के संदेश को गहराई से समझा। कार्यक्रम का संचालन स्टूडेन्ड डेवलपमेंट सेल की सदस्या डॉ. चारु दत्ता ने किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग के अतिरिक्त मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना, डॉ. हिमांशु गुप्ता, एवं स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल के सदस्यों डॉ. अर्चना, सुश्री ज्योति सिंह, श्री अक्षय शर्मा, सुश्री नम्रता श्रीवास्तव एवं श्री आकाश कुमार मौर्य का विशेष योगदान रहा। इस कार्यशाला में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के 250 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों के अलावा यूथ पीस फाउंडेशन के सदस्य तथा स्कूल के कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिला उपभोक्ता आयोग में अधिवक्ता पर चाकू से हमला

**चन्दौसी।** बहजोई स्थित जिला उपभोक्ता आयोग परिसर में अधिवक्ता देवेन्द्र वार्ष्णेय के साथ रविवार को गंभीर घटना सामने आई। वार्ष्णेय ने बताया कि आयोग में अपील की सुनवाई के दौरान सऊदा बेगम और उनके पति मोहम्मद यामीन ने उनके साथ गाली-गलौज की और न्यायालय से बाहर आने के बाद जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया। घटना के समय कुछ साथी अधिवक्ताओं ने बमुश्किल उन्हें बचाया। देवेन्द्र वार्ष्णेय ने बताया कि मामला गलत प्रसव के आरोप से संबंधित था, जिसमें झोलाछाप के खिलाफ फैसला पहले ही हो चुका था। इसके बावजूद सऊदा ने लोक अदालत का रुख किया। जब वार्ष्णेय ने पूछा कि फैसले के बाद मुकदमेबाजी क्यों बढ़ाई जा रही है, तो आरोपी भड़क गई। न्यायालय में गाली-गलौज और धक्कामुक्की के बाद आरोपी दंपती बाहर आए और चाकू से हमला किया। थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि वारदात के बाद आरोपियों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी कहा कि मामले की जांच जारी है और अधिवक्ता की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'विश्व हृदय दिवस' के अवसर पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के जंतु विज्ञान विभाग की ओर से ''विश्व हृदय दिवस'' के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। साथ ही कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने हृदय को जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग बताते हुए इसकी देखभाल करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. एस.डी. शर्मा, डॉ. अशोक कुमार एवं जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. स्मिता ज्योति द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल के निदेशक डॉ. सिंह ने बताया कि 'विश्व हृदय दिवस' का मुख्य उद्देश्य हृदय संबंधी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रेरित करना है, ताकि उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों का समय रहते निदान किया जा सके। इसी कड़ी में उन्होंने हृदय की नियमित जांच, संतुलित आहार, व्यायाम और सकारात्मक सोच अपनाने को अति आवश्यक बताया। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. ज्योति ने हृदय रोगों के वैज्ञानिक पहलुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन को हृदय स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हृदय स्वास्थ्य पर आधारित एक नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें हास्य और संवादों के माध्यम से दूषित खान-पान, तनाव और व्यायाम की कमी को हृदय रोगों का कारण बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सह संयोजक डॉ. अंशुल श्रीवास्तव समेत डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. तृप्ति पांडे, मिस संध्या शर्मा, डॉ. विवेक कुमार एवं डॉ. सूर्य प्रकाश पांडेय आदि फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा। अंत में सह संयोजक डॉ. श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में स्कूल ऑफ साइंसेज के विभिन्न विभागों के 60 से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त कई अन्य भी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 30 सितम्बर 2025

## खेल में राजनीति

रविवार को दुबई में खेले गए एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। यह भारत की एशिया कप में नौवीं जीत थी। जाहिर है इस जीत के साथ ही पूरा भारत जश्न में डूब गया, लेकिन यह देखना बेहद अजीब रहा कि जश्न के साथ भारत में राजनीति भी शुरू हो गई। वैसे इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पोस्ट ने की, जिसमें उन्होंने लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर भी जारी है। वहीं भारतीय कप्तान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंटफुट पर बल्लेबाजी करता है। सूर्य कुमार यादव के अनुसार यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हों। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। वहीं कांग्रेस ने मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर कहा कि पहली बात तो यह है कि एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध से करना ठीक नहीं है, दूसरी यह कि यदि तुलना कर ही दी, तो आपको टीम से यह सीखना चाहिए कि जब जीत के करीब हों, तो थर्ड एंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। जाहिर है वह जब ऐसा कह रहे थे उनका मतलब ऑपरेशन सिंदूर को रोकने से था, जिसमें अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि यह युद्ध मैंने रुकवाया। बात यहीं खत्म नहीं होती, भारतीय टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसीन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते वह नाराज होकर ट्रॉफी को अपने साथ पाकिस्तान लेकर चले गए। इस तरह भारत शायद ऐसी पहली टीम बन गई जो बिना ट्रॉफी के ही फाइनल जीतने का जश्न मना रही है। जैसाकि भारतीय कप्तान सूर्य कुमार ने कहा भी कि जब से वह क्रिकेट खेल रहे हैं, तब से उन्होंने पहली बार देखा है कि चैंपियन टीम को ट्राफी नहीं दी गई। अवार्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवार्ड नहीं ले गई, जिसके चलते यह पाया कि दुबई स्पोर्ट सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्राफी दिलाई जाए, लेकिन नकवी नहीं माने और इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया। दूसरी बात इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक खिलाड़ियों से कभी हाथ नहीं मिलाया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सोकिया का कहना है कि यह हमने तय किया था कि भारतीय टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्राफी नहीं लेगी। उनका कहना था कि इसका मतलब यह नहीं कि नकवी भारत की ट्राफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। वह इस पूरे मामले को नवंबर में होने वाली आईसीसी की कान्फ्रेंस में उठाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत को ट्राफी जल्द मिल जाएगी। यह तमाम बातें इशारा करती हैं कि अब खेल में भी सीधे तौर से राजनीति घुस आई है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब इतनी कटुता है तो फिर पाक के साथ मैच खेलने का मतलब ही क्या है। हालांकि ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो पाक के साथ मैच खेलने से इन्कार करते रहे हैं। उनकी नजर में आतंकवाद व क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।


### लोकसभा में विपक्ष के नेता असुरक्षित



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने देने वाले भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा, यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है, यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है, जो लोकसभा में विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है, भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी, अब यह गृह मंत्री अमित शाह की जिम्मेदारी है कि बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं।

**केसी वेणुगोपाल**
**महासचिव, कांग्रेस**

## नवरात्रि: जहां नारी का सम्मान, वहीं समाज का उत्थान





**योगेश कुमार गोयल**

नवरात्रि पर्व का भारतीय संस्कृति में बहुत बड़ा महत्व है। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है। मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं, जो शक्ति और भक्ति की प्रतीक हैं, मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और साधना का स्वरूप है, मां चंद्रघंटा शांति और सौम्यता की देवी हैं, मां कुष्मांडा सृष्टि की रचनाकार हैं, मां स्कंदमाता करुणा और वात्सल्य की मूर्ति हैं, मां कात्यायनी शक्ति और विजय की देवी हैं, मां कालरात्रि काली रूप हैं, जो अंधकार का नाश करती हैं, मां महागौरी पवित्रता और शांति की देवी हैं तथा मां सिद्धिदात्री सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली देवी हैं। नवरात्रि पर्व भारत की गौरवमई संस्कृति में सही मायनों में नारी शक्ति के आदर-सम्मान का उत्सव है। यह उत्सव नारी को उसके स्वाभिमान और शक्ति का स्मरण कराता है, साथ ही समाज को नारी शक्ति का सम्मान करने के लिए प्रेरित भी करता है।

भारतीय संस्कृति में नारी को विशेष सम्मान प्राप्त रहा है। सनातन धर्म में मां दुर्गा को जगत का पालन करने वाली, विश्व कल्याण की प्रणेता और दुष्टों का संहार करने वाली अधिष्ठात्री देवी माना गया है। एक ओर जहां नवरात्रि पर्व के दौरान देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग नारी रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, वहीं विद्या एवं बुद्धि की देवी भी नारी स्वरूपा देवी सरस्वती हैं। इसी प्रकार धन की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी भी नारी स्वरूपा ही हैं। हमारे सभी पौराणिक ग्रंथों में नारी को देवी शक्ति के रूप में पूजनीय माना गया है और सभी शास्त्रों तथा धर्म ग्रंथों में नारी के सामाजिक महत्व को स्वीकारते हुए कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् जहां नारी की पूजा होती है, वहीं देवताओं का वास होता है। नारी के प्रति पुराणों में इतना आदर-सम्मान यूं ही नहीं व्यक्त किया गया, दरअसल वह नारी शक्ति ही है, जो घनघोर अंधकार में भी अपनी मुस्कान बिखेरकर उजाला करती है।

नारी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरु नानक ने कहा था कि नारी, जो राजाओं की भी जननी है, उसका सम्मान होना चाहिए। इसी प्रकार प्रसिद्ध विचारक हेरिएट बीचर स्टोव ने कहा था कि महिलाएं समाज की वास्तविक शिल्पकार होती हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में हम मातृ शक्ति के नौ रूपों का पूजन करते हैं, उनका स्मरण करते हैं, कन्याओं को भोजन पर आमंत्रित कर उनकी पूजा करते हैं, चरण धोकर उनका स्वागत करते हैं और तिलक के पश्चात् दक्षिणा तथा उपहार देकर विदा करने की सदियों पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हैं लेकिन साल के बाकी दिन यही नारी शक्ति सम्मान पाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर संघर्ष करती दिखती है। पुराणों तथा धार्मिक ग्रंथों में भले ही नारी को देवी का दर्जा दिया गया है किन्तु हमारे समाज में नारी की स्थिति प्राचीन काल से ही अच्छी नहीं रही। घर हो या बाहर, उसे हर कहीं किसी न किसी रूप में शोषण का शिकार होना पड़ता है। हालांकि भारतीय इतिहास नारी की वीरगाथाओं से भरा पड़ा है। आज भी हम माता सीता, सती सावित्री, तारा, कुंती, गार्गी, रानी लक्ष्मीबाई जैसी अनेक महान और विदुषी नारियों के व्यक्तित्व, त्याग और साहस की गाथाओं से प्रेरणा लेते हैं।

नारी को शक्ति की उपासक, घर की आत्मा और प्राण माना गया है। ईश्वर ने नारी को एक जननी के रूप में सम्मान देकर धरती पर भेजा है। नारी के मां के रूप को तो ममता की मूरत कहा गया है। एक मां ही अपने बच्चे के लालन-पालन और उसके अस्तित्व निर्माण के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान दे देती है और अपनी संतान में संस्कारों का बीजारोपण करते हुए उसमें दया, करुणा, प्रेम इत्यादि गुणों को जन्म देती है। बेटी, बहन, कुलवधू, पत्नी और मां जैसे अलग-अलग रूपों में नारी सही मायनों में एक परिवार की आन-बान और शान होती है। एक गुणवान बेटी के रूप में वह अपने माता-पिता का नाम रोशन करती है तो शादी के बाद अपना घर छोड़कर वह जिस दूसरे घर में जाती है, वहां भी त्याग और बलिदान की मूर्ति बनकर सबका दिल जीतने की कोशिश करती है और उस घर को स्वर्ग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती।

जिस घर-आंगन में चलना सीखकर, खेल-कूदकर वह बड़ी हुई, उसी को छोड़कर वह एक दिन एक ऐसे व्यक्ति पर विश्वास करते हुए उसे अपने जीवन की बागडोर सौंप देती है, जिसे वह जानती तक नहीं थी। किसी भी देश का भविष्य नारी पर ही टिका होता है क्योंकि एक मां जिस प्रकार अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं, उन्हें संस्कारवान बनाती है और फिर वही बच्चे देश के कर्णधार बनते हैं, ऐसे में समझा जा सकता है कि एक नारी की भूमिका राष्ट्र निर्माण में कितनी महत्वपूर्ण है। संतोषजनक स्थिति यह है कि धीरे-धीरे ही सही, लगभग हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है। यदि कहा जाए कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। घर-परिवार से लेकर बाहर तक की जिम्मेदारी आज महिलाएं बखूबी निभा रही हैं।


साक्षरता के मामले में भले ही महिलाओं की स्थिति अभी पुरूषों के मुकाबले कम है लेकिन दूसरी ओर देखें तो विभिन्न परीक्षाओं में लड़कियां आज लड़कों से आगे निकलती दिखाई देती हैं। चिकित्सा, विज्ञान, इंजीनियरिंग, उच्च प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी क्षेत्रों में महिलाएं आज नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। व्यापार, अंतरिक्ष, खेल, राजनी. ति इत्यादि क्षेत्रों में भी वे नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। न केवल सिविल सेवाओं बल्कि पुलिस बल तथा सैन्य सेवाओं में भी सक्षम अधिकारी के रूप में उनका दबदबा निरन्तर बढ़ रहा है। सुरों की साम्राज्ञी लता मंगेशकर को साक्षात मां सरस्वती का दर्जा दिया जाता रहा।

किरण बेदी, पीटी उषा, कल्पना चावला इत्यादि अनेक भारतीय महिलाओं ने अपनी उपलब्धियों से तमाम भारतीयों को न केवल गौरवान्वित किया बल्कि यह भी साबित किया कि महिलाएं आज के जमाने में किसी से कम नहीं हैं। 2016 में तीन जांबाज महिलाओं, बिहार के बेगूसराय की भावना कंठ, मध्य प्रदेश के रीवा की अवनी चतुर्वेदी तथा वडोदरा की मोहना सिंह ने पहली बार वायुसेना में फाइटर प्लेन पायलट का दायित्व संभालकर यह स्पष्ट संदेश दिया था कि भले ही महिलाओं के प्रति समाज की मानसिकता जो भी हो पर महिलाएं आज देश के नभ को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रही हैं।

बहरहाल, समय की बदलती धारा के साथ महिलाएं अपने प्रयासों और प्रयत्नों में कहीं पीछे नहीं हैं, बस आवश्यकता है उन्हें सही मार्ग दिखाने और सही अवसर प्रदान करने की। नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाने और इस अवसर पर कन्या पूजन करने का वास्तविक औचित्य भी तभी है, जब हम नारी के गुणों का इसी प्रकार सम्मान करें और उसे दोयम दर्जे की न समझकर उसके गुणों को महत्व दें तथा आगे बढ़ने के हरसंभव अवसर प्रदान करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## कितने सही हैं हमारे स्लिमिंग सेंटर



खोखले दावे करते स्लिमिंग सेंटर आज हर गली-कूचे में खुलते ही जा रहे हैं और लोग यहां आकर अपना समय व पैसा दोनों बर्बाद कर रहे हैं। लोग इन सेंटरों में इस आशा के साथ आते हैं कि एक दिन वह भी आकर्षक नजर आएंगे। यहां हम आपको अपने को फिट व चुस्त रखने के कुछ व्यायाम बता रहे हैं, जिन्हें आप घर में ही आजमा कर आकर्षक दिखने का अपना सपना बिना इन सेंटरों में धन और समय गंवाए ही पूरा कर सकते हैं।

ये व्यायाम खासतौर पर उन अंगों के लिए बेहद असरदार हैं, जो या तो बढ़ती उम्र के कारण दुर्बल होने लगते हैं या फिर शरीर का भार बढ़ने के कारण फैलने लगते हैं जैसे पेट, जांघ, बाजुओं का पिछला हिस्सा व कमर आदि। इन व्यायामों के जरिए निश्चय ही बेहतरीन परिणाम आपको मिलेंगे। टखनों व पिंडलियों के लिए व्यायाम वार्म होने के बाद सबसे पहले टखनों व पिंडलियों के लिए व्यायाम करना चाहिए। इसके लिए एक कुर्सी के किनारे बैठ जाएं। घुटने एक साथ जोड़ लें, पैरों के बीच की दूरी डेढ़ फीट हो। ध्यान रहे पंजे अंदर की ओर इशारा करते हुए हों। अब पंजों को जितना ऊपर उठा सकती हैं उठाएं, फिर नीचे लाएं। इसे 16 बार दोहराएं। अब पैरों को बाहर की ओर मोड़ते हुए घुटने मिलाकर पैरों में फासला रखते हुए एक बार फिर 16 बार उठाएं। अंत में एड़ियों को जमीन पर जमाते हुए दोनों पैरों को जमीन के साथ रगड़ते हुए अंदर की ओर लाएं।

अब पांवों को स्वीप करते हुए बाहर की ओर लाएं और दोबारा उठाएं। इसे 16 बार दोहराएं। सपाट पेट व कमर को सही आकार देने के लिए व्यायाम पीठ के बल लेट जाएं व हाथों को सिर के पीछे ले जाएं। टांगें मोड़ते हुए पैरों के तलवों से जमीन पर दबाव डालें, जिससे कि दोनों टांगों के बीच कुछ फासला आ जाए। अब बाईं कोहनी को ऊपर की ओर उठाएं व दाएं घुटने की तरफ झुकें फिर वापस जाएं। इसे 12 बार दोहराएं। अब दाएं पांव को जमीन से दो इंच ऊपर की ओर उठाएं और बाईं कोहनी को दाएं घुटने की तरफ सामने 16 बार लाएं। अब इन व्यायामों को दूसरी तरफ से दोहराएं। पीठ के बल लेट जाएं। दोनों टांगों को ऊपर की ओर उठाते हुए घुटनों को 90 डिग्री पर मोड़ लें। टखनों को क्रास कर लें तथा घुटनों के बीच करीब आधा इंच का फासला रखें। अब धीरे-धीरे शरीर के निचले हिस्से को जितना ऊपर उठा सकती हैं, उठाने का प्रयास करें। सर्वोत्तम परिणाम के लिए पेट को व्यायाम के दौरान अंदर ही रखें। जांघों की मजबूती के लिए व्यायाम इसके लिए सबसे पहले बाईं तरफ करवट लेकर लेट जाएं, शरीर के ऊपरी हिस्से को कोहनी पर टिकाते हुए। अब दाईं टांग को इस तरह मोड़ें जिससे कि घुटना ऊपर की तरफ इशारा करता हुआ हो। अब दाएं पांव को हल्के मुड़े घुटने के पीछे ले आएं पेट अंदर की तरफ रखते हुए।

ध्यान रहे कि बायां पांव छत की तरफ इशारा करता हुआ हो। बाईं टांग को काफी ऊंचा उठाएं। इसे 24 बार दोहराएं। अब दूसरी तरफ से इसे करें। ऊपरी बाजू के लिए व्यायाम ऊपरी बाजू में वही पहले जैसा खिंचाव व सही शेप देने के लिए व्यायाम बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है। कुर्सी के किनारे बैठ जाएं व दोनों हाथों से कुर्सी के किनारे थाम लें। कुर्सी पर बैठे बैठे ही आगे की तरफ बढ़ें, जब तक कि आप कुर्सी से नीचे न आ जाएं। अब धीरे-धीरे शरीर के ऊपरी भाग को ऊपर व नीचे ले जाएं, बाजुओं को सीधा करते हुए। इसे 12 बार दोहराएं।

## विविधताओं को जोड़ने वाली अदृश्य डोर है अनुवाद



**श्वेता गोयल**

अपनी सभ्यता की शुरुआत से ही मनुष्य ने संवाद को अपने अस्तित्व का आधार बनाया। भाषा उसकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रही है, जिसने उसे अन्य जीवों से अलग किया और विचारों, संवेदनाओं तथा अनुभवों को साझा करने का अवसर दिया किंतु भाषाओं की विविधता ने एक ऐसी दीवार खड़ी कर दी, जिसने सभ्यताओं, समाजों और संस्कृतियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद को सीमित कर दिया। इसी बाधा को तोड़ने का कार्य किया अनुवाद ने।

अनुवाद दरअसल वह पुल है, जो शब्दों की भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर मानवीय भावनाओं को जोड़ता है और पूरी दुनिया को एक साझा अनुभव-संसार में पिरो देता है। जब कोई व्यक्ति अपनी मातृभाषा में साहित्य, दर्शन, विज्ञान या इतिहास पढ़ता है तो उसे यह अनुभव होता है कि विचार कितने गहरे और संवेदनाएं कितनी व्यापक हो सकती हैं किंतु यदि अनुवाद न होता तो विश्व की इस ज्ञान-संपदा का अधिकांश हिस्सा हमारी पहुंच से बाहर रह जाता।

चाहे वह ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू की शिक्षाएं हों, फारसी कवि रूमी के सूफी भाव हों, अरबी विद्वानों का विज्ञान पर किया गया कार्य हो या फिर भारत के वेद, उपनिषद और कबीर-मीरा की रचनाएं, इन सबका वैश्विक प्रभाव केवल और केवल अनुवाद के कारण ही संभव हुआ। अनुवाद ने यह साबित कर दिया कि भावनाओं की कोई सीमा नहीं होती, वे भाषाई भिन्नताओं से परे जाकर मनुष्य के हृदय तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भाषा को मानवीय अधिकारों के मूल में रखा है। भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं बल्कि पहचान, संस्कृति और जीवनदृष्टि की वाहक हैं किंतु जब भाषाओं की विविधता समझ में बाधा डालती है तो अनुवाद एक ऐसा साधन बन जाता है, जो मानवीय समानताओं को उजागर करता है और विविधताओं को सम्मान के साथ स्वीकार करता है। इसीलिए हर साल 30 सितंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस' मनाया जाता है, जो केवल अनुवादकों को सम्मानित करने का अवसर नहीं है बल्कि इस बात की पुनर्पुष्टि भी है कि अनुवाद ही वह संवेदनात्मक सेतु है, जो शब्दों से आगे जाकर मानवता को एक सूत्र में पिरोता है।

दुनिया का साहित्य इस बात का सबसे सशक्त प्रमाण है। जब हम रूस के महान लेखक टॉल्सटॉय का युद्ध और शांति पढ़ते हैं तो हमें केवल रूसी समाज की झलक नहीं मिलती बल्कि युद्ध और शांति जैसे सार्वभौमिक विषयों पर मनुष्य की गहरी संवेदनाओं का अनुभव होता है। जब जापानी साहित्यकार हारुकी मुराकामी की रचनाएं हिंदी या अंग्रेजी में पढ़ी जाती हैं तो यह समझ आता है कि अकेलेपन, प्रेम, समय और जीवन की जटिलताओं से जूझना हर मनुष्य का साझा अनुभव है। इसी तरह जब भारतीय कवियों और लेखकों की रचनाएं यूरोपीय भाषाओं में अनूदित होती हैं तो विश्वभर के पाठक भारतीय संस्कृति की सूक्ष्मताओं और भावनात्मक गहराइयों से परिचित होते हैं। अनुवाद केवल शब्दों का स्थानांतरण नहीं होता। यदि वह मात्र शब्दानुवाद तक सीमित रहे तो उसका सार खो जाता है। अनुवाद की सच्ची आत्मा यह है कि उसमें भावनाओं, संवेदनाओं और सांस्कृतिक संदर्भों का भी संप्रेषण हो। उदाहरण के लिए, संस्कृत शब्द 'रस' को केवल 'जूस' या 'टेस्ट' कहना उसके गहन साहित्यिक और भावनात्मक अर्थ को खो देता है। इसी प्रकार हिंदी का 'मिट्टी' केवल 'सॉयल' नहीं है, उसमें गंध, संस्कार और आत्मीयता का भाव भी निहित है। अनुवादक का सबसे बड़ा दायित्व यही है कि वह केवल भाषा का नहीं बल्कि संस्कृति और भावनाओं का भी पुल बने।

दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने साबित किया कि अनुवाद ने मानवीय इतिहास की दिशा बदली। मध्यकालीन युग में जब अरब विद्वानों ने ग्रीक दर्शन और विज्ञान के ग्रंथों का अरबी में अनुवाद किया तो वही आगे चलकर यूरोप के पुनर्जागरण का आधार बना। इसी प्रकार, बौद्ध धर्म के ग्रंथ जब चीनी, जापानी और तिब्बती भाषाओं में अनूदित हुए तो एशिया के विशाल भूभाग में करुणा और अहिंसा का संदेश फैल गया। भारत के आधुनिक काल में महात्मा गांधी ने गीता के गुजराती अनुवाद से जीवन की प्रेरणा ली और इसी से उनके सत्य और अहिंसा के विचारों ने पूरी दुनिया को झकझोरा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि अनुवाद केवल साहित्य या दर्शन तक ही सीमित नहीं है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अनुवाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यदि वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी ज्ञान केवल एक ही भाषा तक सीमित रहता तो उसका वैश्विक लाभ संभव न होता। जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और मानवाधिकार जैसे विषयों पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें हर प्रमुख भाषा में उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि वैश्विक समझ और कार्रवाई में कोई बाधा न हो। अनुवाद की प्रक्रिया में सबसे बड़ा कौशल यह है कि अनुवादक दोनों भाषाओं की गहराई और सांस्कृतिक बारीकियों को समझे। एक सफल अनुवादक वह है, जो केवल शब्दों का नहीं बल्कि भावों का अनुवाद करे। इसी कारण अनुवाद को अक्सर 'कला' कहा जाता है। यह रचनात्मकता, संवेदनशीलता और बौद्धिकता का अद्भुत संगम है।

एक अनुवादक वह शिल्पी है, जो किसी भाषा के विचारों को दूसरी भाषा में ऐसे गढ़ता है कि पाठक को यह न लगे कि वह अनुवाद पढ़ रहा है बल्कि ऐसा अनुभव हो, जैसे यह रचना उसी भाषा में मूल रूप से लिखी गई हो। वर्तमान वैश्वीकृत समाज में अनुवाद का महत्व और भी बढ़ गया है। इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने हमें पूरी दुनिया से जोड़ दिया है किंतु भाषा की दीवार अब भी कायम है। अनुवाद और भाषा प्रौद्योगिकी ही इस दीवार को ढहाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन ट्रांसलेशन के आगमन ने अनुवाद की दुनिया में नए अवसर खोले हैं किंतु यह भी सत्य है कि मानवीय भावनाओं को पूरी तरह समझने और संप्रेषित करने का सामर्थ्य अब भी मानव अनुवादकों के पास ही है। मशीनें शब्दों को जोड़ सकती हैं लेकिन संवेदनाओं का सेतु अब भी मनुष्य ही बना सकता है। दुनिया की हर भाषा, हर साहित्य और हर संस्कृति मानवीय विरासत का अनमोल हिस्सा है। अनुवाद ही वह साधन है, जो हमें यह अहसास कराता है कि मनुष्य की संवेदनाएं साझा हैं, चाहे वे किसी भी भाषा में व्यक्त की गई हों। दु:ख, प्रेम, करुणा, आशा और संघर्ष, ए सभी भाव सार्वभौमिक हैं। भाषा की विविधता केवल उनकी प्रस्तुति को अलग-अलग स्वरूप देती है लेकिन उनका मूल स्वर हर जगह एक जैसा होता है। यही कारण है कि अनुवाद को संवे. दनाओं का सेतु कहा जाता है। यह सेतु केवल शब्दों का नहीं है बल्कि यह हृदय से हृदय तक पहुंचने का मार्ग है। यह वह शक्ति है, जो सभ्यताओं को एक-दूसरे से जोड़ती है, संस्कृतियों को परस्पर समझने का अवसर देती है और मनुष्यता को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की दृष्टि प्रदान करती है। आज जब दुनिया असमानताओं, संघर्षों और विभाजनों से जूझ रही है तो अनुवाद हमें यह सिखाता है कि हमारी साझा मानवता कहीं गहरी है और भाषा की सीमाएं केवल सतही हैं। यदि हम एक-दूसरे की भाषा को समझें, एक-दूसरे की संवेदनाओं को महसूस करें तो संवाद और सहयोग की नई संभावनाएं खुल सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस इसी विश्वास का उत्सव है कि शब्दों से आगे जाकर भावनाओं का जो सेतु अनुवाद निर्मित करता है, वही मानवता को सशक्त और एकजुट बनाए रखता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, बगावत के बन रहे हालात

# पीओके में आर्मी काफिले पर नागरिकों का पथराव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बगावत के सुर लगातार तेज हो रहे हैं। एक तरफ जहां बलूच लड़ाके पाकिस्तानी सेना की नाक में दम किए हुए हैं, वहीं अब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी बगावत भड़क गई है और हजारों लोग शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर (पीओके) के 3 बड़े शहरों में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) की अपील पर सोमवार को पूरे इलाके में दुकानें, बाजार और सड़कें बंद कर दी गईं।

लोकल लोग महंगाई, बेरोजगारी, और पाकिस्तानी सेना के ज्यादतियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सुरक्षा बलों के काफिले पर पथराव की घटनाएं भी सामने आई हैं। कोटली में शनिवार को निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सेना के खिलाफ कि हम तुम्हारी मौत हैं जैसे नारे लगाए। हजारों लोग कोटली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद जैसे शहरों में आजादी और पाकिस्तानी सेना वापस जाओ जैसे नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनों को दबाने के लिए सरकार ने भारी सिक्योरिटी तैनात की है। एएसी के नेता शौकत नवाज मीर ने कहा: हम सिर्फ अपने हक मांग रहे हैं, जो 70 साल से हमें नहीं मिले। अब सरकार को हमें हमारे अधिकार देने होंगे। एएसी ने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं-पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। पाकिस्तान सरकार ने पीओके में पत्रकारों और टूरिस्ट की एंट्री बैन कर दी है। लोकल रिपोर्टर्स भी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें न्यूट्रल कवरेज करने से रोका जा रहा है। इसके अलावा कई मानवाधिक.ार संगठन भी इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। पीओके में आधी रात से इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सरकार को डर है कि ये प्रदर्शन आजादी की व्यापक मांग में बदल सकते हैं। पीओके में पहले भी कई बार सेना और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं।पिछले साल मई में सस्ते आटे और बिजली के लिए लोगों ने हड़ताल की थी। लोग कहना है कि पीओके में मौजूद मंगला डैम से बिजली बनती है, फिर भी उन्हें सस्ती बिजली नहीं मिलती।

इसी तरह 2023 में भी बिजली की कीमतें बढ़ाने और गेहूं की सब्सिडी हटाने के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए थे। 2022 में भी सरकार के एक कानून के खिलाफ लोगों ने सड़कें जाम की थीं और आजादी के नारे लगाए थे। अवामी एक्शन कमेटी के शीर्ष नेता शौकत नवाज मीर ने कहा कि हमारा प्रदर्शन किसी संस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि अपने बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर है। बीते 70 वर्षों में हमें बुनियादी अधिकार नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब बहुत हुआ, या तो हमें अधिकार दें या फिर जनता का गुस्सा झेलने के लिए तैयार रहें।



- इंटरनेट बंद, पाक की फौज ने गोलियां चलाई
- आंदोलनकारी बोले: हम तुम्हारी मौत हैं, पीओके में पत्रकारों की एंट्री पर बैन
- महंगाई, बेरोजगारी और पाकिस्तानी सेना की ज्यादतियों के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए

## तुर्की को 1000 एकड़ जमीन मुफ्त दे रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने तुर्की को 1000 एकड़ जमीन मुफ्त में देने की पेशकश की है। यह जमीन कराची इंडस्ट्रियल पार्क में नया एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (ईपीजेड) बनाने के लिए दी जा रही है। इस जोन का मकसद तुर्की की कंपनियों को पाकिस्तान में निवेश के लिए आकर्षित करना है। इसके जरिए पाकिस्तान दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर तक ले जाना चाहता है। दरअसल, तुर्की ने मई में हुई भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का साथ दिया था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अप्रैल 2025 में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन से मुलाकात की थी। इसी दौरान जमीन देने की पेशकश की थी। पाकिस्तान के अधिका.रियों का एक डेलिगेशन हाल ही में तुर्की गया था। उन्होंने वहां के एक्सपोर्ट जोन देखे और समझा कि तुर्की कैसे निवेशकों को सुविधाएं देता है।



पेरू। लीमा में जेन-जी के प्रदर्शनकारी पुलिस से झड़प करते हुए।

## नेपाल के बाद दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में जेन-जी प्रदर्शन

**भ्रष्टाचार और पेंशन सुधार को लेकर सड़कों पर उतरे लोग, जापानी एनिमे केरेक्टर 'लूफी'को रोल मॉडल बनाया**

**लीमा।** नेपाल के बाद अब दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के जेन-जी भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। 27 सितम्बर को राजधानी लीमा में हजारों युवाओं ने राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ और लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में युवाओं ने पथराव किया।

दरअसल, ये विरोध 20 सितम्बर को पेंशन प्रणाली में किए गए बदलावों के बाद शुरू हुए। नए नियम के अनुसार, पेरू में 18 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को किसी न किसी पेंशन कंपनी से जुड़ना होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति बोलुआर्ते और संसद के खिलाफ लंबे समय से जनता में असंतोष बना हुआ है। जेन-जी ने इस प्रदर्शन के लिए फेमस जापानी एनिमे 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' को अपना रोल माडल बनाया है। ये केरेक्टर न्याय के लिए लड़ता है। यहां, भ्रष्टाचार, आर्थिक असुरक्षा, बढ़ता अपराध और जवाबदेही की कमी ने युवाओं को नाराज किया है। 2022 में पूर्व राष्ट्रपति पेद्रो कास्तिलो को हटाए जाने और गिरफ्तार किए जाने के बाद, सुरक्षा बलों की कार्रवाई में दर्जनों प्रदर्शनकारियों की मौत हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान ने अमेरिकी नागरिक को रिहा किया

**काबुल।** अफगानिस्तान सरकार ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक अमेरिकी नागरिक की रिहाई की घोषणा की है। अफगानिस्तान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने रविवार को बताया कि बंधक प्रतिक्रिया मामलों के अमेरिकी विशेष राष्ट्रपति दूत एडम बो. हलर ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ काबुल आकर यहां विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी से मुलाकात की।

### यूक्रेन के लिए जासूसी का आरोप: रूसी महिला हिरासत में

**मास्को।** रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने सोमवार को कहा कि उसने रूसी महिला सेवस्तोपोल को यूक्रेनी सैन्य खुफिया विभाग के लिए जासूसी करने और काला सागर बेड़े के जहाजों की तैनाती स्थानों की तस्वीरें प्रदान करने पर हिरासत में लिया है। जिनका इस्तेमाल यूक्रेन ने मिसाइल हमलों की योजना बनाने के लिए किया था। एफएसबी ने एक बयान में कहा कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने 1980 में जन्मी एक रूसी नागरिक को सेवस्तोपोल में हिरासत में लिया है, जो यूक्रेनी विशेष सेवाओं की ओर से खुफिया गतिविधियां चला रही थी।

### सेनेगल में रिफ्ट वैली बुखार के प्रकोप से सात लोगों की मौत

**डकार।** अफ्रीका महाद्वीप के सेनेगल राष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री इब्राहिमा सी ने कहा कि उत्तरी सेंट-लुई क्षेत्र में रिफ्ट वैली बुखार (आरवीएफ) के प्रकोप से सात लोगों की मौत हो गई है। सेंट लुईस में रविवार को महामारी नियंत्रण बैठक में सी ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी, पशुधन विभाग के साथ मिलकर बीमारी को फैलने से रोकने के लिए तेजी से उपाय कर रहे हैं। गुरुवार को सेंट लुईस क्षेत्र में आधिकारिक रूप से पहला आरवीएफ का मामला सामने आया था।

### रूस को किसी के साथ जंग की आवश्यकता नहीं: मेदवेदेव

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने सोमवार को कहा कि रूस को यूरोप समेत किसी से कोई जंग करने की जरूरत नहीं है। मेदवेदेव ने कहा रूस को किसी के साथ भी युद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। यूरोप में अब कुछ भी लाभ कमाने लायक नहीं है।

# ट्रम्प ने फोड़ा एक और टैरिफ बम

## अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर लगाया 100 फीसदी शुल्क

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को एक और टैरिफ बम फोड़ दिया है। ट्रम्प ने अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसे भारत समते दुनिया के कई देशों के सिनेमा उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

इससे पहले ट्रम्प ने दूसरे देशों से आने वाली दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को 'चोरी' किया है। यह कदम हॉलीवुड और वैश्विक फिल्म उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारा मूवी निर्माण व्यवसाय अमेरिका से चोरी किया गया है, बिलकुल वैसा जैसे बच्चे से कैंडी चोरी करना। उन्होंने कैलिफोर्निया के गवर्नर को कमजोर और अक्षम बताया और कहा कि यही कारण है कि यह राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्या का समाधान करने के लिए अब विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने मई में इस तरह के टैरिफ का विचार पहले भी व्यक्त किया था, लेकिन उस समय उन्होंने विवरण नहीं बताया था। इस घोषणा के बाद एंटरटेनमेंट दिग्गजों के शेयर प्री.मार्केट ट्रेडिंग में गिरावट दिखाने लगे।

नेटफ्लिक्स के शेयर 1.4 प्रतिशत और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के शेयर 0.6 प्रतिशत गिर गए। हॉलीवुड स्टूडियोज और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अब इस नीति के प्रभाव को समझने में लगे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उत्तर कैरोलाइना सहित अमेरिका के फर्नीचर उद्योग को चीन और अन्य देशों से हुए नुकसान को देखते हुए विदेशी देशों पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा।



विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को 'चोरी' किया

# भारत अपने सहयोगी खुद चुनता है: रूस

## रूसी विदेश मंत्री बोले: अमेरिका को व्यापार बढ़ाना है, तो उससे बात करें, हमारे रिश्ते बहुत अच्छे

**वाशिंगटन।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत अपने सहयोगी खुद चुनता है। रूस को भी इससे फर्क नहीं पड़ता कि भारत का दूसरे देशों के साथ कैसा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि भारत के अमेरिका से संबंधों को लेकर रूस को कभी चिंता नहीं हुई। उन्होंने कहा कि रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया है।

लावरोव से रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका की ओर से भारत पर डाले जा रहे दबाव के संबंध में सवाल पूछा गया था। लावरोव ने कहा कि रूसी तेल खरीदने की वजह से अमेरिकी टैरिफ लगने के बावजूद भारत-रूस के बीच आर्थिक साझेदारी को कोई खतरा नहीं है। लावरोव ने आगे कहा कि अगर अमेरिका के पास भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के तरीके हैं, तो वे उन शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका कुछ भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और किसी तीसरे देशों के बीच ट्रेड, इंवेस्टमेंट, इकोनामिक, सेफ्टी, टेक्नोलाजी और दूसरे संबंधों की आती है, तो भारत केवल उन्हीं देशों के साथ इस पर चर्चा करता है। लावरोव ने भारत-रूस के रणनी.तिक रिश्तों पर जोर देते हुए कहा हम भारत के राष्ट्रीय हितों और विदेश नीति का सम्मान करते हैं। भारत और रूस के बीच लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है, जिसे अब अहम रणनीतिक साझेदारी कहा जाता है। लावरोव ने कहा कि हमारे बीच नियमित बातचीत होती रहती है। मैं यह नहीं पूछता कि हमारे व्यापारिक संबंधों, हमारे तेल का क्या होगा। वे खुद फैसले लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। लावरोव ने हाल ही में चीन में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात का जिक्र किया।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर करीबी सहयोग है। उन्होंने यह भी कहा कि दिसम्बर में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की योजना है। इस दौरान व्यापार, सैन्य, तकनीकी सहयोग, वित्त, स्वास्थ्य, उच्च-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा होगी। लावरोव ने कहा, हमारा द्विपक्षीय एजेंडा बहुत व्यापक है। हम एससीओ, ब्रिक्स और दूसरे मंचों पर मिलकर काम करते हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया था।



रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया

# भारत के टेररिस्तान कहने से पाकिस्तान नाराज

## पाक राजनयिक मोहम्मद राशिद ने यूएन में कहा: भारत हमारा नाम बिगाड़ रहा, यह हमारे देश का अपमान

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान ने भारत पर नाम बिगाड़ने का आरोप लगाया है और भारतीय राजनयिक के 'टेररिस्तान' कहने पर नाराजगी जताई है। दरअसल, यूएन में भारत-पाकिस्तान के राजनयिक एक-दूसरे को जवाब दे रहे थे।

इस दौरान भारतीय राजनयिक रेन्ताला श्रीनिवास ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसे 'टेररिस्तान' कहा। इस पर नाराजगी जताते हुए पाकिस्तानी राजनयिक मोहम्मद राशिद ने कहा यह बेहद अफसोसजनक है कि भारत इतना गिर गया है कि एक देश के नाम तक को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है। यह पूरे राष्ट्र का अपमान है। यह भारत की हताशा और अपरिपक्वता को दिखाता है। राशिद ने आरोप लगाया कि भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां पड़ोसी देशों को अस्थिर करने में शामिल हैं। भारतीय और पाकिस्तानी राजनयिक के बीच बहस की शुरुआत विदेश मंत्री जयशंकर के भाषण को लेकर हुई। जयशंकर ने 27 सितम्बर को यूएन में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान का नाम लिए बिना कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर कहा था। उन्होंने कहा पाकिस्तान में आतंकियों की तारीफ की जाती है। इस पर पाक राजनयिक राशिद ने जवाब देते हुए कहा कि यह पाकिस्तान को बदनाम करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 90000 से ज्यादा जानें गंवाई हैं। पाकिस्तान खुद आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। इस पर पलटवार करते हुए श्रीनिवास ने कहा पाकिस्तान की पहचान खुद उसके कामों से होती है। दुनियाभर में फैले आतंकवाद में उसकी छाप साफ दिखाई देती है। वह अपने पड़ोसियों ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा है। कोई भी तर्क या झूठ कभी भी टेररिस्तान के अपराधों को छुपा नहीं सकता राशिद के बयान के बाद श्रीनिवास ने वाक-आउट कर दिया और वे कुर्सी छोड़कर चले गए। राशिद के बयान के बाद श्रीनिवास ने वाक-आउट कर दिया और वे कुर्सी छोड़कर चले गए। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया उदाहरण है। उन्होंने इसे क्रूर आतंकी हमला बताया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार का इस्तेमाल किया है और आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा: आतंकी ढांचों का खत्म होना जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है।





राशिद ने आरोप लगाया: भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां पड़ोसी देशों को अस्थिर करने में शामिल हैं

## यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें भेजने पर विचार कर रहा अमेरिका: वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की योजना है कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी यूरोपीय देश उससे अमेरिकी टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें खरीदें और फिर उसे यूक्रेन को दे दें। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने फॉक्स न्यूज़ से यह बात कही है। उन्होंने कहा कि हम कई यूरोपीय देशों के आवेदनों पर विचार कर रहे हैं। जब उनसे यूक्रेन को मिसा.इलें देने और उससे बढ़ने वाले खतरों पर राय मांगी गई तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तय करेंगे कि अमरीका के लिए क्या बेहतर है। उन्होंने साफ किया कि इस पर अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ही करेंगे। रिपोर्टों के मुताबिक, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सम्मेलन के दौरान ट्रम्प से मुलाकात में यह प्रस्ताव रखा था, जिस पर उन्होंने कहा कि हम इस पर काम करेंगे।

## मोदी ने जार्जिया मेलोनी की आटोबायोग्राफी की प्रस्तावना लिखी

**कहा: यह पीएम मेलोनी की मन की बात, उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की आटोबायोग्राफी 'आई एम जार्जिया-माय रूट्स, माय प्रिंसिपल्स' के इंडियन एडिशन के लिए फारवर्ड (प्रस्तावना) लिखा है। इस किताब को जल्द ही भारत में रूपा पब्लिकेशंस लान्च करेगा।

मोदी ने मेलोनी को एक 'देशभक्त और बेहतरीन समक.ालीन' नेता बताते हुए तारीफ की। साथ ही उनकी निजी और राजनीतिक यात्रा को भारत के लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' का जिक्र करते हुए इस किताब को मेलोनी की 'मन की बात' जैसा बताया। मोदी ने लिखा कि उनके लिए यह 'बहुत बड़ा सम्मान' है कि वे इस किताब की प्रस्तावना लिख रहे हैं और वे यह काम मेलोनी के प्रति 'सम्मान, प्रशंसा और दोस्ती' की भावना के साथ कर रहे हैं। अपने प्रस्तावना में मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में दुनिया के कई नेताओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मेलोनी का जीवन स्थिरता और जड़ों से जुड़े रहने के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसी की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए दुनिया के साथ समान स्तर पर बातचीत करना हमारे मूल्यों से मेल खाता है। मेलोनी की आत्मकथा पहली बार इटली में 2021 में त्रवसप पब्लिशिंग ने प्रकाशित की था। इसका इटालियन संस्करण '**Io Sono Giorgia**' के नाम से जारी किया गया था। यह किताब प्रकाशन के पहले साल में ही 150000 कापी बिक चुकी थीं।

## मिशिगन चर्च में गोलीबारी हमलावर सहित पांच की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन में रविवार को एक चर्च में प्रार्थना के लिए आए लोगों को निशाना बना कर हुई अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इन मरने वालों में हमलावर भी शामिल है।

संवाद समिति शिन्हुआ के अनुसार एक बंदूकधारी ग्रैंड ब्लैंक इलाके में बने चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स में कार से पहुंचा और उसने लोगों पर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। ग्रैंड ब्लैंक के पुलिस प्रमुख विलियम रेने ने बताया कि उसने चर्च में आग भी लगा दीथी, जिस पर बाद में काबू पा लिया गया। इस हमलावर की पहचान बर्टन निवासी थॉमस जैकब सैनफोर्ड (40) के रूप में की गई है। न्यूयॉर्क पोस्ट ने फेसबुक पर हमलावर की मां की एक पोस्ट का हवाला देते हुए लिखा है कि सैनफोर्ड ने 2004 से 2008 तक मरीन कॉर्प्स के रुप में इराक युद्ध में भाग लिया था। स्पूतनिक संवाद समिति ने सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि जांचकर्ताओं को घटना स्थल से कई विस्फोटक सामग्री मिली है। मिशिगन पुलिस ने कहा कि इस हमले के बाद उन्हें बम धमाके करने की धमकियां फोन पर मिलीं। ये कॉल संदिग्ध की मौत के बाद आए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया में इसे ईसाइयों के खिलाफ एक और लक्षित हमला बताया।

# वियतनाम में तूफान बुओलोई ने दी दस्तक

## कई इलाकों में तेज हवाएं और भारी बारिश

**हनोई।** तूफान बुआलोई ने सोमवार सुबह मध्य वियतनाम में दस्तक दे दी, जिससे अनेक क्षेत्रों में तेज हवाएं और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई है। वियतनाम के राष्ट्रीय जल-मौसम विज्ञान पूर्वानुमान केंद्र के उप निदेशक डा. होआंग फुक लाम ने तूफान बुआलोई के मद्देनजर आज दोपहर से 30 सितम्बर तक उत्तरी डेल्टा फु थो और दक्षिणी प्रांतों सोन ला, लाओ कै और थान होआ में बहुत भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है।

लाम ने कहा इसके असर से कुल वर्षा 100-200 मिमी और स्थानीय स्तर पर 300 मिमी से अधिक होगी। उन्होंने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी है। उत्तर वियतनाम के अन्य स्थानों में मध्यम, भारी और कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। कुल वर्षा 70 से 150 मिमी के बीच तथा स्थानीय स्तर पर 200 मिमी से अधिक हो सकती है। इसके अलावा निचले, पहाड़ी और मध्य-भूमि क्षेत्रों में अचानक बाढ़, भूस्खलन और व्यापक सैलाब आने का खतरा बहुत अधिक बना हुआ है। वियतनाम के अन्य हिस्सों में 27 और 28 सितम्बर को तूफान बुआलोई के दौरान तेज हवाओं ने कई इलाकों में तबाही मचाई थी और कई जगहों पर मूसलाधार बारिश भी हुई। वियतनाम के क्वांग त्रि, ह्यू और दा नांग इलाके तूफान बुआलोई के असर से ज्यादा प्रभावित रहे। वियतनाम के प्रधानमंत्री चीन्ह ने अपने सहयोगी नेताओं को प्रभावित क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखने, सुरक्षा की गारंटी मिलने तक लोगों को घर वापस लौटने से रोकने और शिविर केंद्रों पर पर्याप्त उचित आपूर्ति सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बांधों और जलाशयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और खोज एवं बचाव कार्य के लिए तैयार रहने के लिए सुरक्षा बलों की व्यवस्था करने को कहा है।



लाम ने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108